राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 रोहित शर्मा बनाएंगे विश्व कप 2023 में सबसे ज्यादा रन ...

चौथे नंबर के लिए परफेक्ट हैं विराट कोहली : एबी डिविलियर्स 11

वर्ष : 11 | अंक : 107 | पटना, रविवार, 27 अगस्त, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 27.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	59,340
चांदी	55,350
सेंसेक्स	63,327
निफ्टी	18,816

चंद्रयान-3 के बाद इसरो की नजरें अब आदित्य-एल1 का प्रक्षेपण करने पर

प्रात : किरण

बेंगलुरु/एजेंसी। चंद्रयान-3 अभियान के सफल रहने के बाद, सूर्य का अध्ययन करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन अब एक हफ्ते के अंदर आदित्य-एल1 सौर मिशन भेजने की तैयारियों में जुट गया है। आदित्य-एल1 मिशन को दो सितंबर को भेजे जाने की संभावना है। इस अंतरिक्ष यान को सौर कोरोना (सूर्य की सबसे बाहरी परतों) के दूरस्थ अवलोकन और एल1 (सूर्य-पृथ्वी लाग्रेंज बिंदु) पर सौर वायु के यथास्थिति अवलोकन के लिए तैयार किया गया है। एल1 पृथ्वी से करीब 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर है। यह सूर्य के अवलोकन के लिए पहला भारतीय अंतरिक्ष मिशन होगा। आदित्य-एल1 मिशन का लक्ष्य एल1 के चारों ओर की कक्षा से सूर्य का अध्ययन करना है। यह अंतरिक्ष यान सात पेलोड लेकर जाएगा, जो अलग-अलग वेव बैंड में फोटोस्फेयर (प्रकाशमंडल), क्रोमोस्फेयर (सूर्य की दिखाई देने वाली सतह से ठीक ऊपरी सतह) और सूर्य की सबसे बाहरी परत (कोरोना) का अवलोकन करने में मदद करेंगे। इसरो के एक अधिकारी ने कहा कि आदित्य-एल1 पूरी तरह से स्वदेशी प्रयास है, जिसमें राष्ट्रीय संस्थानों की भागीदारी है। बेंगलुरु स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स की विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ पेलोड के विकास में अहम भूमिका है, जबकि पुणे के इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स ने मिशन के लिए सोलर अल्ट्रावॉयलेट इमेजर पेलोडविकसित किया है। आदित्य-एल1, अल्ट्रावॉयलेट पेलोड का उपयोग करके सूर्य की सबसे बाहरी परत और एक्स-रे पेलोड का उपयोग कर सौर क्रोमोस्फेयर परतों का अवलोकन कर सकता है। पार्टिकल

डिटेक्टर और मैग्नेटोमीटर पेलोड आवेशित कणों के बारे में जानकारी प्रदान कर सकते हैं। उपग्रह को दो सप्ताह पहले आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित इसरो के अंतरिक्ष केंद्र पर लाया गया है। इसरो के एक अधिकारी ने कहा, प्रक्षेपण दो सितंबर को होने की अधिक संभावना। अतंरिक्ष यान को सूर्य-पृथ्वी लाग्रेंज बिंदु की एल1 हेलो कक्षा के पास स्थापित करने की योजना है। इसरो ने कहा कि एल1 बिंदु के आसपास हेलो कक्षा में स्थापित उपग्रह को सूर्य को बिना किसी ग्रहण के लगातार देखने का बड़ा फायदा मिल सकता है। इसने कहा है, इससे वास्तविक समय में सौर गतिविधियों और अंतरिक्ष मौसम पर इसके प्रभाव का पता लगाया जा सकेगा।

इसरो प्रमुख ने प्रधानमंत्री का जताया आभार : चंद्रयान 3 की सफलता के बाद शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इसरो के आईएसटीआरएसी के मिशन संचालन परिसर में पहुंचकर वैज्ञानिकों का उत्साहवर्धन करने के लिए इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने प्रधानमंत्री का आभार जताया है। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने मीडिया से बातचीत में प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस ऐतिहासिक घटना को लेकर भावुक थे। चंद्रयान-2 और 3 की लैंडिंग साइट के तिरंगा और शिव शक्ति स्थलों का नामकरण जानकर बहुत खुशी हुई। यह वैज्ञानिकों को प्रेरित करने वाला कदम है। एस सोमनाथ ने कहा कि इसरो और भारतीय विज्ञान समुदाय प्रधानमंत्री की सराहना, अटूट समर्थन और प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त करता है। उनके शब्दों ने हमारे राष्ट्र और मानवता के लिए अधिक से अधिक उपलब्धियों के लिए नए सिरे से दृढ़ संकल्प को बढ़ावा देने वाले वैज्ञानिकों को गहराई से प्रेरित किया।

चंद्रयान-3 मिशन: प्रज्ञान रोवर ने शिव शक्ति प्वाइंट पर की सैर

नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को बताया कि प्रज्ञान रोवर दक्षिणी ध्रुव पर चंद्र रहस्यों की खोज में शिव शक्ति प्वाइंट के आसपास घूम रहा है। आज ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विक्रम लैंडर के चांद की सतह पर लैंड होने वाले स्थान को शिव शक्ति प्वाइंट नाम दिया है। इससे पहले शुक्रवार को प्रज्ञान रोवर ने चांद की सतह पर आठ मीटर की सैर की थी। उल्लेखनीय है कि चंद्रयान-3 ने 23 अगस्त को चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग की थी। सतह पर जानकारी जुटाने के लिए प्रज्ञान रोवर के दो पे लोड और विक्रम लैंडर के तीन पे लोड सक्रिय हैं। रोवर 23 तारीख से अगले चौदह दिनों तक जानकारी जुटाएंगे।

संक्षिप्त खबरें

पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षा बलों ने तलाश अभियान शुरू किया

मेंढर/जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधियां देखे जाने के बाद सुरक्षा बलों ने शनिवार को जंगलों में तलाश अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेना और पुलिस ने सुबह करीब छह बजे बुफ्लैज सेक्टर के चमरेर और गंगना टॉप में तलाश अभियान शुरू किया। अधिकारियों के मुताबिक, सुरक्षा बलों ने चमरेर वन क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियां देखने पर कुछ राउंड गोलियां चलाईं, लेकिन दूसरी ओर से कोई जवाबी कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि गहन तलाश अभियान चलाने के लिए इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजे गए हैं।

जो 60 साल में नहीं हुआ, मोदी ने आठ साल में कर दिखाया : अनुराग

भोपाल। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भारत के ऐतिहासिक चंद्र मिशन चंद्रयान-3 और कई केंद्रीय योजनाओं का जिक्र करते हुए शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ साल में जो हासिल किया है, वह उनसे पहले 60 साल में नहीं हो सका। सूचना एवं प्रसारण तथा खेल और युवा मामलों के मंत्री ठाकुर ने कहा, हम चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अंतरिक्ष यान उतारने वाले दुनिया के पहले देश हैं। यह हमारे लिए गौरवशाली क्षण है। वह यहां प्रधानमंत्री मोदी के चुनिंदा भाषणों के संग्रह पर आधारित दो पुस्तकों सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के विमोचन के लिए आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। ठाकुर ने कहा, जो 60 वर्षों में नहीं हो सका, वह मोदीजी ने केवल आठ वर्षों में कर दिखाया। चार करोड़ गरीबों को पक्के मकान बनाकर दे दिए। 12 करोड़ बहनों को और परिवारों को शौचालय बनाकर दे दिए। हर गांव तक बिजली पहुंचा दी। उन्होंने कहा, मोदीजी ने 80 करोड़ गरीबों को कोविड महामारी के दौरान ढाई साल तक डबल राशन देने का कार्य किया और अब तो 12 करोड़ घरों को नल से जल देने का काम मात्र तीन साल में कर दिया।

पूर्णिया पुलिस को बड़ी कामयाबी, 3.58 करोड़ का सोना जब्त, एक गिरफ्तार

पूर्णिया। पूर्णिया पुलिस को एक बार फिर से महत्वपूर्ण सफलता हासिल हुई है। पुलिस ने 3.58 करोड़ का सोना जब्त किया है। इसके साथ ही एक तस्कर की गिरफ्तारी की गई है। तस्कर के पास से 5 किलो 800 ग्राम सोना मिला है। सोने पर यूएई का ब्रांड है। जानकारी के अनुसार, बायसी के दालकोला चेकपोस्ट पर चेकिंग के दौरान सोने के साथ तस्कर धराया है। आरोपी युवक कुरियर कंपनी में काम करता है। वह पेट में कपड़े की थैली बांध सोने की तस्करी कर रहा था। तस्कर महाराष्ट्र के सोलापुर का रहने वाला है। वह सोने की खेप को सिल्लीगुड़ी से पटना ले जा रहा था। पूर्णिया एसपी आमिर जावेद ने बताया कि रोजाना की तरह चेक पोस्ट पर पुलिस रूटीन जांच कर रही थी। इसी दौरान बस पर बैठा एक यात्री पुलिस को देखकर भागने लगा। संदिग्ध अवस्था में भागते हुए पुलिस ने उसे धर दबोचा। जब उसकी जांच की गई, तो उसके कमर से सोने के बिस्किट बरामद हुए, जिनका कुल वजन 5 किलो 840 ग्राम है। पकड़ा गया तस्कर सोमनाथ लहू सावंजी ने पुलिस बताया कि उसे इस बात की जानकारी नहीं है कि माल वह किससे लिया है और इसमें क्या था।

चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के लिए इसरो वैज्ञानिकों को पीएम ने दी शुभकामनाएं

2047 में विकसित भारत का सपना साकार होगा : मोदी

पीएम बोलें- देश का अंतरिक्ष उद्योग कुछ वर्षों में 16 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा

प्रात : किरण

बेंगलुरू/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारतीय अंतरिक्ष संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों से कहा कि देश का अंतरिक्ष उद्योग अगले कुछ वर्षों में आठ अरब डॉलर से बढ़कर 16 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। श्री मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों को अपने संबोधन में यह भी कहा कि भारत की नवप्रवर्तन की भावना 2047 में विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करेगी। श्री मोदी ने यूनान से लौटने के बाद यहां इसरो टेलीमेट्री ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क में सफल चंद्रयान -3 मिशन के लिए इसरो वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं देते हुए विशेषज्ञों के अनुमान का हवाला देते यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा, देश के लोगों को वैज्ञानिकों पर भरोसा है और जब लोगों का आशीर्वाद मिलेगा, तो देश के प्रति दिखाए गए समर्पण से भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक गुरु की तरह उभरकर सामने आयेगा। नवाचार की हमारी यही भावना देश के सपनों को साकार करेगी और 2047 में एक विकसित भारत का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि सरकार अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों के लिए लगातार काम कर रही है और भारत के युवा निरंतर प्रयासरत हैं। देश में पिछले चार वर्षों में अंतरिक्ष से संबंधित स्टार्टअप की संख्या 04 से बढ़कर लगभग 150 तक पहुंच गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र की क्षमताएं उपग्रहों को लॉन्च करने और अंतरिक्ष अन्वेषण तक सीमित नहीं हैं और इसकी ताकत जीवन की सुगमता और सरकार की सुगमता में देखी जा सकती है। उन्होंने नेविगेशन विथ इंडियन कॉन्स्टेलशन प्रणाली की भूमिका और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान इसके समर्थन के बारे में भी बात की। श्री मोदी ने कहा कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी हमारे पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का भी आधार है। इससे परियोजनाओं की योजना, कार्यान्वयन और निगरानी में बहुत मदद मिल रही है। अंतरिक्ष अनुप्रयोग का यह दायरा, जो समय के साथ बढ़ रहा है, हमारे युवाओं के लिए अधिक अवसर प्रदान कर रहा है। प्रधानमंत्री ने अनुरोध किया कि इसरो केंद्र और राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों के सहयोग से शासन में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रीय हैकथॉन आयोजित करें। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि यह राष्ट्रीय हैकथॉन हमारे शासन को और अधिक प्रभावी बनाएगा और हमारे देशवासियों को आधुनिक समाधान प्रदान करेगा। श्री मोदी ने देश की युवा पीढ़ी को एक टास्क भी दिया। मैं चाहता हूं कि नई पीढ़ी भारत के धर्मग्रंथों में मौजूद खगोलीय सूत्रों को वैज्ञानिक ढंग से सिद्ध करने और उनका नए सिरे से अध्ययन करने के लिए आगे आए। जो हमारी विरासत के लिए भी महत्वपूर्ण है और विज्ञान के लिए भी। उन्होंने कहा कि आज एक तरह से यहां के स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय, छात्रों के लिए यह दोहरी जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री ने कहा, ह्लभारत के पास गुलामी के लंबे कालखंड में वैज्ञानिक ज्ञान का जो खजाना था, वह जमीन में दबा हुआ है। आजादी के अमृत काल में हमें इस खजाने को भी खोजना है, इस पर शोध भी करना है और दुनिया को इसके बारे में बताना भी है। श्री मोदी ने देश भर के छात्रों से 01 सितंबर से चंद्रयान मिशन पर एक विशाल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेने का भी आग्रह किया।

जय जवान, जय किसान नारे में जय विज्ञान, जय अनुसंधान जोड़ा : इससे पहले प्रधानमंत्री ने यहां एचएएल हवाई अड्डे के बाहर जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान के नारे लगाते हुए जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जो तस्वीर उन्होंने बेंगलुरु में देखी, वही तस्वीर यूनान और जोहान्सबर्ग में भी देखी। यह वास्तव में आश्चर्य की बात है कि आप सभी यहां हैं और यहां तक कि बच्चे भी सुबह-सुबह यहां हैं।

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जायेगा 23 अगस्त का दिन

बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि चंद्रयान-3 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने के गौरवशाली दिन 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जायेगा। मोदी ने आज यहां भारतीय अंतरिक्ष संगठन (इसरो) टीम के वैज्ञानिकों से मुलाकात के दौरान यह घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि चंद्रयान-2 के लैंडिंग प्वाइंट का नाम तिरंगा और चंद्रयान-3 के लैंडिंग प्वाइंट का नाम शिवशक्ति होगा।

चंद्रयान-3 के 23 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग की गौरवशाली उपलब्धि के आलोक में एक आल्हादित क्षण उस समय नजर आया जब इसरो टीम के वैज्ञानिकों से मुलाकात करने पहुंचे मोदी की आंखे हर्षातिरेक में छलछला सी गयी और वह अपने आंसुओं को नहीं रोक सके। उन्होंने यहां चंद्रयान-3 टीम और इसरो के अन्य वैज्ञानिकों से मुलाकात और बातचीत की। इसरा अध्यक्ष एस सोमनाथ ने उन्हें विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर के अपडेट के बारे में जानकारी दी। चंद्रयान-3 टीम ने विक्रम की सॉफ्ट-लैंडिंग और उसके पेट से प्रज्ञान (रोवर) को बाहर निकालने का प्रदर्शन किया था। इस मौके पर रुंधी आवाज में मोदी ने कहा, मैं दक्षिण अफ्रीका में था लेकिन मेरा मन वैज्ञानिकों के साथ था। मैं सबसे पहले

वैज्ञानिकों से मिलना चाहता था। यह नया भारत है जो दुनिया भर में रोशनी फैलाता है। यह आज का पूर्ण विकसित भारत है। यह वह भारत है जो नया सोचता है। यह वह भारत है जो दुनिया भर में प्रकाश फैलाता है। भारत दुनिया के लिए समाधानों का नेतृत्व करेगा। मैं टचडाउन से पहले हर पल को याद करता रहता हूं। टचडाउन का वह क्षण अविस्मरणीय ही नहीं बल्कि भारत के लिए शाश्वत है। उन्होंने आगे कहा कि चंद्रयान की सफलता न सिर्फ भारत की सफलता है, बल्कि ये एक बार फिर मानवता की भी सफलता है। उन्होंने कहा, मैं सभी वैज्ञानिकों, तकनीशियनों और आप सभी को बधाई देना चाहता हूं जो इस मिशन का हिस्सा हैं।

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की घोषणा खुशी की बात : शाह

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी ने चन्द्रयान-3 की सफलता के दिन 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में घोषित किया है। यह हम सब के लिए खुशी की बात है। शाह ने शनिवार को कहा कि 23 अगस्त भारत के लिए एक ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि यह उसके चंद्र मिशन चंद्रयान 3 की उपलब्धि का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज इसे राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में घोषित किया, ताकि इस मिशन के पीछे भारत के वैज्ञानिकों की सफलता की कहानी हर आने वाली पीढ़ी तक पहुंचे। यह निर्णय भारतीय वैज्ञानिकों को तिरंगे के गौरव को ऊंचा रखते हुए अंतरिक्ष खोज के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल करने के लिए प्रेरित करता रहेगा। शाह ने कहा कि एक सच्चा नेता हर परिस्थिति में अपने लोगों के साथ खड़ा रहता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के सफल चंद्र मिशन, चंद्रयान-3 से जुड़े इसरो वैज्ञानिकों से मिलने के लिए आज सुबह ग्रीस से सीधे बेंगलुरु पहुंचे। बेंगलुरु में वैज्ञानिकों को उनका प्रेरणादायक संबोधन भारत की आसमान छूने वाली शानदार उपलब्धि का गुणगान था। अमित शाह ने कहा कि भारत के चंद्र मिशन की ऐतिहासिक सफलता से हमारे वैज्ञानिकों ने एक अमिट छाप छोड़ी है। इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान-3 के लैंडिंग स्थल का नाम शिवशक्ति और जहां चंद्रयान-2 गिरा था, उस स्थान का नाम तिरंगा यह याद दिलाने के लिए रखा है कि कोई भी विफलता स्थायी नहीं होती है।

सीतारमण ने ब्रिटेन की व्यापार मंत्री से की मुलाकात

निवेश और एफटीए पर हुई चर्चा

नई दिल्ली/एजेंसी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को ब्रिटेन की व्यापार मंत्री केमी बडेनोच से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय निवेश और मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा हुई। वित्त मंत्रालय ने ट्वीट किया वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और व्यापार मंत्री केमी बडेनोच ने संक्षेप में विचारों का आदान-प्रदान किया और भारत-ब्रिटेन एफटीए और भारत-ब्रिटेन बीआईटी पर जारी बातचीत को जल्द नतीजे तक ले जाने के लिए प्रतिबद्धता जताई। बैठक के दौरान दोनों मंत्रियों ने आपसी हितों के द्विपक्षीय निवेश और व्यापार मुद्दों पर चर्चा की। इससे पहले दिन में सीतारमण ने यूरोपीय आयोग के कार्यकारी उपाध्यक्ष वी डोम्ब्रोव्स्की से भी मुलाकात की और एफटीए तथा आपसी हितों के अन्य मुद्दों पर चर्चा की।

मदुरै में रेलवे कोच में आग लगने से 10 लोगों की मौत

प्रात : किरण

मदुरै/एजेंसी। तमिलनाडु के मदुरै में रेलवे के एक कोच में आग लगने के कारण कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। मदुरै के यार्ड में खड़ा रेलवे का यह स्लीपर कोच एक प्राइवेट पार्टी द्वारा आईआरसीटीसी के माध्यम से ऑनलाइन बुक किया गया था और अवैध रूप से ले जाए जा रहे रसोई गैस सिलेंडर की वजह से यह हादसा हुआ है। दक्षिण रेलवे के प्रवक्ता ने यहां बताया कि घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। दक्षिण रेलवे के महाप्रबंधक, मदुरै के मंडल रेल प्रबंधक एवं वरिष्ठ अधिकारी पहुंच गए थे। घटना के बारे में प्रवक्ता ने

बताया कि शनिवार को सुबह 5.15 बजे को एक निजी पार्टी द्वारा बुक किए गए कोच में आग लगने की सूचना मिली। यह कोच मदुरै यार्ड में खड़ा/पार्क किया गया था। तुरंत दमकल गाड़ियों को बुलाया गया जो 5.45 बजे पहुंची और 07:00 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। किसी अन्य कोच को कोई नुकसान नहीं हुआ। इस हादसे में 10 लोगों के मरने की खबर है। जबकि 7 अन्य घायल हुए हैं जिन्हें अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया है। प्रवक्ता ने कहा कि इस कोच में लखनऊ से 65 यात्रियों की निजी पार्टी थी जो ट्रेन संख्या 16730 (मदुरै - पुनालुर एक्सप्रेस) से आज सुबह 3.47 बजे मदुरै पहुंचा था। पार्टी कोच को अलग कर दिया गया और मदुरै स्टेबलिंग लाइन पर खड़ा कर दिया गया। जब कोच पार्क किया गया तो निजी पार्टी कोच में पार्टी के कुछ सदस्य चाय/नाश्ता तैयार करने के लिए अनधिकृत रूप से अवैध रूप से तस्करी किए गए रसोई गैस सिलेंडर का उपयोग कर रहे थे, जिसके कारण कोच में आग लग गई। आग लगने की सूचना पर अधिकांश यात्री कोच से बाहर निकल गए। कोच अलग होने से पहले ही कुछ यात्री प्लेटफार्म पर उतर चुके थे। प्रवक्ता ने कहा कि इस यात्री दल ने अपनी यात्रा 17 अगस्त को लखनऊ से शुरू की थी और कल 16824 एक्सप्रेस द्वारा चेन्नई लौटने वाला था। इसके बाद इसे वहीं से लखनऊ लौटना था। प्रवक्ता ने कहा कि रेलवे द्वारा मानवीय आधार पर हरेक मृतक के परिवार को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि का भुगतान किया जा रहा है।

सियासत

बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स में आयोजित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में राजद सुप्रीमो ने केन्द्र सरकार पर बोला हमला

जातीय जनगणना हमलोग कराए हैं, इसे नफरत की दृष्टि से देख रही मोदी सरकार : लालू

प्रात : किरण

पटना। जाति आधारित सर्वेक्षण को लेकर सियासत जारी है। जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने कोर्ट में जाकर जातीय जनगणना का विरोध किया। बिना जाति और आर्थिक स्थिति को जाने हुए क्या योजना बनाएंगे आप जनता के लिए? बजट का कुछ हिस्सा दे दिया। आप खैरात बांट रहे हैं क्या? यह हमारा अधिकार है। उक्त बातें लालू प्रसाद ने बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स में आयोजित पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम के दौरान कही। इस अवसर पर श्री यादव ने अरसे बाद मंडल कमीशन से लेकर जातीय संघर्ष, शोषण, जुल्म और उपद्रव के बारे में बात की। उन्होंने प्रधानमंत्री

नरेंद्र मोदी के बारे में भी कहा कि वह जाति-जाति करते हैं, लेकिन बिना जाति जाने योजना का लाभ तो खैरात देना है। इस बहाने उन्होंने जातीय जनगणना की भी बात की और वर्ग संघर्ष की चर्चा भी। कास्ट प्राइड पुस्तक के विमोचन पर बात की शुरूआत ही उन्होंने जातीय संघर्ष से की। उन्होंने कहा कि बैकवर्ड, एससी, एसटी के खिलाफ सदियों से जुल्म होता रहा है। इन जातियों के खिलाफ दुर्व्यवहार, जुल्म और उपद्रव आज भी है, बस नियंत्रित है। राजद सुप्रीमो ने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जातीय जनगणना हमलोग कराए हैं अभी। इसे नफरत की दृष्टि से मौजूदा केंद्र सरकार देख रही है। कठिन संघर्ष कर हमलोगों ने मंडल कमीशन लागू किया

लालू प्रसाद ने कहा कि कठिन संघर्ष कर हमलोगों ने मंडल कमीशन लागू किया। वीपी मंडल जी की अगुवाई में हमारी सरकार थी। सभी जातियों का अध्ययन करके मंडल जी ने अनुसंशा दिया। सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता यह हमलोगों की बुनियाद में है। हमलोग संघर्ष कर रहे हैं और लगातार करते रहना पड़ेगा। नहीं तो सामंतवाद वाले चील के तरह झपट्टा मार लेंगे। वह फिर से शोषण दोहन करेंगे लगेंगे। वह अपने आदत से बाज नहीं आते हैं। इसलिए हमलोगों को एक होकर लगातार संघर्ष करना होगा।

भाजपा को विकास से कोई मतलब नहीं : तेजस्वी

पटना। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भाजपा पर जमकर हमला बोला है। उपमुख्यमंत्री ने शनिवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि भाजपा को विकास से कोई मतलब नहीं। बीजेपी के राज्य सरकार पर रोजगार नहीं देने के आरोप पर पलटवार करते हुए तेजस्वी ने कहा कि बीजेपी के लोग शायद यह भूल गए हैं कि केन्द्र में एनडीए की सरकार है। दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया था, उसका कहीं अता-पता नहीं है। बिहार में तो पांच लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने का रास्ता तीन-चार विभाग से ही साफ हो गया है। राज्य में एक लाख 75 हजार से अधिक बहाली निकाली गई। 10 लाख नौकरी की जो बात हमलोगों ने कही थी उसपर आज भी कायम हैं। वहीं, राजद को सरकार की तरफ से ऑफिस के लिए मिली जमीन पर तेजस्वी ने कहा

कि बिहार के सभी राजनीतिक दलों के ऑफिस के लिए अधिक जगह पहले से मिला हुआ है और सबसे कम जगह राष्ट्रीय जनता दल के पास था और अभी जो जमीन मिली है इसको भी मिला दिया जाए तो अन्य राजनीतिक दलों से कम ही है। आरजेडी जब विपक्ष में थी तभी सरकार से इसकी मांग की गई थी। यहां तो पहले जंगल था, आरजेडी दफ्तर के बदल का प्लॉट है, इसका सही इस्तेमाल होना चाहिए।

सीबीआई के दलील पर बोलें उपमुख्यमंत्री - बीमार व्यक्ति कुछ कर ही नहीं सकता: सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में चारा घोटाला मामले में लालू प्रसाद के बेल को रद्द करने के लिए याचिका दाखिल की है। सीबीआई ने कोर्ट में दलील दी है कि लालू पूरी तरह से ठीक हैं और बैडमिंटन खेलते हैं, ऐसे में उन्हें जेल भेज दिया जाना चाहिए। कोर्ट में सीबीआई की इस दलील के बाद लालू की जमानत को लेकर बयानबाजी तेज हो गई है। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने विपक्ष के आरोप पर पलटवार करते हुए कहा है कि लालू सही तरीके से थोड़े ही न बैडमिंटन खेले थे, वो तो एक-आध शॉट लगाकर देखे थे। तेजस्वी यादव ने कहा है कि ये कोर्ट का मामला है और कोर्ट के मामले का जवाब कोर्ट में ही दिया जाता है। कोई जब इलाज कराकर आता है तो उसे बहुत सी चीजों का परहेज करना होता है। वे बैडमिंटन जो खेले हैं वह प्रोपर तरीके से थोड़े ही न खेले थे, वो तो एक आध शॉट मारकर के देखे थे। ऐसा थोड़े ही न होता है कि जो भी लोग बीमार हैं उन्हें अस्पताल में डाल दीजिएगा और बीमार व्यक्ति कुछ कर ही नहीं सकता। खाना, उठना-बैठना, लोगों से मिलना जुलना, मीटिंग करना कोई गलत बात है क्या?

संक्षिप्त खबरें

बंद घर में चोरी की वारदात

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ताराचक निवासी शिवचंद्र शर्मा के घर के छत के सहारे घुसे चोरो ने बंद घर से 35 हजार नगद समेत बर्तन व गैस सिलेंडर ले भागे। दानापुर थाना क्षेत्र के ताराचक शिवमंदिर गृह स्वामी शिवचंद्र शर्मा ने लिखित शिकायत दर्ज करायी है। सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन मे जुटी। बताया जाता है कि ताराचक निवासी शिवचंद्र शर्मा आसनसोल में बैक में काम करते है। यहां उनके पिता रहते है। 15 जुलाई को उनके पिता भी आसनसोल चले गये थे। यहां ताला बंद था। शुक्रवार की रात फोन से उन्हे घर में चोरी होने का सूचना मिली। जिसके बाद वे आसनसोल से घर पहुंचे तो पाया कि भेंडीलेटर टूटा था दरवाजा का ताला भी टूटा था। अंदर सारा सामान बिखड़ा था। घर में रखा 35 हजार नगद एवं बर्तन व गैस सिलेंडर गायब थे। शिवचंद्र शर्मा ने बताया कि चोर छत के सहारे घुस कर घटना का अंजाम दिये है।

बिहार एसटेट फॉर्म का फिर से मौका दिया जाए: रंजीत यादव

फतुहा। शनिवार को लोजपा (रामविलास) के जिलाध्यक्ष रंजीत यादव ने बताया कि बिहार सरकार द्वारा पिछले दिनों एसटेट का फॉर्म अप्लाई कराया गया था जिसकी अवधि समाप्त हो गई और फॉर्म अप्लाई करने से लाखों अभ्यर्थी वंचित रह गए। इस बीच अभ्यर्थियों को बीपीएससी शिक्षक परीक्षा की तैयारी और परीक्षा देने अपने घर से दूर जाना पड़ा जिसके कारण भी ये बिहार एस्टेट का फॉर्म अप्लाई करने से वंचित रह गए। मैं बिहार सरकार से मांग करता हूं कि एसटेट फॉर्म अप्लाई करने की तिथि फिर से घोषित किया जाए जिससे फॉर्म अप्लाई करने से वंचित अभ्यर्थियों को फॉर्म अप्लाई करने का मौका मिले।

विधुत धारा प्रवाहित तार के चपेट में आने से तीन लोग जख्मी

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत आरपीएस मोड़ के निकट विधुत धारा प्रवाहित तार के चपेट में तीन लोग आ गये। जिसमें एक युवती की हालत गंभीर बतायी जाती है। जिसे अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि राजस्थान के रहने वाले अंबा लाल का परिवार दानापुर के आरपीएस मोड़ के पास रहता है। वो कबाड़ी चुन कर उसे बेचने को काम करता है। उसी कबाड़ को वो इक्ट्ठा किया गया। जिसमें बिजली के अर्थिंग से करंट आ गया जिसके चपेट में अम्बा की बेटी युवती आ गई जिसकी हालत गंभीर बतायी जाती है।

अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ दे किया मंगल कामना

पटना सिटी (प्राकि)। विधायक नंदकिशोर यादव के जन्मदिन पर पटना सिटी व्यापार मंडल और मां अन्नपूर्णा की थाली सेवा शिविर की ओर से भी अभिनंदन किया गया। पटना सिटी व्यापार मंडल की ओर से अध्यक्ष प्रदीप सिंह यादव, महासचिव अवधेश कुमार सिन्हा, भगवती प्रसाद मोदी और दिलीप कुमार ने उन्हें अंग वस्त्र और पुष्प कुछ देकर उनके लिए मंगलकामना की। मां अन्नपूर्णा की थाली सेवा शिविर की ओर से पटना साहिब विधानसभा के विधायक नंदकिशोर यादव के जन्मदिन पर झाऊगंज पोस्ट ऑफिस के पास गरीब, भूखे व जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया गया। कार्यक्रम में प्रदीप काश, राजेश जायसवाल, संजय अवस्थी, जेपी जायसवाल, नैयर इकबाल भी शामिल हुए।

सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया

पटना। एसोसिएशन ऑफ ओरल एण्ड मैग्जिलोफेशियल सर्जनस ऑफ इंडिया का सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान पूरे देश में चलाया गया। जिसमें इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान पटना कि मैग्जिलोफेशियल सर्जरी इकाई ने ट्रैफिक पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा एवं ट्रैफिक डीएसपी अनिल कुमार के नेतृत्व में सभी ट्रैफिक पुलिस पदाधिकारियों के लिए सड़क दुर्घटना में मरीजों को आपातकालीन स्थिति में कैसे बचाया जाए एवं उसमें मैग्जिलोफेशियल सर्जन के दायित्वों की कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें दो पालियों में 100 से अधिक ट्रैफिक पुलिस पदाधिकारियों को ट्रेनिंग दी गयी। इसमें बिहार में 2022 के सड़क दुर्घटना कें आंकडे बताए गए। जिसमें कुल 10,801 दुर्घटनाग्रस्त गाडियों में, 8898 लोगों की मृत्यु हुई और 7068 गंभीर रूप से जख्मी हुए। पूरन कुमार झा ने मैग्जिलोफेशियल सर्जनस और उनके संगठन के इस जागरूकता अभियान की अत्यंत सराहना की और बताया की कैसे उनके नेतृत्व में सड़क दुर्घटनाएं कम हुई हैं। उन्होंने ट्रैफिक पुलिस और नगर-निगम के सहयोग से बने स्मार्ट सिटी इंटीग्रेटेड भवन को भी दिखाया। जिसमें प्रवीण और प्रिया ने ट्रैफिक से जुड़े कई नए उपकरणो की जानकारी दी। इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान पटना कि मैग्जिलोफेशियल सर्जरी इकाई ने नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी पटना में युवा छात्रों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया।

छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ कराना प्रशासन की प्राथमिकता : डीएम

कंप्यूटर, ओपेन जाम, विषयवार शिक्षक, चहारदीवारी ऊंचा करने आदि निदेश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह ने शनिवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, जल्ला का निरीक्षण कर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति की बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

इसके लिए सभी स्टेकहोल्डर सजग, तटस्थ और प्रतिबद्ध रहें। इसके पूर्व डीएम ने विद्यालय का निरीक्षण किया और मौजूद अभिभावकों से भी फीडबैक लिया। वह क्लासरूम में जाकर छात्राओं से भी रू-ब-रू हुए। डीएम ने छात्राओं से कुछ सवाल पूछे और विषयों पर भी छात्राओं ने सही जवाब दिया। बैठक में भवन एवं क्लास रूम की मरम्मती, प्रसाधनों का निर्माण और पेयजल की उपलब्धता की जरूरत पूरा करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने मौजूद जिला शिक्षा पदाधिकारी को अतिरिक्त क्लासरूम, पुस्तकालय के लिए कमरे का निर्माण, भवन की मरम्मती करने, पाठ्य पुस्तकों की खरीद, कंप्यूटर सेट, सीपीयू एवं यूपीएस की खरीदारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने जरूरत के अनुसार कंप्यूटर ऑपरेटर, कंप्यूटर शिक्षक की प्रतिनियुक्ति हेतु भी जिला शिक्षा पदाधिकारी को प्रस्ताव उपस्थापित करने का निर्देश दिया। विद्यालय के पिछले भाग में बने चहारदीवारी को कम से कम चार फीट और ऊंचा करने, विद्युत कार्यपालक अभियंता को ट्रांसफार्मर से विद्यालय तक बिजली की निर्बाध आपूर्ति हेतु नई संचरण लाइन के लिए जरूरी व्यवस्था करने का निर्देश दिया। छात्राओं की संख्या के अनुरूप विभिन्न विषयों के शिक्षकों के पद सृजन के लिए भी प्रस्ताव स्थापित करने, छात्राओं की मांग पर ओपन जिम की स्थापना के लिए कार्रवाई करने को कहा गया। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को विद्यालय में सेनेटरी नैपकिन डिस्पोजल मशीन लगाने के लिए कार्रवाई करने, छात्र कोष एवं विकास कोष की राशि का विभागीय निदेश के अनुसार उपयोग करने को भी कहा गया। डीएम ने सिटी एसडीओ गुंजन सिंह को सभी निदेर्शो के अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया। इस विद्यालय की स्थापना वर्ष 2007 में हुई थी। फिलहाल यहां वर्ग 9 से 12 तक की पढ़ाई होती है और छात्राओं की संख्या 806 है। विद्यालय में 10 कमरे हैं, जिसमें 6 क्लास रूम, एक स्मार्ट क्लास, एक कंप्यूटर और एक प्रयोगशाला के लिए कमरा है। तीन प्रसाधन है। पीने के पानी और शौचालय की सुविधा है। यहां 16 शिक्षक कार्यरत हैं, जिनमें चार पुरुष और 12 महिला हैं।

मारवाड़ी समाज आय के साथ जनसेवा में करता भागीदारी

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी। मारवाड़ी समाज आज देने में विश्वास रखता है। वह अपनी आय का एक हिस्सा धर्म के काम में लगाता है। यह समाज जहां भी रहता है, वहां धर्मशाला, अस्पताल, विद्यालय, कुआं, गोशाला का निर्माण कराता है। मारवाड़ी सम्मेलन की स्थापना 1935 में हुई थी। आज हमारा एक ही लक्ष्य है म्हारो लक्ष्य राष्ट्र रारि प्रगति इसी उद्देश्य के साथ मारवाड़ी समाज काम कर रहा है। उक्त बात अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया ने तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में मत्था टेकने के बाद पत्रकारों से कही। बिहार की राजधानी में हो रहे अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में शामिल होने राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी और राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेश जालान ने गुरु दरबार में हाजिरी लगाई। तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। गुरु दरबार में सभी मत्था टेकने के बाद इन सबों को सिरोपा प्रदान किया गया। इस अवसर पर सिटी शाखा के अध्यक्ष शिवप्रसाद मोदी, महामंत्री संजीव देवड़ा, कन्हैयालाल डोकानिया, राजेश अकाली, सुभाष पोद्दार, अशोक बंका आदि उपस्थित थे।

नंदकिशोर यादव के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजित

70 के हुए नेताजी, इतने लोगों ने किया रक्त का दान

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के विधायक नंदकिशोर यादव के जन्मदिन पर शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। हाजीगंज के अरोड़ा हाउस में आयोजित शिविर में 70 से अधिक लोगों ने रक्तदान कर जन्मदिन को यादगार दिवस बनाया। किसी के जन्म दिन पर इतनी संख्या में रक्तदान करने जैसे परोपकारी कार्य कम ही देखने-सुनने को मिलता है।

एक उत्साही कार्यकर्ता ने श्री यादव को चांदी का मुकुट भी पहनाया। श्री यादव के विधानसभा क्षेत्र में उत्सवी माहौल दिखा। लोगों ने मंदिरों और गुरुद्वारों में जाकर पूजा-अर्चना की और अपने विधायक के अच्छे स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना की। किसी ने दरिद्र नारायण भोज का आयोजन किया। सुबह से ही श्री यादव के पटना स्थित स्ट्रैंड रोड स्थित सरकारी आवास और खाजेकलां स्थित निजी आवास पर शुभकामना देने वालों की भीड़ रही। श्री यादव ने श्री जल्ला महावीर मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की। इस मौके पर विभिन्न स्थानों में लोगों ने छोटी-बड़ी बैठक कर श्री यादव के नेतृत्व में पटना साहिब में हुए विकास कार्यों की चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि श्री नंदकिशोर यादव के विधायक रहते पटना साहिब क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हुआ। उन्होंने स्वास्थ्य और पथ निर्माण मंत्री के रूप में प्रदेश की जो सेवा की है, वह अद्भुत और अतुलनीय है। इस अवसर पर महापौर सीता साहू, डॉ टीपी गोलवारा, किरण शंकर, संतोष मेहता, रूप नारायण मेहता, प्रो दिनेश पटेल, अवधेश सिन्हा, भगवती मोदी, राजेश साह, शंकर मेहता, राजू जायसवाल, अधिवक्ता नवीन कुमार सिन्हा, संजय कुमार सिन्हा, संजीव पटवा, मिथिलेश जायसवाल के अलावा निगम पार्षदों में मुन्ना जायसवाल, विनोद कुमार, किरण मेहता, अंजली राय, विनय कुमार बाला ने कहा कि श्री यादव का हर घर व व्यक्ति से पारिवारिक रिश्ता है। वे बुजुर्गों के बेटा, हमउम्र के लोगों के भाई और युवाओं के चाचा हैं। क्षेत्र के लिए वे सरलता और सहजता से हमेशा उपलब्ध रहते हैं। पटना साहिब के लोगों को श्री यादव जैसे अपने विधायक पर गर्व है। इस दौरान 70 से अधिक लोगों ने मां ब्लड बैंक ने रक्त संग्रह किया। शिक्षाविद् शंकर चौधरी, नागेंद्र पांडेय एवं कौशलेंद्र कुमार ने भी विधायक नंदकिशोर यादव के जन्मदिन पर उनके बेहतर स्वास्थ्य और आयु के साथ ही राजनीति के शिखर पर और आगे बढ़ने के लिए मंगल कामना की गई।

पूर्वी, गार्गी, मैत्रीश्री, आसरा व मुस्कान बनीं मिस आरपीएम

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। आरपीएम महाविद्यालय में फ्रेशर्स डे का आयोजन शनिवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) आशा रानी ने करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम की भी आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में लड़कियों ने रैंप वॉक किया। इसमें बीए, बी.एससी, आईए, आई.एससी की छात्राओं ने भाग लिया। पूर्वी स्वाती मिस आरपीएम, गार्गी मित्तल फर्स्ट रनर अप, मैत्रीश्री सेकंड रनर अप, आसरा सिंह मिस इंटेलिजेंट, मुस्कान कुमारी मिस परफेक्ट केरूप में चुनी गईं। जज की भूमिका में डॉ नीलम कुमारी, डॉ किरण कुमारी एवं डॉ सुषमा थीं। कार्यक्रम का आयोजन सांस्कृतिक विभाग की डॉ अंजु जैन एवं डॉ रजिया नसरीन के द्वारा किया गया। डॉ ईना बहन, डॉ सीमा कुमारी एवं डॉ अमोल कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

आधुनिक ज्ञान-विज्ञान की स्तोत्र संस्कृत भाषा प्राचीनतम व समृद्ध : डॉ जयश्री

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

गुलजारबाग स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में संस्कृत दिवस शनिवार को मनाया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर जयश्री ने की। उन्होंने कहा कि आधुनिक ज्ञान-विज्ञान की स्तोत्र संस्कृत भाषा संसार की प्राचीनतम एवं समृद्ध भाषा है। इसके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए हमें प्रयत्नशील होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ रंजू कुमारी ने कहा कि भारतीय संस्कृति संस्कृतमूला है। हमारे सोलहों संस्कृत इसी भाषा के माध्यम से होते हैं। भारतीय संस्कृति को सुरक्षित रखने के लिए संस्कृत का ज्ञान अनिवार्य है। इतना ही नहीं, यह हमारी राष्ट्रभाषा हिन्दी की उन्नति का आधार भी है। धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर कुमारी निमिषा ने किया। कार्यक्रम में संस्कृत श्लोक वाचन प्रतियोगिता, संस्कृत गायन प्रतियोगिता और संस्कृत से संबंधित विषयों पर पोस्टर प्रदर्शनी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। संस्कृत श्लोक वाचन में प्रथम रानी कुमारी, द्वितीय मोनी कुमारी व खुशबू कुमारी और तृतीय नेहा कुमारी रहीं। संस्कृत गायन प्रतियोगिता में प्रथम खुशी कुमारी, द्वितीय राधा, शिवानी कुमारी और तृतीय स्थान पर क्रमशः निशु, स्तुति, अनीशा, हेमा कुमारी और गीतांजलि रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनीशा, द्वितीय सुशीला व प्रेमा और तृतीय स्थान पर वैष्णवी, मनीषा और मोनी रहीं।

मेहंदीगंज थानाध्यक्ष धर्मेंद्र को एसएसपी ने किया पुरस्कृत

पटना सिटी (प्राकि)। वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने मेहंदीगंज थाना के थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार को नकद राशि से पुरस्कृत किया है। साथ ही उनके उत्कृष्ट कार्य शैली की प्रशंसा की है और उनके मनोबल बनाए रखने के लिए उचित पुरस्कार से पुरस्कृत करने की अनुशंसा भी की गई है। एसएसपी के द्वारा जारी जिलादेश संख्या 3953 में कहा गया है कि 11 अगस्त को सूचना मिलने पर आलमगंज थाना अंतर्गत हथियार से लैस अज्ञात अपराधी आयरन कसेरा के पास मोटरसाइकिल से जमा हुए थे और बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। तभी सिटी एएसपी शरथ आरएस के नेतृत्व में मेहंदीगंज थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार अन्य पदाधिकारी के साथ टीम का गठित कर कार्रवाई करते हुए अपराधियों की घेराबंदी कर तीन को अवैध हथियार, गोली, मोटरसाइकिल एवं अन्य सामान के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में आलमगंज थाना में कांड 725/23 दर्ज किया गया। गिरफ्तार अपराधी सोनू शर्मा उर्फ ढिल्लू 24 कांडों में आरोपित है।

चिराग ने दिवंगत निलेश मुखिया के परिजनों से मिले

बोलें- अपराधियों को सरकार का संरक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने शनिवार को कुर्जी में पूर्व मुखिया निलेश राय की हत्या उपरांत उनके आवास पहुंचकर उनके पीड़ित परिवार से मुलाकात कर संतावना दिए। आगे श्री चिराग ने कहा कि 26 दिनों के बाद अपराधियों पर कार्रवाई न हुआ। अपराधियों को सरकार का संरक्षण प्राप्त है। श्री चिराग ने कहा कि बिहार का कौन सा ऐसा गांव है जहां हत्याएं नहीं हो रही है। आगे चिराग ने कहा कि सरकार के लोग कहते हैं कि बिहार में कहां कोई आपराधिक घटना घट रही हैं। आगे श्री चिराग ने कहा कि इस घटना की जानकारी केन्द्रीय गृह मंत्री के संज्ञान में देंगे तथा केन्द्र सरकार से आग्रह करेंगे की इस घटना पर केन्द्र सरकार हस्तक्षेप करें। उक्त आशय की जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने दी।

केंद्र व राज्य सरकार अधिवक्ताओं की समस्या पर गंभीर नहीं : यदुवंश गिरी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार युवा अधिवक्ता कल्याण समिति का अधिवेशन पटना सिटी व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता संघ भवन में शनिवार को हुई। इसका उद्घाटन पटना उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता यदुवंश गिरी ने किया।

इसमें छह बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। युवा अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए वरीय अधिवक्ता यदुवंश गिरी ने कहा कि अधिवक्ताओं का कोई सुनने वाला नहीं है, न ही केंद्र की सरकार और न ही बिहार सरकार। वे दो बार बार काउंसिल के सदस्य रह चुके हैं, मगर वह अधिवक्ताओं की समस्याओं का निदान करने में सफल नहीं हो पाए। उन्होंने कहा कि वेलफेयर का टिकट शपथपत्र से लेकर अन्य में चिपकता है। उसमें भी 20 प्रतिशत की राशि सरकार नहीं दे पा रही है। यह कायदे से बार एसोसिएशन या वकील के खाते में जाना चाहिए। उन्होंने डेथ क्लेम पर भी सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि जब वेलफेयर टिकट की कीमत पांच रुपया था, तब डेथ क्लेम दो लाख, जब 15 रुपया हुआ, तो 5 लाख और अब जबकि वेलफेयर टिकट का दाम बढ़ा कर 25 रुपया हो गया, तो भी महज पांच लाख रुपया ही है। इसे और बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने मेडिकल एक्ट भी वकीलों पर लागू करने की बात कही। साथ ही कहा कि अधिवक्ताओं को आयुष्मान भारत से जोड़ा जाए, ताकि उन्हें स्वास्थ्य से संबंधित इलाज कराने में सुविधा हो। बैठक में बिहार के विभिन्न जिलों से आए अधिवक्ताओं ने भी भाग लिया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार दुबे, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरविंद प्रसाद मालाकार, कृष्ण कुमार गुप्ता, रंजीत कुमार बिमल, विजय कुमार, पटना सिटी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, महासचिव अशोक कुमार यादव, पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा, अजय साह, सैयद फैजुल होला, रघुवीर प्रसाद, संजय कुमार एवं अन्य अधिवक्ता शामिल हुए।

बड़ी पटनदेवी में दर्शन-पूजा के लिए लंबी कतार

पटना सिटी (प्राकि)। शक्तिपीठ स्थल श्री बड़ी पटनदेवी मंदिर में श्रवण के अंतिम सप्ताह में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। शनिवार को सुबह से ही भक्तों की लंबी लाइन भगवती महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती के दर्शन और पूजन करने के लिए लगी थी। यहां सुरक्षा में प्रतिनियुक्त आरक्षी भी भक्तों को पंक्तिबद्ध तरीके से लगा कर दर्शन को जाने दे रहे थे। व्यवस्था की कमान महंत विजय शंकर गिरी के पुत्र विकास गिरी एवं उनकी टीम ने संभाल रखी थी। दरअसल श्रावण मास में एक तरफ लोग भगवान शिव की आराधना करते हैं, तो उनके साथ ही शक्ति यानी भगवती दुर्गा देवी की भी पूजा उपासना करने से नहीं चूकते हैं। यही कारण है कि सावन मास में बाबा भोले शंकर के साथ मां पार्वती, महाकाली, महालक्ष्मी महासरस्वती की भी पूजा की जाती है।

निगरानी से हो शैक्षणिक विकास निगम की जांच : मोदी

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने शैक्षणिक विकास निगम में भ्रष्टाचार की बात कही है। उन्होंने कहा है कि इसकी जांच निगरानी से करायी जाए।

एक ओर बिहार के सरकारी स्कूलों में पेयजल और शौचालय की व्यवस्था नहीं है। वही दूसरी ओर स्कूलों में ढांचागत विकास और मनमाने ढंग से निर्माण कार्य में 40 फीसदी कमीशनखोरी के साथ लूट मची हुई है। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य शैक्षणिक विकास निगम (बीएसइआइडीसी) स्कूलों में सालाना 1500 करोड़ तक के मनमाने निर्माण कार्य करा रहा है, लेकिन इस में मानक, जरूरत और गुणवत्ता का कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा है। उन्होंने यह मांग की है कि बीएसइआइडीसी के कार्यकलाप की जाँच निगरानी विभाग से करायी जानी चाहिए। सुशील मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार के समग्र शिक्षा अभियान के लिए प्राप्त धनराशि के अलावा प्राइमरी और मध्य विद्यालयों के विकास मद में 1400 करोड़ रुपये बिना उपयोग के खाते में पडे हैं, जबकि लाखों स्कूली छात्र पेयजल, बेंच-टेबल, बिजली और उपयोगी शौचालय तक के लिए तरस रहे हैं।

आगे उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा की चिंता राजभवन पर छोड़ कर सरकार को स्कूलों में शैक्षणिक वातावरण और जरूरत के मुताबिक गुणवत्तापूर्ण संसाधनों के विकास पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।

कांग्रेसी नेता प्रवीण के जन्मदिन पर कार्यक्रम आयोजित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी रहे प्रवीण कुशवाहा का जन्मदिन जनता और कांग्रेसियों ने मनाया। गायत्री परिवार के द्वारा हवन-पूजन पटना साहिब मोर्चा रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में हुआ। कुम्हरार स्थित अंतरज्यओतइ बालिका विद्यालय में छात्राओं के बीच केक काट कर, खाद्य सामग्री, मिठाइयां-फल वितरित किया गया।

बेगमपुर स्लम बस्ती में बच्चों के बीच पठन-पाठन, खाद्य सामग्री और मिठाइयां बांटी गईं। शाम में पटना साहिब स्टेशन के पास रेलवे कूली द्वारा, स्थानीय दुकानदार और कांग्रेस कार्यकताओं के साथ केक काट। कर जन्मोत्सव की खुशियां मिठाई व फल बांट कर मनायी गई।

कार्यक्रम में डॉ विनोद कुमार अवस्थी, डॉ तुषार आर्य, मनीष गौतम मिश्रा, रामेश्वर पासवान, सुजीत कसेरा, खुशबू कुमारी, यूथ महिला अध्यक्ष मानसी झा, प्रखंड अध्यक्ष अभय जायसवाल, सरदार जगजीत सिंह, दशरथ केसरी, सुबोध मिश्रा, आदित्य कुमार, पंकज कुमार, शैलेंद्र कुमार चौधरी, नरेश कूली, रामेश्वर पासवान आदि शामिल थे।

आज का युवा सिर्फ पसीना नहीं, बच्चों के भविष्य के लिए खून भी बहाने को तैयार : सहनी

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख और पूर्व मंत्री मुकेश सहनी शनिवार को अपनी निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा के क्रम में सहरसा पहुंचे। इस यात्रा के दौरान संकल्प रथ पर सवार सहनी जिस पड़ाव पर पहुंचे, वहां बड़ी संख्या में लोग उन्हें सुनने के लिए मौजूद रहे। इस दौरान सहनी लोगों के बेहतर भविष्य के लिए, अपने हक और अधिकार के लिए संघर्ष के लिए हाथों में गंगा जल देकर संकल्प भी दिलवाया। शनिवार की यात्रा महिषी के गौरोह से शुरू हुई और महिषी, खजूरी स्कूल, सिमरी बख्तियारपुर, सहनी टोला होते हुए सलखुआ के कटरा बांध इलाके में पहुंची। इस दौरान सभी स्थानों पर मुकेश सहनी का जोरदार स्वागत किया गया और वीआईपी के पक्ष में लोगों ने जमकर नारे लगाए। सहनी ने लोगों को संबोधित करते हुए विरोधियों को साफ संदेश दे दिया कि आज का युवा अब केवल पसीना बहाने के लिए नहीं है बल्कि अपने बच्चों के भविष्य के लिए जागरूक भी है और खून भी बहाने को तैयार है। उन्होंने सिमरी बख्तियारपुर में हुए उप चुनाव की याद दिलाते हुए कहा कि उस चुनाव में यहां के लोगों ने प्रदेश और देश को यह संदेश दे दिया कि 18 प्रतिशत निषादों के जो मत है वह वीआईपी के साथ है। लोगों ने यह संदेश दे दिया है कि आपका अपना दल बन गया है और अब निषाद इसी दल के साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि अब समाज की अपनी पार्टी है बस इसे अपको ताकत देने की जरूरत है। सहनी ने कहा कि आज पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल में निषादों को आरक्षण है लेकिन बिहार, यूपी और झारखंड में निषादों को आरक्षण नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर आज आरक्षण होता तो निषाद के बच्चे भी अधिकारी होते।

बिहार सरकार के कार्यों का अनुसरण कर रही केंद्र सरकार : श्रवण

बलिया जिले में आयोजित जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन में बोलें जदयू के यूपी प्रभारी

- केन्द्र व यूपी सरकार पर कसा तंज, सीएम नीतीश के कार्यों को सराहा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

ग्रामीण विकास मंत्री सह जनता दल यूनाईटेड के उत्तर प्रदेश प्रभारी श्रवण कुमार ने केन्द्र सरकार पर तंज कसा है। शनिवार को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के सलेमपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में आयोजित जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने बिहार सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। वहीं, केन्द्र और उत्तर प्रदेश की सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि जनता के कल्याण एवं राज्य के विकास के लिए सरकार का निर्माण होता है, लेकिन मुझे यह देखकर काफी कष्ट एवं दुख हो रहा है कि उत्तर प्रदेश की सरकार न तो जनता का कल्याण कर पा रही है और न ही राज्य का विकास कर पा रही है। कहने को तो यहां डबल इंजन की सरकार है, लेकिन यहां कि सरकार के कार्यकलाप तथा उसकी उपलब्धि से ऐसा कुछ स्पष्ट नहीं हो पा रहा है, जिससे यह कहा जा सके कि यह एक कल्याणकारी राज्य है। प्रदेश की जनता इसे गंभीरता से देख रही है जिसका जवाब जनता अगले चुनाव में अवश्य देगी। मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए कार्यों का अनुसरण केंद्र सरकार तथा अन्य राज्य सरकार करती है। बिहार राज्य में जो योजनाएं जनता के हित एवं कल्याण तथा राज्य के विकास के लिए प्रारंभ की जाती है, उसका निश्चित रूप से अनुकरण केंद्र सरकार एवं अन्य राज्य सरकार कर लेती है, अर्थात जो काम पहले बिहार सरकार प्रारंभ करती है उसका नकल केन्द्र सरकार करती है। उन्होंने कहा कि बिहार देश का पहला राज्य है जहां घर-घर पीने का पानी तथा घर- घर बिजली की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही सात निश्चय योजना के तहत गली-नाली का निर्माण कराया गया है एवं घर-घर शौचालय का निर्माण कराया गया है। श्री कुमार ने बिहार मे हुई पूर्ण शराबबंदी तथा समाज को इससे होने वाले लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दृढ़ इच्छा शक्ति से वहाँ पूर्ण शराबबंदी लागू की गयी है, जिससे समाज में काफी बदलाव आया है । जो महिला पहले सामाजिक रूप से पीड़ित होती थी आज वे अपने पैरों पर खड़े होकर, आत्मनिर्भर होकर महिला सशक्तिकरण का संदेश फैला रही है । सड़क दुर्घटना में 55 प्रतिशत तक की कमी हो गयी है। बिहार की सरकार ने छात्र-छात्राओं के लिए मुख्यमंत्री बालिका साईकिल योजना, मुख्यमंत्री बालक साईकिल योजना, मुख्यमंत्री कन्या प्रोत्साहन योजना के तहत बच्ची को जन्म से लेकर उनकी शिक्षा तक सरकार द्वारा कई प्रकार के प्रोत्साहन, मैट्रिक की परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाली बच्चियों को 10 हजार रुपए, इंटर की परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीण होने वाली अविवाहित बच्चियों को 25 हजार रुपए तथा स्नातक में उत्तीर्ण होने वाली लड़कियों को 50 हजार रूपया का प्रोत्साहन दिया जाता है। उक्त कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता बलिया जिला के जदयू जिला अध्यक्ष भारत भूषण सिंह ने किया तथा मंच का संचालन जदयू के प्रदेश महासचिव भैया हरिशंकर पटेल जी ने किया।

उद्योग संविधान बदलने के मिशन में भाजपा और आरएसएस : गगन

- बोलें-2024 में भाजपा मुक्त भारत बनाने का संकल्प ले चुकी है जनता
- राजद प्रवक्ताओं ने प्रेस वार्ता में भाजपा व आरएसएस पर बोला हमला

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजद ने भाजपा, आरएसएस व केन्द्र सरकार पर जमकर हमला बोला है। शनिवार को राजद कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन, मृत्युंजय तिवारी एवं सारिका पासवान ने कहा कि आरएसएस और भाजपा सुनियोजित तरीके से बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के बनाए संविधान को बदलने के मिशन पर काम कर रही है। जो किसी भी हाल में पुरी नहीं होगी। उसकी योजना है कि किसी प्रकार 2024 में पुनः सत्ता में आकर 2025 में आरएसएस के स्थापना के सौ साल पुरा होने के पहले इस देश में भारतीय संविधान को बदलकर मनुस्मृति वाली व्यवस्था लागू कर दिया जाए। पर देश की जनता उसके इस मंसूबे से वाकिफ होकर 2024 के चुनाव में भाजपा मुक्त भारत बनाने का संकल्प ले चुकी है। उसकी कोई भी चालबाजी इस बार चलने वाली नहीं है। श्री गगन ने कहा कि इसी मिशन के तहत प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देवरॉय का एक लेख गत दिनों एक समाचारपत्र में प्रकाशित हुआ था। उसके बाद भाजपा और आरएसएस से जुड़े सोशल मीडिया पर वर्तमान संविधान को बदलने के पक्ष में माहौल बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। सच्चाई यह है कि आरएसएस ने कभी इस संविधान को स्वीकार हीं नहीं किया है। इसे बदलना उसके मुख्य एजेंडे में शामिल है। संविधान के अन्तिम प्रारुप की स्वीकृति के तीन दिन बाद हीं 30 नवम्बर 1949 को प्रकाशित आरएसएस के समाचार पत्र और्गनाइजर ने भारतीय संविधान को औपनिवेशिक विरासत बताकर मनुवादी व्यवस्था लागू करने की वकालत की थी। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत द्वारा अनेकों बार संविधान की समीक्षा करने की बात सार्वजनिक रूप से कही गई है। जिसके तहत महिलाओं, दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को संविधान प्रदत्त सारे अधिकार समाप्त कर दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री पिछले कुछ दिनों से 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना दिखा रहे हैं तो बिबेक देवरॉय कह रहे हैं कि 2047 के लिए नया संविधान चाहिए। यह सब संविधान बदलने के मिशन की हीं कड़ी है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि औपनिवेशिक विरासत बताकर भारतीय संविधान को अपमानित करने वाले बिबेक देवरॉय कोई साधारण व्यक्ति नहीं हैं। वे प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष हैं। इसके बावजूद उनका लेख प्रकाशित हुए दस दिन हो गए पर अबतक सरकार और भाजपा की ओर से कोई प्रतिक्रिया का नहीं आना यह साबित करता है कि एक मिशन के तहत हीं उनका यह लेख प्रकाशित हुआ है और इसी मिशन के तहत पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई का बयान राज्यसभा में दिलवाया गया है। जिस संविधान के तहत लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी धर्म , जाति , वर्ग , लिंग और समुदायों के नागरिकों को समानता , स्वतंत्रता और न्याय के साथ हीं सम्मानपूर्वक जीने और सबको एकसमान एक वोट का अधिकार दिया गया है। जिसे बनाने में स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिसके पहले मसविदे को सार्वजनिक कर आमलोगों से प्राप्त कुल 7635 संशोधनों में 2473 संशोधनों को स्वीकार किया गया। उसे औपनिवेशिक विरासत बताना बहुत बड़ा राष्ट्रीय अपराध है। इस अवसर पर राजद के प्रदेश महासचिव संजय यादव एवं प्रमोद राम भी उपस्थित थे।

2024 में प्रचंड बहुमत की बनेगी सरकार : सम्राट

- पदेश अध्यक्ष बोलें- नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ें

पटना(भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के गरीब, किसान ,सोषित, वंचित एवं महिलाओं के कल्याण के लिए किए गए कार्यों को आप सभी आम लोगों तक पहुंचने में अपनी महती भूमिका निभाएं। शनिवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का चौमुखी विकास के साथ-साथ भारत के गौरव को ऐतिहासिक रूप से प्रतिस्थापित किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश के मतदाताओं ने विगत दो लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के प्रति विश्वास जताया तथा केंद्र में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने का काम किया। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी फिर ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी। आप सभी अगर बूथ को मजबूत कर लेंगे तो फिर से नरेंद्र मोदी को सत्ता में आने से कोई रोक नहीं सकता। बूथ मजबूत तो पार्टी मजबूत उन्होंने कहा कि हम सभी का दायित्व बनता है नए-नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ें। भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र ने कहा कि आगामी लोकसभा का चुनाव काफी महत्वपूर्ण है। पार्टी के कार्यकर्ता पूरी मुस्तैदी के साथ लग जाए अब समय बहुत कम बचा है। मतदाता सूची में सुधार तथा मतदाताओं को जागरूक करने की जरूरत है। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री भिखूभाई दलसानिया ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर संपर्क करने की योजना बनाएं। मतदाताओं को केंद्र सरकार के कार्यों से अवगत कराये। बैठक का संचालन भाजपा के सह कार्यालय मंत्री ज्ञान प्रकाश ओझा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश महामंत्री जगरनाथ ठाकुर, मिथिलेश तिवारी, भाजपा के प्रदेश मंत्री रत्नेश कुशवाहा, मुख्यालय सह प्रभारी दिलीप मिश्रा सहित पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी एवं बिहार के सभी जिलों से प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

फासीवादी शासन स्थापित करने की हो रही कोशिश : कुणाल

- बृज बिहारी पांडे की बरसी पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बोलें भाकपा माले के राज्य सचिव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाकपा माले राज्य कार्यालय में पार्टी के केंद्रीय कन्ट्रोल कमीशन के चेयरमैन रहे और समकालीन लोकयुद्ध के पूर्व संपादक का. बृज बिहारी पांडे की दूसरी बरसी पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पार्टी राज्य सचिव का. कुणाल ने कहा कि आज जब भाजपा देश की जनता पर नए तरीके से राजनीतिक-सामाजिक-आर्थिक- सांस्कृतिक गुलामी थोप रही है, लोकतांत्रिक मूल्यों व संस्थाओं को खत्म कर फासीवादी शासन स्थापित करने की लगातार कोशिशें कर रही हैं; इस गम्भीर चुनौती से निपटने में का. बी बी. पांडेय हमारे लिए हमेशा प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे। उन्होंने विषम से विषम परिस्थितयों का भी असीम धैर्य के साथ सामना किया और राजनीतिक-सामाजिक बदलाव के संघर्ष को जारी रखा। उनका यह विशिष्ट पहलू हमें अथाह ऊर्जा से भर देता है और फासीवाद को हराने का विश्वास पैदा करता है। फासीवाद को मुकम्मल तौर पर पराजित करने के लिए हमें बी.बी. पांडेय की ही तरह धैर्य के साथ लगातार आगे बढ़ते रहने का गुण सीखना चाहिए। बी बी पांडे ने लंबे समय तक समकालीन जनमत और पार्टी के मुखपत्र लोकयुद्ध के संपादक रहने के साथ केंद्रीय कंट्रोल कमीशन के चैयरमैन की बखूबी जिम्मेदारी आखिरी सांस तक निभाई। सभा का संचालन समकालीन लोकयुद्ध के उपसंपादक और बी बी पांडे के सहकर्मी रहे का. प्रदीप झा ने किया। समकालीन लोकयुद्ध के संपादक संतोष सहर, पटना महानगर के सचिव अभ्युदय, कमलेश शर्मा, समता राय आदि वक्ताओं ने भी बी बी पांडे के संस्मरणों को साझा किया. मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता राजाराम, विभा गुप्ता, संतलाल, मुर्तजा अली, मनमोहन, कुमार दिव्यम, विनय कुमार, प्रमोद यादव, विश्वमोहन, आशीष कुमार, रिया, रूनझुन सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

सशक्त विपक्ष की भूमिका से पीछे नहीं हटेंगे : विजय

- विरोधी दल नेता के रूप में एक साल पूरे होने पर गिनाई उपलब्धियां

पटना। भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिन्हा विधानमंडल में विरोधी दल नेता के रूप में एक साल पूरे होने पर कहा कि भाजपा बतौर विपक्ष अपनी बेहतर भूमिका निभा रहा है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि इस दौरान उन्होंने जनता की आवाज को लेकर संसद से लेकर सड़क तक उठाया। शनिवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि इस दौरान भाजपा ने इस भूमिका में सरकार को आईना दिखाने का सामूहिक प्रयास किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस दौरान भले अहंकार के कारण विपक्ष के सवालों का जवाब नही दिया। उन्होंने कहा कि इस एक इस एक साल में वे खुद 247 पीड़ित परिजनों से मिलकर उनके आंसू पोंछने का काम किया है। उनकी कई समस्याओं को समाधान करने की कोशिश भी की गई। उन्होंने कहा कि यह विपक्ष की सजकता का ही परिणाम है कि सरकार को झुकना पड़ा। उन्होंने कहा कि हम जागरूक और सशक्त विपक्ष की भूमिका से हम पीछे नहीं हटेंगे और बिना भय के जिम्मेदारी निभाते रहेंगे। जनता की आवाज को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। पीड़ितों से मिलने का कार्यक्रम और बढ़ेगा। उन्होंने भ्रष्टाचार और अपराधिक घटनाओं को लेकर भी सरकार को घेरते हुए कहा कि इस एक साल में विपक्ष ने कई मामले को लेकर आईना दिखाया लेकिन कोई कारवाई नहीं हुई। प्रेस वार्ता में प्रदेश प्रवक्ता अरविंद सिंह, अखिलेश सिंह और प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश कुमार सिंह उपस्थित रहे।

पटना स्मार्ट सिटी को मिला इंटरनेट ऑफ थिंग्स अवाड्र्स

- टेक्नोलॉजी सभा एक्सीलेंस अवॉर्ड्स में किया गया सम्मानित

पटना। पटना स्मार्ट सिटी को जयपुर में इंटरनेट ऑफ थिंग्स अवार्ड (आइओट) अवाड्र्स मिला है। साथ ही टेक्नोलॉजी सभा एक्सीलेंस अवाड्र्स से नवाज गया। पटना नगर निगम द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक इंडिआज लीडिंग ई -गवर्नेंस समिट में पटना स्मार्ट सिटी को इंटेलीजेंट सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट परियोजना के लिए अवार्ड मिला। इंटरनेट ऑफ थिंग्स श्रेणी में पटना स्मार्ट सिटी को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गौर हो कि टेक्नोलॉजी सभा वेस्ट मैनेजमेंट में उन सरकारी विभागों, एजेंसियों व संस्थानों को सम्मानित किया जाता है जो आमजन के विशिष्ट लाभ के लिए किसी विशेष प्रौद्योगिकी या प्रौद्योगिकियों के संयोजन के अभिनव उपयोग का प्रदर्शन करते हैं। पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीईओ मोहम्मद शमशाद को टेक्नोलॉजी सभा में आमंत्रित किया गया और पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

मंत्री समीर महासेठ व कुमार सर्वजीत सुनवाई कार्यक्रम में होंगे शामिल : एजाज

पटना। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के पहल पर राजद द्वारा चल रहे सुनवाई कार्यक्रम के तहत 29 अगस्त मंगलवार को उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ एवं कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत राजद कार्यालय में कार्यकताओं से मिलेंगे और सुनवाई करेगें। इस संबंध में प्रदेश राजद के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि मंत्री से मिलने वालों को 29 अगस्त को राजद कार्यालय में पूर्वाह्न 10 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच आवेदक स्वयं उपस्थित होकर रजिस्ट्रेशन कराकर ही सुनवाई कार्यक्रम मे शामिल होंगे। जिनका रजिस्ट्रेशन होगा वह ही क्रमानुसार अपराह्न 1 बजे से अपराह्न 3 बजे तक मंत्री द्वारा बारी-बारी से कार्यकताओं से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनेगें और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि सुनवाई कार्यक्रम निरंतर चल रहा है, इसमें सैकड़ों लोगों की समस्याओं की सुनवाई और कार्रवाई हुई है। एजाज ने आगे बताया कि कार्यकताओं को मंत्रीगण से मिलकर अपने क्षेत्र से जुड़े जनसमस्याओं अथवा शिकायतों से उन्हें अवगत कराने के लिए आवश्यक संलग्नों के साथ लिखित में आवेदन देना है उसी के अनुसार सुनवाई के बाद कार्रवाई की जायेगी।

जदयू महासचिव के किया खेद प्रकट

पटना। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता राजीव रंजन ने खेद प्रकट करते हुए कहा है कि 25 अगस्त को विद्यापति भवन में आयोजित धानुक व अतिपिछड़ा समाज की बैठक की जारी प्रेस विज्ञप्ति में लौकहा विधायक व राजद नेता भारत भूषण मंडल जी को टाइपिंग मिस्टेक से जदयू नेता बता दिया गया था। भारत भूषण मंडल राजद के कद्दावर नेता और हमारे अनन्य साथी हैं। मानवीय गलती से हुई इस भूल के लिए मैं खेद प्रकट करता हूं।

गाय, गीता व धर्म की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य : नित्यानंद

केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री का मनेर में भव्य स्वागत

पटना। केन्द्रीय गृहमंत्री नित्यानंद राय शनिवार को भोजपुर के जगदीशपुर जाने के क्रम में मनेर विधानसभा क्षेत्र से होकर गुजरे। यात्रा के क्रम में नित्यानंद राय ने खासपुर मठ पर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर, गौरैयास्थान स्थित प्रसिद्ध गौरैया बाबा मंदिर और देवकुली के हनुमान मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की एवं ईश्वर का आशीर्वाद लिया। गौरैया बाबा मंदिर परिसर में चल रहे यज्ञ हवन कार्यक्रम में उपस्थित होकर उन्होंने समदर्शी बाबा का आशीर्वाद लिया। मनेर विधानसभा क्षेत्र की सीमा में पहुंचते ही भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं बिहार भाजपा प्रवक्ता डॉ निखिल आनंद ने बड़ी संख्या में उपस्थित पार्टी नेताओं व कार्यकताओं के साथ भव्य स्वागत किया और पूरे यात्रा के दौरान हुए उनके साथ मौजूद रहे। खासपुर में पत्रकारों से बात करते समय नित्यानंद राय ने कहा कि गाय, गीता व धर्म की रक्षा करना यदुवंशियों का कर्तव्य है। और जब-जब धर्म की हानि होती है और अधर्म प्रभावित होता है तो भगवान श्री कृष्णा और भगवान श्री राम जैसे शख्सियत इस धरती पर पैदा लेते हैं। भगवान श्रीकृष्ण की यदुवंश की परंपरा और विरासत से आने के कारण उनका फर्ज है कि धर्म और राष्ट्रधर्म के साथ चलें। उन्होंने कहा कि आज देश में जो परिस्थिति है उसमें भारतीय जनता पार्टी आज निश्चित तौर पर धर्म और राष्ट्रधर्म के साथ खड़ी है। श्री नित्यानंद राय ने कहा कि- उनका ननिहाल बगल में ही कासिमचक है और यहां के लोग उनके नाना, मामा, मौसी, बुआ के जैसे हैं। यहां आकर उनके बचपन की याद ताजा हो गई जब वे इस इलाके में टमटम पर घूमा करते थे और मनेर का लड्डू खाया करते थे। नित्यानंद राय का मनेर बाजार पर भी स्वागत किया गया । वहीं देवकुली मोड़ पर प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करने के दौरान पूर्व मुखिया सहदेव यादव बिहटा पश्चिम मंडल महामंत्री उमेश यादव, शंकर सिंह, सन्नी कुमार आदि मौजूद रहे। बिहटा चौराहे पर श्री राय के स्वागत में लोग मौजूद थे।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

बापू के स्वच्छता संबंधी स्वप्न को करें साकार : नीतू नवगीत

पटना। स्वच्छ पटना अभियान के अंतर्गत पटना नगर निगम की स्वच्छता की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत के द्वारा विद्या कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज संपतचक में छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के निदेशक मुख्य अतिथि दीपू कुमार यादव, समाजसेवी किसलय किशोर, प्रियंश प्रियम (मैथन स्टील) बिहार झारखंड, डॉ. चंद्रशेखर प्रजापति एवं साकेत कुमार,असिस्टेंट प्रोफेसर,विद्या कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज ने किया। सर्वप्रथम नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज में स्वच्छता एवं सफाई के महत्व को रेखांकित करते हुए यह संदेश देने की कोशिश की गई की स्वच्छता ही जीवन का मूलाधार है। जहां स्वच्छता है वही सोच है, जहां सोच है, वहीं समृद्धि है और जहां समृद्धि है वहीं संस्कार होता है। तत्पश्चात महाविधालय के विभिन्न छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण एवं पोस्टर प्रदर्शनी से जागरूकता अभियान चलाया गया। नवगीत ने छात्रों से आग्रह किया कि बापू के स्वप्न को साकार करने के लिए हम सब भी अपना वृहद योगदान दें, तभी उनके सपनों के भारत का निर्माण होगा। उन्होंने जीत के माध्यम से भी उत्सवों का आह्वान किया कि हमारा पर्यावरण स्वच्छ रहे। हमारे आसपास का वातावरण स्वस्थ रहे एवं साफ सफाई पर मुक्त से रहे, तभी मन व मस्तिष्क भी स्वस्थ रहेगा एवं उसे सुंदर पल्लवित वातावरण में ही देवता भी निवास करेंगे। मुख्य अतिथि चर्चित समाजसेवी एवं साहित्यकार किशलय किशोर ने स्वच्छता अभियान के आधार के रूप में छात्राओं को मद्देनजर रखते हुए नारी शक्ति को ही रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति ही किसी भी अभियान की सफलता का मूल तत्व है। किशलय किशोर ने कहा कि स्वच्छता के प्रति जुनून ऐसा होना चाहिए कि किसी भी बंधन एवं मानक को छोड़ते हुए जहां आवश्यकता पड़े वहां झाड़ू से लेकर कोई भी ऐसा साधन सहजता से उठाना चाहिए जिससे सफाई अभियान में और स्वच्छता में मदद मिले। मैथन स्टील टीएमटी के बिहार प्रमुख प्रियेश प्रियम ने आमजनों से आवाहन करते हुए कहा कि स्वच्छता तो बिहारी के मन मस्तिष्क में पुरातन काल से ही रची बसी हुई है। हड़प्पा काल से ही शहरों का निर्माण होता था तो प्रमुखता से इस बात को ही दृष्टिगोचर किया जाता था कि किसी भी वातावरण एवं परिस्थिति में नगर साफ रहे नालियां स्वच्छ रहे पर्यावरण प्रदूषण मुक्त हो और पाटलिपुत्र साम्राज्य में भी मूल रूप से और पूर्णता उसी का अनुकरण किया गया।जरूरत है पुरातनता के साथ नूतनता को जोड़ते हुए स्वच्छ पटना का आधार तैयार किया जा सके ताकि स्वस्थ मन मस्तिष्क के साथ सुंदर समाज का हुई निर्माण हो सके। वाद-संवाद प्रतियोगिता में वाद संवाद में प्रेमचंद कुमार, शुब्रतो, आनंद कुमार,बैदेही कुमारी अंबिका कुमारी,संध्या पांडे,सुप्रिया भारती आदि ने भाग लिया।

सभी डीडीओ जीएसटी एक्ट के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करें : डीएम

जीएसटी के संबंध में आयोजित प्रशिक्षण सत्र में बोलें जिलाधिकारी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

समाहर्ता सह जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों को माल और सेवा कर अधिनियम के प्रावधानों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी डीडीओ ऐसे कार्य संवेदकों व आपूर्तिकताओं को भुगतान न करें जिनका जीएसटी निबंधन सस्पेंडेड व कैन्सिल्ड है। वे शनिवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जीएसटी के संबंध में आयोजित प्रशिक्षण सत्र को संबोधित कर रहे थे। इसमें विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय, अनुमंडल स्तरीय तथा प्रखंड स्तरीय डीडीओ उपस्थित थे। कार्यशाला में सभी डीडीओ को कार्य संवेदकों, आपूर्तिकताओं को भुगतान करने से पहले जीएसटी अधिनियम के निर्धारित प्रावधानों एवं विहित प्रक्रिया की जानकारी दी गयी। वाणिज्य-कर विभाग के पदाधिकारियों द्वारा इसके बारे में विस्तार से बताया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी डीडीओ द्वारा भुगतान से पहले सतर्कता बरता जाना आवश्यक है। विभिन्न विभागों, बोर्ड तथा निगम के पदाधिकारी कार्य संवेदकों, आपूर्तिकताओं को भुगतान करने से पूर्व इस तथ्य का सत्यापन सुनिश्चित कर लें कि संबंधित कार्य संवेदक व आपूर्तिकर्ता द्वारा जीएसटी अधिनियम के अंतर्गत अद्यतन विवरणियाँ दाखिल कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि किसी करदाता के जीएसटी विवरणियों के दाखिला के सत्यापन के क्रम में ही व्यवसायी के लीगल, ट्रेड नाम, इफेक्टिव डेट ऑफ रजिस्ट्रेशन, कॉन्सटिच्यूशन ऑफ बिजनेस के बाद करदाता के जीएसटी निबंधन का स्टेटस एक्टिव, सस्पेंडेड, कैन्सिल्ड- भी प्रदर्शित होता है। उन्होंने कहा कि निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी ऐसे कार्य संवेदकों,आपूर्तिकताओं को भुगतान न करें जिनका जीएसटी निबंधन सस्पेंडेड,कैन्सिल्ड है। इसका अनुपालन नहीं किए जाने की स्थिति में महालेखाकार के अंकेक्षण दल द्वारा भी आपति दर्ज की जाती है। साथ ही यह राजस्व-हित के भी अनुकूल नहीं है। जिलाधिकारी ने कहा कि डीडीओ द्वारा जीएसटी टीडीएस के रूप में मात्र 2 प्रतिशत राशि की ही कटौती की जाती है, जबकि माल के बेसिक मूल्य के साथ कर की शेष राशि का भुगतान संबंधित संवेदक, आपूर्तिकर्ता को कर दिया जाता है। जीएसटी रजिस्ट्रेशन कैन्सिल, सस्पेंड होने के बाद संवेदक, आपूर्तिकर्ता को किए गए भुगतान के मामलों में विवरणियों के दाखिला एवं सरकारी खजाने में जीएसटी जमा होने की संभावना नगण्य होती है। इस क्रम में यह भी उल्लेखनीय है कि जीएसटी प्रणाली में निबंधित करदाताओं द्वारा विवरणियाँ दाखिल करने पर ही राज्य को कर की प्राप्ति होती है। अतः कार्य संवेदकों व आपूर्तिकताओं को भुगतान करने से पूर्व सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी आश्वस्त हो लें कि उनके द्वारा माल और सेवा कर अधिनियम के अंतर्गत अद्यतन विवरणियां दाखिल कर दी गयी हैं। इस कार्यशाला में सिविल सर्जन श्रवण कुमार, वरीय प्रभारी पदाधिकारी (स्थापना)-सह-अपर समाहर्त्ता आपदा प्रबंधन संतोष कुमार झा एवं अन्य भी उपस्थित थे।

अखित भारतीय रेलवे सुरक्षा बल शूटिंग प्रतियोगिता का हुआ समापन

- महाप्रबंधक अनुपम शर्मा ने विजेता टीम एवं खिलाड़ियों को किया सम्मानित
- दक्षिण रेलवे की टीम ने जीता ओवर ऑल विजेता का खिताब

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल शूटिंग प्रतियोगिता-2023 के समापन समारोह में पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा ने विजेता टीम एवं अन्य विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त एवं 6बिहार आर्मी रेजिमेंट के कर्नल भी उपस्थित थे। शनिवार को महेंद्रूघाट में आयोजित समापन समारोह में पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती शर्मा भी उपस्थित थीं। समापन समारोह में रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा योग एवं शस्त्रों का प्रदर्शन का बेहतरीन प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही एनजीओ रेनबो के अनाथ बच्चों द्वारा एक सामूहिक नृत्य भी प्रस्तुत किया गया जिसे उपस्थित सभी लोगों द्वारा काफी सराहा गया। विदित हो कि रेलवे सुरक्षा बल, पूर्व मध्य रेल के तत्वाधान में बीआरसी आर्मी कैंट, दानापुर में अखित भारतीय रेलवे सुरक्षा बल शूटिंग प्रतियोगिता-2023 की शुरूआत 23 अगस्त को की गयी थी। इस प्रतियोगिता में भारतीय रेल के विभिन्न जोनों से आए कुल 16 टीमों के 155 प्रतिभागियों ने पूरे समर्पण एवं खेल भावना के साथ भाग लिया और सर्वश्रेष्ठ शूटरों ने विभिन्न श्रेणियों में पदक जीते। प्रतियोगिता का ओवरऑल समग्र विजेता का शिल्ड दक्षिणी रेलवे की टीम को मिला।

लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मीडिया के सामने अनेक चुनौतियां : हारूण

- इंडियन जर्नलिस्ट यूनियन राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक में बोलें विप सभापति

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

इंडियन जर्नलिस्ट यूनियन की राष्ट्रीय कार्यकारणी की दो दिवसीय बैठक का आयोजन बिहार विधान परिषद के उप भवन के सभागार में किया गया। बैठक के विशिष्ट अतिथि विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर और मुख्य अतिथि नेता कांग्रेस विधायक दल डॉ. शकील अहमद खान थे। उद्घाटन श्रम मंत्री सुरेंद्र राम ने किया। बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के तत्वाधान में आयोजित बैठक की अध्यक्षता आईजेयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास रेड्डी ने की। इस मौके पर विधान परिषद के सभापति ने कहा कि देश में लोकतंत्र का चौथा स्तंभ जो कि मीडिया है, के सामने अनेक चुनौतियां हैं। उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से यहां आए पत्रकारों का स्वागत करते हुए कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और देश की आजादी को कोई भी सरकार कुछ समय के लिए दबा सकती है, लेकिन इसे खत्म नहीं किया जा सकता है। डॉ शकील अहमद खान ने कहा कि इन दिनों पत्रकारिता पर बाजारवाद हावी है फिर भी अनुभवी पत्रकार किसी न किसी रूप में सही समाचार को प्रकाशित कर ही देते हैं। उन्होंने कहा कि इस युग में सही समाचार को छुपाया

संक्षिप्त खबरें

समाज कल्याण मंत्री आज करेंगे गरीब स्थान का दर्शन

मुजफ्फरपुर। मदन सहनी मंत्री, समाज कल्याण विभाग, आज मुजफ्फरपुर पहुंचेंगे वे यहां बिहार का देवघर कहे जाने वाले बाबा गरीब नाथ के मंदिर में दर्शन एवं पूजा अर्चना करेंगे। यह जानकारी जिला प्रशासन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। वे सड़क मार्ग से 1:30बजे मुजफ्फरपुर परिसदन पहुंचेंगे इसके बाद गरीब स्थान मंदिर में बाबा गरीब नाथ के दर्शन -पूजन के बाद पौने चार बजे परिसदन से अपने पटना आवास के लिए लौट जाएंगे।

वाहन चेकिंग अभियान से चालकों में हड़कंप

बखरी, बेगूसराय। शनिवार को बखरी पुलिस के द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग से चालकों में हड़कंप देखा गया, वही चालक राह बदलकर यात्रा करते दिखे।इस दौरान दो पहिया वाहनों की डिक्की व हेलमेट समेत अन्य कागजात की सघन जांच की गयी। त्रुटिपूर्ण कागजात व बगैर हेलमेट के वाहन चालकों से जुमार्ना वसूल किया गया। जानकारी देते हुए प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष चांदनी सुमन ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान के तहत वाहन चालकों की सघन जांच की गयी। वहीं त्रुटि पूर्ण कागजात व बगैर हेलमेट वाले वाहन चालकों से जुमार्ना की राशि वसूल की गयी। वाहन चेकिंग अभियान का नेतृत्व एएसआई शंकर मंडल कर रहे थे। इस दौरान कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

एसडीओ ने तटबंधों पर विशेष निगरानी बढ़ाया

मधुबनी कमला नदी जयनगर के बाढ़ एवं हो रही बारिश को देखते हुए एसडीओ वीरेंद्र कुमार और डीएसपी बिपलभ कुमार ने कमला नदी जयनगर पूर्वी कमला बांध पड़वा बेलही खैरामाठ का निरीक्षण कर ग्रामीणों से मिलकर हालात का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश स्थानीय अधिकारियों को दिया। एसडीओ वीरेंद्र कुमार ने बताया कि कल दिन की तुलना में आज नदी का जलस्तर धीरे-धीरे घट रहा है एवं नदी के पानी के कारण स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों में सामान्य है प्रशासन की पैनी निगाह नदी के जलस्तर एवं ग्रामीण क्षेत्र पर पुरा है प्रशासन के द्वारा किसी भी स्थिति को निपटाने के लिए प्रखंड मुख्यालय पर 24 घंटे काम करने वाले कंट्रोल रूम का निर्माण किया गया है विभिन्न पंचायत के जनप्रतिनिधियों से लगातार संपर्क कर ग्रामीण क्षेत्र का लगातार जायजा लिया जा रहा है वहीं दूसरी ओर जल संसाधन विभाग को आवश्यक निर्देश देते हुए सभी तत्वों की सुरक्षा एवं मजबूती पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है ओहि विद्युत विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को हाई अलर्ट पर रखा गया है कमला नदी के बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्र पर प्रशासन मॉनिटरिंग लगातार कर रहे है

पत्नी ने पति के विरुद्ध दर्ज कराई प्राथमिकी

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के भरपुरा चोचाही वार्ड 15 निवासी प्रेम कुमार राय की पत्नी अनु कुमारी ने अपने पति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी के माध्यम से पीड़िता ने बताई कि मेरे पति हर समय तारी दारू पीकर नशे में रहता है। 1 खर्चा भी नहीं देता है। कुछ कहने पर मारपीट करता है। 8 वर्ष का एक पुत्र है। उसके साथ भी मारपीट कर लहू लुहान कर दिया। 23 अगस्त मारपीट कर मेरा फेस खराब कर दिया। किसी के खेत में मजदूरी करने जाता हूं तो गलत आरोप लगाकर गाली-गलौज एवं मारपीट करता है।

चंद्रदीप थाना मे लोक शिकायत निवारण शिविर आयोजित, दर्जनो भुमि विवाद का हुआ निष्पादन

अलीगंज। शनिवार को चंद्रदीप थाना परिसर मे थानाधयक्ष अब्दुल हलीम की आधयक्षता मे आयोजित हूई।जिसमे अंचलाधिकारी अरविंद कुमार ने आवेदक एवम उसके विपक्षी के मौजदूगी मे दोनो पक्षो के कागजातो के आधार पर सुनाई किया। जिसमे वर्षो से चल रहे सापो गांव मे जालेश्वर यादव एवम उसके चाचा के साथ चल रहा आपसी हिस्सेदारी को लेकर विवाद को निष्पादन किया गया।और दोनो पक्षो को निर्देशित किया गया कि सरकारी अमीन रखकर आपस मे बराबर-बराबर जमीन कर ले। ही झंझरी गांव सुरेश पासवान एवम मानिकपुर गावके सोहर यादव के बीच जमुई विवाद को सुनवाई किया गया।

साढ़े 8 हजार पर काम करने वाले सफाई कर्मी को जीएसटी ने थमाया 56 लाख बकाया का नोटिस

● सफाईकर्मी का परिवार चिंता में डूबा, होगी मामले की जांच

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। देश में कब कौन सी अजीबोगरीब करामात हो जाए, ये कहना बड़ा ही मुश्किल है। एक मामला आधारकार्ड और पैन कार्ड से लेकर जीएसटी से जुड़ा हुआ है, जिसे हार्ड भाषा में स्कैम कह सकते हैं या फिर आसान भाषा में धोखाधड़ी कह सकते हैं। आज के समय में आधारकार्ड, पैनकार्ड आदि कई जगहों पर आम लोगों से पहचान के रूप में लिया जा रहा है। यहां तक कि जब लोग किसी होटल में भी जा रहे हैं तो उनसे वो कागजात लिया जा रहा है। किसी भी कार्य के लिए आधारकार्ड आसानी से लिया जा रहा है, जिसका मिसयूज कैसे होता है, उसका अभी खुलासा रक्सौल में हुआ है। आश्चर्य की कहानी तो आगे है। कहानी यूं है कि स्थानीय नगर परिषद में सफाईकर्मी ठेका मजदूरी के रूप में साढ़े 8 हजार मासिक के रूप में कार्यरत एक कर्मी जो बदहाल में अपनी जिंदगी जीते हुए रोजमर्रा के काम में व्यस्त था, तभी अचानक उसे एक गहरा सदमा मिला और वो मामला ये था कि उसके पास सेंट्रल जीएसटी ऑफिस से एक नोटिस आया, जिसमें उसपर 56 लाख रुपए बकाया की मांग उस सफाईकर्मी से कर दी गई थी।

अब उसने किसी से ये पत्र पढ़वाया और एक गरीब सफाईकर्मी को 56 लाख 47 हजार 18 रुपया जीएसटी बकाए की नोटिस की जानकारी मिलते ही, उसके पैर के नीचे से जमीन खिसक गई और पूरा परिवार सदमे में आ गया। यहां तक कि जीने-मरने की बात आ गई। सफाईकर्मी सोच कर परेशान हो गया। उक्त नोटिस में राऊत ट्रेडिंग नामक एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान के मालिक के रूप में बब्लू कुमार राऊत को दिखाया गया था, जिसके मद्देनजर वह नोटिस सफाईकर्मी बब्लू को दिया गया था। काफी परेशान होने के बाद उसने बताया की नौकरी ज्वाइन करने के वक्त सभी कर्मियों के साथ उसने नगरपरिषद में कागजात जमा किए थे, उसके बाद उसे याद नही की उसने कागजात कहां दिए थे। उसके बाद वो भागा-भागा जीएसटी कार्यालय गया तो उसने देखा कि इसमें दर्ज मोबाईल नंबर और फोटो उसके नही थे, परंतु बाकी डिटेल्स उसी का था, तब जाकर सारा माजरा समझ में आया। डिटेल्स में उसका पता बब्लू कुमार राऊत, पिता माया राऊत, वार्ड नम्बर-01, बड़ा परेऊवा, रक्सौल दर्ज था। इस संबंध में जीएसटी कार्यालय में कार्यरत एक कर्मी कलीम अंसारी ने बताया कि इसकी सूचना वरीय अधिकारी को दे दिया गया है, उनके अनुसार वरीय अधिकारी इस मामले की जांच करेंगे, जिससे सारा मामला साफ हो जाएगा। अब सोचने वाली बात है कि आखिर ये कैसे संभव हो पाया, कौन इसके पीछे है, क्या बब्लू इसमें शामिल था, चाहे जानबूझकर या अंजान में या फिर इससे परे, ये तो जांच का विषय है।

उप समाहर्ता सह खेल पदाधिकारी की पत्नी ओडिटर पद पर चयनित

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड क्षेत्र के पतैलिया निवासी राजीव प्रताप सिंह की बहु बेगूसराय के वरीय उपसमाहर्ता सह खेल पदाधिकारी प्रभाकर कुमार की पत्नी सपना बिहार लोक सेवा आयोग के ओडिटर के पद पर शुक्रवार शाम जारी हुए परिणाम में सफलता पाई है। बिहार लोक सेवा आयोग के ओडिटर पद का फाइनल रिजल्ट में 366 अभ्यर्थी सफल हुए। सपना अपने माइके नवादा जिले के वारसलीगंज प्रखंड की माफी गांव में रहकर बिहार लोक सेवा आयोग में 133वां रैंक लाई है। सपना अपनी पढ़ाई नेशनल हाईस्कूल माफी से मैट्रिक, महिला महाविद्यालय वारसलीगंज से इण्टर, व मगध महिला कॉलेज पटना से स्नातक की डिग्री अर्थशास्त्र विषय से प्राप्त की हैं तथा दरभंगा हाउस पटना विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र से पीएचडी कर रही है एक बच्चे की मां रहते हुए घर परिवार को संभालते हुए तथा घर में ही स्वाध्ययन करके चतुर्थ प्रयास में सफलता हासिल की है सपना अपनी सफलता का श्रेय अपने पैरेंट्स को खासतौर पर इसका श्रेय दिया। सपना ने अपने माता का धन्यवाद की। उन्होंने परीक्षा देने वाले सभी विधार्थियों से कहा कि कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के साथ पढाई करने से निश्चित रूप से सफलता मिलती है।

शिक्षक व अभिभावक संगोष्ठी में पठन-पाठन की गतिविधि को दी जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता

नावकोठी, बेगूसराय। प्रखंड के सभी प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल में शिक्षक व अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन शनिवार को किया गया। इस अवसर पर संबंधित विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक के द्वारा संगोष्ठी की अध्यक्षता की गयी। उत्क्रमित मध्य विद्यालय सैदपुर विष्णुपुर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक संजीत कुमार महतो ने बताया जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्राथमिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान बेगूसराय के पत्र तथा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र पांडे के निर्देश पर विद्यालय में मौजूदा अकादमिक सत्र में वर्ग प्रथम एवं तृतीय के छात्र एवं छात्राओं के अभिभावक के साथ बैठक आयोजित की गयी।विद्यालय के पठन-पाठन, रख रखाव, मध्याह्न भोजन, खेल सामग्री, शौचालय, पेयजल, बिजली पंखा, बेंच दरी, पुस्तकालय आदि का अभिभावकों ने मुआयना किया। प्रतिमाह थीम आधारित गतिविधि के सिलसिले में शिक्षकों ने अभिभावक को अवगत कराया।पुस्तकोत्सव के तहत बच्चों को मिलने वाली मुफ्त में पाठ्यपुस्तक, विद्यालय में उपलब्ध संसाधन के संबंध में अभिभावकों को विस्तृत जानकारी दी गयी। कक्षा 1 एवं 3 के बच्चों का कक्षा अनुरूप दक्षता से परिचित कराया गया। शिक्षकों ने बच्चों के शैक्षणिक गतिविधि एवं विद्यालय द्वारा दी जाने वाली शैक्षणिक सुविधाओं की सराहना की तथा बच्चों के दक्षता पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रतिमा कुमारी, अनरसा देवी, कर्मशीला देवी, संजू देवी, लक्ष्मण महतो, सत्यनारायण कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर हुई चर्चा

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय लाटबसेपुरा में शनिवार को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें वर्ग एक से तीन तक के छात्र-छात्राओं के अभिभावक एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। संगोष्ठी में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनन्त कुमार राय ने बच्चों के बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अभिभावकों से अपील आते हुए कहा कि आप सभी नियमित रूप अपने बच्चों को निर्धारित पोशाक में स्कूल भेजें। इस अवसर पर शिक्षक राजेश कुमार दत्त, गंगा नारायण विद्यार्थी, नागमणि आशुतोष, ममता कुमारी, गायत्री कुमारी, राजू कुमार आदि उपस्थित थे। इधर, प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गंगापुर गोपालपुर में भी शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कक्षा 1 से 3 तक के छात्र-छात्राओं को बुनियादी शिक्षा एवं संख्या ज्ञान की समझ विकसित करने को लेकर खेल-खेल में बच्चों को भाषा एवं गणित कैसे सिखाएं जाएं, इस संदर्भ में शिक्षक विनोद कुमार एवं शिक्षिका सोनाली चौधरी ने विस्तार से बताया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार राम, बलदेव राय, नयनतारा सोनाली चौधरी, चन्नू सदा, अभिभावकों में रेखा कुमारी, राजकुमार राय, सरिता कुमारी आदि मौजूद रहे।

ताजपुर बस स्टैंड के समीप बाइक सवार बदमाश पति-पत्नी से 50 हजार रुपए झपटकर हुआ फरार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के ताजपुर बस स्टैंड के समीप शुक्रवार को बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने पति-पत्नी से पचास हजार रुपए छीनकर फरार हो गये। पीड़ित ताजपुर थाना क्षेत्र के रामापुर महेशपुर पंचायत के राजखंड गांव निवासी फुलेश्वर दास एवं उनकी पत्नी शोभा देवी ने बताया कि वह भारतीय स्टेट बैंक ताजपुर से 60 हजार रुपए निकाला, जिसमें 10 हजार रुपए अपने पति को खर्च करने के लिए दे दिया और बचे 50 हजार रुपए अपने प्लास्टिक के झोला में रखकर दोनों पति-पत्नी बैंक से निकलकर अपने घर की ओर पैदल ही जा रहे थे। इसी दौरान ताजपुर बस स्टैंड के समीप एनएच- 28 पर पीछे से एक पल्सर बाइक पर सवार दो अज्ञात अपराधियों ने गाड़ी धीमी कर पैसा वाला झोला झपटकर गांधी चौक की ओर फरार हो गया। उसके बाद पीड़ित पति-पत्नी ने शोर मचाया तो आसपास के दुकानदार और राहगीरो की भीड़ जुट गई। उसके बाद स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं ताजपुर थाना अध्यक्ष ब्रजकिशोर सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि घटना का आवेदन पीड़ित के द्वारा दिया गया है। आवेदन के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

समस्तीपुर कोर्ट परिसर में पेशी के लिए लाए गए दो बंदियों को अपराधियों ने मारी गोली

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर में एक बार फिर बेखौफ बदमाशों ने कानून को ठेंगा दिखाते हुए न्यायालय परिसर में अंधाधुंध फायरिंग किया। इस दौरान चार की संख्या में बदमाशों ने पेशी के लिए आए दो कैदी को गोली मारकर जख्मी कर दिया और दौड़ते हुए वहां से फरार हो गए। सरेआम दिनदहाड़े हुए गोलीबारी की घटना के बाद वहां अफरा-तफरी का माहौल हो गया। आनन-फानन में दोनों जख्मी कैदी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां दोनों का इलाज जारी है। दोनों जख्मी कैदी की पहचान चकमेहसी थाना क्षेत्र के चकहैदर निवाशी प्रभात चौधरी व मुफ्फसिल थाना के दुधपुरा निवासी प्रभात तिवारी के रुप में हुई है। बताया जाता है कि शराब मामले में बंदी प्रभात चौधरी और उसका साथी का आज शनिवार को कोर्ट में पेशी होना था। कोर्ट हाजत से कोर्ट रूम ले जाने के दौरान चार की संख्या में पहुंचे अपराधियो ने दोनों के उपर अंधाधुंध फायरिंग कर जख्मी कर दिया। दिनदहाड़े कोर्ट परिसर में फायरिंग की घटना से जहां लोग दहशत में है वहीं पुलिसिया व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे है। बहरहाल पुलिस की एक टीम कोर्ट कैंपस में लगे सीसीटीवी को खंगालने में जुटी है। पुलिस अपराधी की पहचान करने में लगी हुई है। पुलिस कप्तान विनय तिवारी ने बताया कि शराब और हथियार मामले में प्रभात चौधरी और उसका सहयोगी जेल में था। दोनों को पेशी के लिए आज कोर्ट लाया गया था, इसी दौरान दोनों के उपर फायरिंग की गई है। संभवत शराब के अवैध कारोबार को लेकर उसके गिरोह के ही सदस्यों ने विवाद होने पर इसके उपर हमला किया है।

पुण्यतिथि पर याद किए गए कांग्रेस सेवा दल के संस्थापक श्रद्धेय नारायण राव सुब्बाराव हार्डिकर

आगामी 6 सितंबर को आनेवाले बिहार प्रदेश कांग्रेस के कद्दावर नेताओं की तैयारी पर हुई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। शनिवार को कांग्रेस भवन बेगूसराय में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष आनंद प्रेम की अध्यक्षता में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवा दल के संस्थापक श्रद्धेय नारायण राव सुब्बाराव हार्डिकर साहब की पुण्यतिथि मनाई गयी। साथ ही आगामी 6 सितंबर को राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की उर्वरा भूमि डॉ श्री बाबू की कर्मभूमि पर बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह, सीडब्ल्यूसी सदस्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता तारिक अनवर साहब, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह विधान पार्षद डॉ. मदन मोहन झा, विधायक दल के नेता शकील खान, बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम का आगमन होने जा रहा है। इसी कार्यक्रम से संबंधित तैयारियां को लेकर सेवादल के सभी वरिष्ठ साथियों, कनिष्ठ साथियों एवं कार्यकताओं के साथ बैठक हुई। सेवा दल के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल प्रसाद सिंह, सेवा दल की प्रदेश महिला अध्यक्ष रुचि सिंह, सेवा दल के पूर्व जिला अध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सेवादल का इतिहास बहुत पुराना है। सेवा दल की स्थापना 28 दिसंबर 1923 को नारायण राव सुब्बाराव हार्डिकर साहब ने अंग्रेजी शासन के खिलाफ बिगुल फूंकते हुए अपने क्रांतिकारी साथियों के सहयोग के लिए सेवा दल संगठन की स्थापना की।उनके त्याग और कठिन परिश्रम को सभी साथी स्मरण करते हुए उनके पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर याद किए। साथ ही आगामी 6 सितंबर को बिहार प्रदेश कांग्रेस के आने वाले सभी तमाम सम्मानित नेताओं के स्वागत के लिए सेवा दल अपने जिले के साथियों के साथ जोरदार स्वागत, अभिनंदन चंदन-वंदन के लिए मुस्तैदी से सैकड़ों सेवादल के वीर साथियों के साथ तैनात रहेंगे। इस बैठक में बेगूसराय कांग्रेस सेवादल के पूर्व जिला अध्यक्ष भासो राय, बीपीसीसी सदस्य कुमार रत्नेश टुल्लू, पूर्व महासचिव सावर कुमार, प्रभांशु कुमार बिट्टू, सुधीर सिंह, भूपेंद्र सिंह, मोहम्मद करीम, अशोक सिंह, सुरेंद्र महतो, मोहम्मद राशिद, मोहम्मद मिंटू, धर्मराज साहनी, विजय कुमार सिंह, धीरज कुमार, नीरज कुमार, मो. शमीम, दशरथ सिंह, शांति देवी, मुरलीधर मुरारी, मन्नू भारती, अभिषेक कुमार, स्वप्निल सोनू, राघव कुमार, सुबोध कुमार सहित अन्य साथी मौजूद थे।

कथा कहने वाले से श्रेष्ठ कथा सुनने वाले होते है:- विनी किशोरी

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर उत्तर पंचायत के बैंतीपार राम जानकी ठाकुरबारी परिसर में आयोजित झूलनोत्सव सह श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथा वाचिका विनी किशोरी ने कथा के माध्यम से बताई की गोपी गीत में गोपिया कहती है कि कथा वाचन करने वाले सबसे बड़े दानी है। लेकिन कथा वाचन करने वाले से श्रेष्ठ कथा सुनने वाले होते है। उन्होंने कहा की भगवान की कथा वहीं सुनते है जिसपर भगवान की कृपा होती है। कथा ऐसी गंगा है जिसमें हर कोई गोता नही लगा सकता। साथ ही तृतीय दिन की कथा की शुरूआत राम नाम की महिमा, सती चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि सती माता को जब संदेह हो गया कि जो वन में रोते भटकते अपनी पत्नी को ढूंढ रहे है वे ब्रह्म नही हो सकते है तो वो परीक्षा ली। मा सती का संदेह इस प्रकार का नाटक है जिस प्रकार कोई नाटक का अभिनय होता है। माता, पिता को ईश्वर का रूप बताया। भगवान हर जगह साक्षात नही रह सकते है। जो माता पिता को श्रद्धा, प्रेम व सेवा करता है। उसकी मुठी में चार पदार्थ (अर्ध, धर्म, काम, मोक्ष) होते है। शिव झांकी व शिव तांडव के दृश्य प्रस्तुत करते हुए गीत व संगीत से दर्शकों को आनंदित किया।

बेगूसराय के लाखो पचपन टोला में अवैध मिनी गन फैक्ट्री का पुलिस ने किया खुलासा

बेगूसराय पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में तीन महिला समेत नौ लोगों को किया गया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

● भारी मात्रा में कट्टा-बंदूक एवं अवैध हथियार बनाने वाले कई उपकरण बरामद, मशीनें जब्त एवं मकान को किया गया सील

बेगूसराय। शुक्रवार को गुप्त सूचना पर लाखो ओपी अन्तर्गत पचपन टोला गांव में परमानंद राय पे. बटेरन राय के घर में अवैध तरीके से हथियार निर्माण करने का मामला पुलिस ने खुलासा किया है। गुप्त सूचना पर पुलिस कप्तान योगेन्द्र कुमार को मिलने पर सदर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में पुअनि प्रमोद कुमार ओपी अध्यक्ष लाखो ओपी, एसटीएफ एसओजी 01 व 03, अभियान दल 10 जमालपुर एवं जिला आसूचना इकाई बेगूसराय की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। एसपी ने बताया कि छापेमारी के दौरान पचपन टोल गांव स्थित परमानंद राय के घर में अवैध तरीके से हथियार निर्माण करने वाले मिनी गन फैक्ट्री का उदभेदन कर नौ लोगों (06 पुरुष एवं 03 महिला) को गिरफ्तार किया गया। साथ ही अवैध कट्टा-बंदूक बनाने वाला लेथ मशीन 01, मिलिंग मशीन 01, ड्रिल मशीन 01, ग्राइंडर मशीन 01, कटर मशीन 01, अर्द्ध निर्मित पिस्टल - 12, बैरल -24 पीस, मोबाईल- 06, बाइक 02 एवं नगद 18 हजार रुपए को जब्त किया गया। एसपी ने बताया कि घर के मालिक दिल्ली जल बोर्ड का सेवानिवृत कर्मचारी है और वर्तमान में दिल्ली में रहता है। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है। बैकबर्ड और फॉरवर्ड सोर्स का पता लगाया जा रहा है। साथ ही भवन को सील किया गया है। पुलिस कप्तान ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का नाम, पता एवं आपराधिक इतिहास इस प्रकार है- राज कुमार चौधरी (शिक्षक) पे. राजेन्द्र चौधरी, सा. हाजी सुजान, थाना कोतवाली, जिला मुंगेर (मिनी गन फैक्ट्री संचालक) अजय कुमार चौधरी (शिक्षक) पे. राजकुमार चौधरी, सा. सुतरखाना, थाना मुफसिल, जिला मुंगेर, प्रवीण कुमार तांती पे. स्व. नारायण तांती, सा. मुबारकचक थाना- मुफसिल जिला- मुंगेर, मो. इकबाल, पे. मो. शलिम, सा. हजरतगंज खानका, थाना-कासिम बाजार, जिला मुंगेर, अमित कुमार चौधरी, पे. अशोक चौधरी, सा. हाजी सुजान, थाना कोतवाली, जिला मुंगेर, अशोक चौधरी, पे. नंदु चौधरी, सा. हाजी सुजान, थाना कोतवाली, जिला मुंगेर, कोरियर का काम करने वाली 03 महिलाएं शामिल है।

विद्यालय की जर्जर स्थिति पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन,मरम्मती किये जाने की उठाई मांग

प्रात : किरण संवाददाता

झाझा-नगर क्षेत्र स्थित मध्य विद्यालय सोहजाना में विद्यालय की जर्जर स्थिति रहने के कारण विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावक सहित ग्रामीणों के द्वारा विद्यालय प्रागंण में प्रदर्शन करते हुये विद्यालय की मरम्मती की मांग को उठाया है।विद्यालय में 250 बच्चा नामांकित है और उसके लिये चार कमरा बना हुआ है जिसमें दो कमरा की स्थिति जर्जर बनी हुई है जिससे स्कूली बच्चों के बीच खतरा बना हुआ है।इधर प्रदर्शन कर रहे स्थानीय ग्रामीण टिंकू यादव,बिनोद यादव,प्रमोद यादव,बिनोद माथुरी,ओंकार यादव,पवन साव,महेश यादव,सदानंद यादव ने बताया कि विद्यालय के कमरों मे बारिश का पानी छत से टपकने के अलावे छत का प्लास्टर टूटकर नीचे गिर रहा है।जिससे बच्चों के बीच अनहोनी होने का खतरा बना हुआ है साथ ही साथ विद्यालय में उन्हे शिक्षा ग्रहण करने में परेशानी हो रही है।अभिभावकों के द्वारा कई बार विद्यालय की मरम्मती को लेकर आवाज भी उठाया गया लेकिन शिक्षा विभाग इस ओर पहल नही कर रहा है जिसका खामियाजा स्कूली बच्चों को उठाना पड़ रहा है।वही लोगों ने आगे कहा कि विद्यालय में नामांकित बच्चों की संख्या भी अधिक है और कमरा भी कमरा है जिसके कारण स्कूली बच्चों को पढ़ाई करने में परेशानी होती है।प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि अगर बच्चों की शिक्षा व्यवस्था को लेकर विद्यालय की जर्जर स्थिति पर शिक्षा विभाग ने किसी भी प्रकार का कोई निर्णय नही लिया और विद्यालय की मरम्मती नही हुई तो हमलोग सोमवार को पुनःसड़क पर उतर कर आंदोलन करने पर विवश हो जायेगे।

आदर्श शिक्षक ही नहीं शिक्षकों के प्रेरणा स्रोत थे रामचंद्र बाबू : वक्ता

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। समदर्शिता, परोपकारिता, सचरित्रता, के विभिन्न संस्मरणों को अपने अपने अनुभव से भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। ये बातें स्मृति शेष रामचंद्र चौधरी के श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कही। उनके निवास स्थान वाजिदपुर बम्बैया में श्रद्धांजलि सभा का अध्यक्षता रामानंद झा एवं संचालन हिंदुस्तान के वरिष्ठ पत्रकार मनोरंजन प्रसाद मिश्रा कर रहे थे। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए अरुण कुमार झा, अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य डॉक्टर टीपी चौबे, उमेश प्रसाद सिंह, चांद मुसाफिर, नंदकिशोर सिंह, रामविलास प्रवासी, प्रभु नारायण झा, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, प्रोफेसर गणेश प्रसाद यादव, मुखिया सुशील कुमार चौधरी, इश नारायण, लक्ष्मी नाथ झा, केदार राय, राम भरत ठाकुर, प्रिया चौधरी एवं मुस्कान चौधरी, उज्जवल कुमार, दीपक कुमार चौधरी आदि ने संबोधित करते हुए दिवंगत रामचंद्र चौधरी के प्रति अपना अपना भाव उदगार व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी। वहीं दो मिनट के मौन धारण के साथ ही सभा समाप्त हुई।

संक्षिप्त खबरें

रक्षाबंधन 31 अगस्त को मनाया जाएगा : राकेश मिश्रा

दिघवारा ।भाई बहन के पवित्र रिश्तों का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन आगामी 31 अगस्त को मनाया जाएगा ।उक्त जानकारी राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित राकेश मिश्रा ने दी ।प्रखण्ड के मलखाचक गाँव स्थित शिव मंदिर परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ की विशेष बैठक आयोजित की गई ।बैठक में रक्षाबंधन मनाने की तिथि पर भ्रम की स्थिति देखते हुए संघ के विद्वत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष पंडित राकेश मिश्रा ने बताया कि 30 अगस्त बुधवार के दिन के 10 बजकर 13 मिनट तक चतुर्दशी तिथि है,उसके बाद पूर्णिमा तिथि प्रारम्भ हो रही है,जो 31 अगस्त गुरुवार की सुबह 7 बजकर 46 मिनट तक है ।30 अगस्त को दिन के 10 बजकर 13 मिनट से भद्रा प्रारम्भ हो रहा है तथा रात्रि 8 बजकर 58 मिनट तक भद्रा काल रह रहा है ।भद्रा समाप्ति के बाद ही रक्षाबंधन का शुभ मुहूर्त है ।इसलिये 31 अगस्त को ही उदयव्यापिणी पूर्णिमा तिथि मेंही रक्षाबंधन मनाया जाएगा ।उक्त अवसर पर पंडित विशाल मिश्रा,शशिभूषण ओझा,धनंजय तिवारी,बिट्टू उपाध्याय सहित सैकड़ो विद्वान उपस्थित थे।

बाइक दुर्घटना सवार मां बेटा घायल, सदर अस्पताल रेफर

मशरक। मशरक नगर पंचायत के तख्त टोला मे रिश्तेदारी मे आ कर वापस घर लौट रहे बाइक सवार मां बेटा बाइक दुर्घटना में घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया जहां घायल मां की गंभीर हालत देख बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया ।महिला की पहचान गोपालगंज जिले के मोहम्मदपुर निवासी विशेश्वर राम के 55 वर्षीय पत्नी कलावती देवी एवं घायल पुत्र 19 वर्षीय पुत्र अर्जुन कुमार के रूप में हुआ है ।जानकारी के अनुसार लोगों ने बताया कि महिला अपने पुत्र के साथ मोहम्मदपुर से अपने बहन के घर मशरक तख्त गांव मे बहन के यहां उसके पौत्र के छठी मनाने आई थी आज अपने पुत्र के साथ बाइक से घर वापस लौटने के दौरान मशरक के महावीर चौक पर बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गया। जिसमें मां बेटा घायल हो गए इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया जहां मां की गंभीर हालत देख चिकित्सक डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया।

एसपी के जन सुनवाई कार्यक्रम में 22 मामलों पर हुई सुनवाई

छपरा ।एसपी के जन सुनवाई कार्यक्रम में शनिवार को 22 आवेदन पत्र शामिल किए गए ।पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव मंगला ने अपने कार्यालय कक्ष में सभी आवेदन पत्रों पर सुनवाई की और उनके निष्पादन हेतु संबंधित पुलिस अधिकारियों को निदेशित किया.जन सुनवाई में आये 22 आवेदको ने उपस्थित होकर अपनी अपनी समस्यायें बतायी. श्री मंगला ने बारी बारी से उनकी समस्याओं को सुना और उनके निराकरण हेतु आवश्यक नियमानुसार कार्रवाई करने के आदेश संबंधित थानाध्यक्षों ईवीएम पुलिस पदाधिकारियों को दिए। विदित हो कि पुलिस कार्यालय में प्रत्येक कार्य दिवस पर 11:00 से 1:00 तक जन सुनवाई की जाती है।

कीचड़ भरी सड़क पर चलना आम लोगों की बड़ी मुश्किलें

असरगंज। प्रखंड के साजुआ गांव के वार्ड संख्या एक कुशवाहा टोला में सड़क पर कीचड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसके चलते वार्ड निवासी सहित आम लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है हाल यह है कि लोगों को गांव जाने में भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दर्जन भर ग्रामीणों ने बताया कि गांव के लोगों के साथ ही स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को इसी कीचड़ मय सड़क से होकर गुजरना पड़ता है। बीते कई वर्षों से सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है। इसके कारण वर्षा होते ही वार्ड के लोगों को कीचड़ में घुसकर अपने घरों तक जाना पड़ता है इस संबंध में मुखिया धर्मेंद्र मांझी ने बताया कि सड़क को योजना में पारित कर लिया गया है। लेकिन सरकार से इस मद में राशि प्राप्त नहीं हुआ है अगर इस योजना के कार्य करने के लिए सरकार राशि उपलब्ध करा देते हैं तो सड़क का निर्माण तुरंत ही कर दिया जाएगा।

एक वारंटी गिरफ्तार

संग्रामपुर। संग्रामपुर पुलिस ने शराब मामले में फरार चल रहे एक वारंटी को गुरुवार की रात थाना क्षेत्र के मुर्गियां टोला गांव से गिरफ्तार किया है ।इस संबंध में थाना अध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी मुर्गियां टोला गांव निवासी रीतलाल यादव के पुत्र सुभाष यादव शराब मामले में फरार चल रहा था। जिसके विरुद्ध बांका न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी था। जिसे शुक्रवार की सुबह न्यायिक हिरासत में बांका जेल भेज दिया गया है।

जिला खनिज फॉउडेंशन ट्रस्ट के माध्यम से होंगे विकास के कार्य

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा नगर। जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में जिला खनिज फॉउडेंशन ट्रस्ट के द्वारा चिन्हित विकासात्मक कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई ।जिला खनिज फॉऊडेंशन ट्रस्ट से सदर अस्पताल छपरा में अतिरिक्त रजिस्ट्रेशन काउन्टर एवं मरीजों को बैठने की व्यवस्था हेतु शेड का निर्माण कराये जाने का निर्णय लिया गया। जिलाधिकारी ने इन कार्यों के लिए अविलम्ब प्राक्कलन बनाने एवं निविदा प्रकाशित करने के निदेश दिए.उन्होंने बताया कि विविध विषयों के विशेषज्ञ शिक्षकों के माध्यम से विभिन्न कक्षा के विद्यालयों के लिए पाठ्यक्रम के अनुसार वीडियों तैयार करने हेतु आधुनिक डिजीटल स्टूडियों का निर्माण कराया जाएगा। इससे उन विद्यालयों में वीडियो अथवा यूट्यूब के माध्यम से पढ़ाई करवाई जा सकेगी जहाँ उन विषयों के शिक्षक नहीं हैं। बैठक में अपर समाहर्त्ता सारण मो मुमताज आलम, एवं जिला खनिज फॉऊडेंशन ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित रहे।

शिक्षा सचिव बैधनाथ यादव और उनके टीम ने औचक निरीक्षण किया

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। प्रभुनाथ महाविद्यालय परसा में बिहार सरकार के शिक्षा सचिव बैधनाथ यादव ने अपने टीम के साथ औचक निरीक्षण किया गया जिसमें वर्ग संचालन हो रहा था छात्र छात्राओं के उपस्थिति देख प्रसन्न हुए।

वर्ग में पंखा चालू था, हिन्दी विभाग के शिक्षक डॉ संजय कुमार सिंह, गणित विषय शिक्षक डॉ यूं एन झा, इतिहास के शिक्षिका डॉ मनीषा कुमारी के द्वारा पढया जा रहा था, शिक्षा सचिव ने वर्ग संचालन को जांच करते हुए अपना अनुभव बताया । पुस्तकालय को जांच किया गया तो सभी पुस्तकें व्यवस्थित पाए, बायोमेट्रिक सिस्टम प्रभुनाथ महाविद्यालय में बिहार सरकार के द्वारा लिए गए एजेंसी ने नहीं लगाया है जिस कारण शिक्षा सचिव के द्वारा फटकार लगाया गया और वह काफी नाराज देखें। प्राचार्य कार्यालय को देखकर निराश हुए और प्राचार्य कक्ष को जितना जल्द व्यवस्थित किया जाए। शौचालयों की साफ- सफाई के लिए कहा कि प्रति दिन सफाई करया जाएं। जन्तु विज्ञान विभाग और वनस्पति विज्ञान विभाग को बंद पाया गया जिसको लेकर प्राचार्य को फतकार लगया कि आप दोनों विभाग को कैसे छुट्टी एक साथ दिया। इंटरमीडिएट का पढ़ाई हो रहा था जिस पर शिक्षकों को बोला कि आप को विश्वविद्यालय पैसा देता है स्नातक के छात्र/छात्राओं को पढ़ाने के लिए तो इंटरमीडिएट को कैसे पढ़ा रहे हैं। महाविद्यालय के कुक्ष शिक्षक एवं संजय कुमार राय कर्मचारी बीपीएससी परीक्षा पटना में था जिस कारण छुट्टी पर थे ।

रसूलपुर में आज से शुरू होने वाले झूलनोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

रसूलपुर ।स्थानीय चट्टी के बाबा दुर्गेश्वरनाथ मंदिर में पांच दिवसीय झूलन उत्सव 27 अगस्त रविवार से शुरू होगा ।मुखियापति व प्रतिनिधि मिथिलेश प्रसाद ने बताया कि परम्परागत रूप से मनाये जाने वाले झूलनोत्सव को लेकर ग्रामीणों उत्साह पूर्वक सहयोग कर रहे हैं ।उपमुखिया मनोज प्रसाद सोनी के नेतृत्व में समारोह से जुड़े कार्यकाताओं की एक बैठक की गई ।बैठक में बताया गया कि मंदिर के पूजारी रघुनंदन दूबे द्वारा पांच दिनों तक विशेष पूजा करायी जाएगी और शाम में लोग झूलन उत्सव में भाग लेकर भगवान कृष्ण की भक्ति में गोते लगायेंगे ।छठे दिन विशाल भंडारे का आयोजन होगा ।गांव के ही माता सती स्पोर्ट्स क्लब द्वारा इस मौके पर सुंदरकांड का संगीतमय कराया जायेगा। बैठक में खीरू बाबा ,प्रभु जी पटवा, राजाराम पटेल,ब्रजेश कुशवाहा, निखिल तिवारी,,मुकुल सोनी पिंटू श्रीवास्तव ,डॉड्ड अखिलेश तिवारी,शिवम तिवारी,विकास सोनी बिट्टू प्रसाद आदि प्रमुख रुप से उपस्थित थे ।

इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एंव पैरामेडिकल कॉलेज एकमा में खुल जाने से क्षेत्र वासियों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा : पूर्व विधायक

प्रात : किरण संवाददाता

एकमा। मांझी बरौली पथ व छपरा सिवान मुख्य मार्ग के ओवर ब्रिज के समीप इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज का शुभ उद्घाटन एकमा के पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह डॉ बीके सिंह समाज सेवी योगेन्द्र शर्मा बिटीबि बिजेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन के मौके पर पहुंचे मुख्य अतिथियों के स्वागत में पैरामेडिकल कॉलेज का छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर उनकी मां बढ़ाया । इस दौरान छात्राओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक धूमल सिंह ने कहा कि एकमा में पैरामेडिकल कॉलेज खुल जाने से क्षेत्र वासियों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा अब पौरा मेडिकल कॉलेज का कोर्स करने के लिए अब छात्राओं को इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं होगी संस्थान में पढ़ाई के साथ-साथ महिला एवं पुरुषों के लिए आगे चलकर छात्रावास भी बनाई जाएगी। इस जिले के अलावे अन्य जिलों के छात्र छात्राएं भी शिक्षा हासिल कर अपने पैरों पर खड़ा होकर पैसा कमाने के साथ समाज सेवा भी कर सकते हैं । इस मौके पर काफी संख्या में क्षेत्र के गण मन लोग उपस्थित थे ।

मशरक बीआरसी में बीईओ ने की बैठक ,विभागीय आदेश का सख्ती से पालन करने का दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मशरक। मशरक बीआरसी सभागार में शिक्षा विभाग के द्वारा विधालय संचालन के लिए जारी निदेर्शों का पालन करने के लिए प्रखड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी की अध्यक्षता में सभी प्रधानाध्यापक की बैठक शनिवार को आयोजित की गयी। बैठक में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने प्रधानाध्यापकों से उनके विधालय का पूर्ण विवरण प्राप्त किया। अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग के द्वारा जारी किए विभिन्न निदेर्शों का सख्ती से धरातल पर लागू करने की बात कहीं गई। जिसमें छात्र छात्राओं की उपस्थिति 50% से उपर,विधालय परिसर और शौचालय की नियमित सफाई,समय सारणी से विधालय का संचालन,रूटिन के अनुसार वर्ग संचालन,छात्र छात्राओं को ड्रेस में आना, मध्यान्ह भोजन मेनू के अनुसार,विधालय में उपलब्ध खेल साम्रागी से गति विधि रखना, ई शिक्षक एप डाउनलोड करना, वर्ग कक्ष में कुर्सी नहीं रखना और मोबाईल का इस्तेमाल नहीं करना,विधालय में रद्दी पड़े सामानों की नीलामी करने समेत अन्य निर्देश दिए गए। मौके पर बीआरपी दिलीप कुमार सिंह,अभय कुमार दीक्षित ,प्रधानाध्यापक धीरेंद्र कुमार , अनिमेष मोहन , उपेंद्र सिंह , रहमत अली मंसूरी समेत अन्य मौजूद रहें।

रिक्की रानी ने किया जिला का नाम रोशन अंकेक्षक पद पर हुआ चयन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। रिक्की रानी का बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा अंकेक्षक पद पर चयन कर लिया गया हैं । शिक्षा मैट्रिक केन्द्रीय विद्यालय छपरा , इंटरमीडिएट सेंट माईकल्स स्कूल पटना , बी. एससी. ऑनर्स (गणित) पटना वुमेन्स कॉलेज ,बी.एड, जे .पी.यू. छपरा पूरा किया हैं। पिता डॉ. जनार्दन सिंह प्रधानाध्यापक ,उच्च माध्यमिक +2 असोईयां, मढ़ौरा एवं माता इंदु सिंह प्रखंड शिक्षिका, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रामनगर, छपरा सदर में पदस्थापित हैं। पिछली बार बिहार लोक सेवा आयोग में प्रशासनिक परीक्षा के इन्टरव्यू तक, पटना हाईकोर्ट सहायक परीक्षा, तृतीय स्नातक स्तरीय परीक्षा, बीपीएससी सहायक का मुख्य परीक्षा एवं केवीएस टीजीटी का इंटरव्यू देकर रिजल्ट का इंतजार कर रही हैं। वर्तमान में प्रभुनाथ नगर छपरा में रहती है वैसे, मूल निवासी मौजमपुर थाना अवतार नगर ,सारण के रहने वाली हैं। उधर इसकी सफलता पर पूर्व प्राचार्य ड़ॉ जयराम सिंह ,पूर्व प्रधानाध्यापक चंद्रभूषण प्रसाद श्रीवास्तव एवं सारण जिला पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष डॉ विद्या भूषण श्रीवास्तव ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए उसे बधाई दी है।

नित्यानंद राय गरीब कल्याण सम्मेलन मे शामिल होने भोजपुर पहुँचे

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'गरीब कल्याण सम्मेलन' मे शामिल होने के लिए भोजपुर पहुँचे। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री का भव्य स्वागत कोईलवर पुल पर किया गया। कोईलवर से स्वागत करने का सिलसिला लगातार आगे बढ़ते हुए गीधा, बिहिया,जगदीशपुर, आरा होते. हुए संदेश और बड़हरा के विभिन्न जगह फूल-माला,ढोल बाजे,अंगवस्त्र के साथ स्वागत किया गया। नित्यानंद राय जगदीशपुर किला मैदान मे बाबू कुँवर सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। माल्यार्पण कार्यक्रम के बाद बाबू कुँवर सिंह के वंशजों को सम्मानित करने दलीपपुर पहुंचे ।जगह -जगह उनका भव्य स्वागत किया गया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पिछड़ा,अतिपिछड़ा, दलित,महादलित स्वर्ण गरीब कल्याण सम्मेलन बड़हरा विधानसभा के बिराहिमपुर हाई स्कूल और संदेश विधानसभा के संदेश हाई स्कूल मैदान में किया गया। बिराहिमपुर हाई स्कूल मैदान के मिलन सम्मेलन में 1500 से अधिक दलित, महा दलित ,पिछड़ा, अति पिछड़ा और अल्पसंख्यक समुदाय की कार्यकताओं का भाजपा में मिलन हुआ। मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने भारत माता की तीन बार नारा लगाकर लोगों को भाजपा का सदस्यता दिलाया। अल्पसंख्यक समुदाय से 25 मुस्लिम कार्यकताओं को जैनुल खान के नेतृत्व में सदस्यता दिलाई गई। बरहरा सम्मेलन की अध्यक्षता बरहरा मंडल अध्यक्ष उज्जवल सिंह ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश विकसित देशों की सूची में आने के लिए तत्पर है। आज समाज के सभी वर्ग चाहे वह दलित हो या महादलित हो पिछड़ा हो या अति पिछड़ा हो या उन सभी समुदाय के लोग भारतीय जनता पार्टी को पसंद कर रहे हैं और भारतीय जनता पार्टी में शामिल होकर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत कर रहे हैं। 2024 की चुनाव इन्हीं दलित महाकालिक पिछड़ा अति पिछड़ा समुदाय के बालों पर केंद्र में सरकार बनाने का काम भाजपा करेगी। वही बरहरा विधायक पूर्व मंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नित्यानंद राय जी के ही बल पर मैं बरहरा से भाजपा का विधायक बना। आज बरहरा की जनता नित्यानंद राय जी को स्वागत करती है। आज सम्मेलन में बिन्द समुदाय से हजारों लोग शामिल हुए इसके अलावा अति पिछला पिछला दलित महा दलित अल्पसंख्यक समुदाय से अधिकाधिक संख्या में लोग भाजपा में शामिल हुए और आगे भी और होंगे। सम्मेलन में धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष दुर्गा राज ने किया और संचालन संजय तिवारी ने की। कार्यक्रम में भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ओम प्रकाश भुवन,नेफेड के अध्यक्ष विशाल सिंह,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरेन्द्र पांडेय,शंभु चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष ई.धीरेन्द्र सिंह,उदय प्रताप सिंह,वंदना राजवंशी, मीडिया प्रभारी संजय कुमार सिंह, धीरज सिंह,राहुल सिंह,धनंजय तिवारी, शैलेश कुमार गुड्डू, प्रहलाद राय,सूर्यकान्त पांडेय,ममता सिंह,संध्या सिंह,शंकुतला सिंह,करोड़पति सिंह,रंजीत गुप्ता,निशांत सिंह सेंगर,विवेक सिंह सहित हजारो कार्यकर्ता थे।

संदेश सम्मेलन की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लवकुश पंडित ने किया ।रामदिनेश यादव और भाजपा नेताओं ने जगह जगह नित्यानंद राय जी का स्वागत किए। संदेश मे 851 विभिन्न समुदाय के लोग भाजपा मे शामिल हुए। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री ने भाजपा जिला कार्यालय मे जिला पदाधिकारी सहित वरिष्ठ,सक्रिय कार्यकताओ के साथ संवाद सम्मेलन सह भोज मे शामिल हुए।

कार्यक्रम मे आरा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह,पूर्व सांसद श्रीमती मीना सहि,महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती लाजवंती झा जी सहित अन्य नेतागण भी शामिल रहे।

शहर में जगह- जगह सीसीटीवी लगा दिया जाए : मितेन्द्र

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद में नगर थाना के अंतर्गत फारम के पास तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से होमियो चिकित्सक डॉ. प्रभात रंजन की पत्नी पूजा रंजन की दर्दनाक मौत हो गई। रूपा रंजन सुबह मॉर्निंग वॉक करने के लिए निकली थी। इस घटना को लेकर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह ने जिला प्रशासन से माँग करते हुए कहा कि आए दिन शहर में तेज गति से बाइक चलाने वाले लोगो की संख्या बढ़ गई है लोग लहरिया कट मार कर बहुत तेज रफ्तार में बाइक चलाते है। मैं स्थानीय प्रशासन से यह माँग करता हुँ की शहर में जगह- जगह सीसीटीवी लगा दिया जाए और तेज गति से बाइक चलाने वाले लोगो की पहचान करके कड़ी से कड़ी करवाई करनी चाहिए ।आए दिन हमेशा शहर में लूट,चैन स्नेचिंग और भी कई आपराधिक घटना घटता है ।इस विषय पर प्रशासन कड़ा रुख अपनाते हुए जल्द से जल्द संज्ञान ले और करवाई करें ।शहर में सुबह-सुबह छोटे-छोटे,बच्चे,बुजुर्ग,महिलाएँ बड़ी संख्या में टहलने के लिए निकलते है और ऐसी घटना से लोग अपने आप को असुरक्षित महसूस करते है।

विहंगम योग शताब्दी महोत्सव को लेकर संकल्प यात्रा के दौरान 7 सितंबर को औरंगाबाद आएंगे संत श्री विज्ञानदेव जी महाराज

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिला मुख्यालय जगदेव नगर स्थित महर्षि सदाफल देव विहंगम योग आश्रम के परिसर में संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज को आने को लेकर बिहार प्रांत के युवा अध्यक्ष संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले भर के सभी प्रखंड के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव उमेश प्रसाद सिंह ने की। युवा अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि संत प्रवर श्री विज्ञान देव महाराज 7 सितंबर को संध्या 5 बजे औरंगाबाद अनुग्रह नारायण इंटर कालेज (गेट स्कूल) के खेल मैदान में आएंगे। जहां संकल्प यात्रा के दौरान स्वर्वेद पाठ, भजन व दिव्यवाणी के होगी। बताया कि ब्रह्मविद्या विहंगम योग संस्थान का शताब्दी महोत्सव उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्वर्वेद महामंदिर के प्रांगण में 17 एवं 18 दिसंबर 2023 को आयोजित होना है। इस अवसर पर 25 हजार कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ का आयोजन होना है। जिसके लिए कार्यकारिणी की गठन किया गया।

कार्यक्रम सचिव सह मीडिया प्रभारी वैदिक पुरोहित आचार्य मयंक शास्त्री ने बताया कि कश्मीर की धरती से सुपूज्य संत प्रवर श्री विज्ञानदेव जी महाराज द्वारा विहंगम योग संस्थान के शताब्दी समारंभ महोत्सव व 25हजार कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ के निमित्त औरंगाबाद के गेट स्कूल के खेलमैदान में 7 सितंबर को संकल्प यात्रा की रथ आने वाली है, जिसका लिए तैयारियां चल रही है। बताया कि संत विज्ञान देव जी ने विगत 17 जुलाई को देशव्यापी कश्मीर से कन्याकुमारी संकल्प यात्रा का दिव्य शंखनाद कर दिया है। जहां महाराज जी का कहना कि यह संकल्प यात्रा खुद से खुद की दूरी मिटाने की है। यह देशव्यापी यात्रा हमें अंतर्यात्रा का संदेश देती है और प्रत्येक साधक को इसके लिए संकल्पित होना है। हम सबका संकल्प महान स्वर्वेद महामंदिर निर्माण के साथ आगे बढ़ रहें हैं। कहा कि स्वर्वेद विहंगम योग का प्रधान सदग्रंथ है। स्वर्वेद ग्रंथ स्वर्वेद महामंदिर को समर्पित है। 20 हजार साधक की साधना करने की क्षमता रखता है स्वर्वेद महामंदिर। इस दौरान जिला संयोजक अनुज प्रसाद,भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीनानाथ विश्वकर्मा,विनोद वर्मा,बैजनाथ प्रजापति, लकी नारायण प्रसाद, रीता देवी, विष्णु देव,दामोदर सिंह,संतोष मिश्रा,उमेश प्रसाद सिन्हा,दीनबंधु भगत के साथ कई लोग मौजूद रहे।

बिहार के लाल विनीत को मिला स्टार्टअप और अविष्कार के लिए पूरे देश में दूसरा स्थान

15 दिनों के लिए नॉर्दन यूनिवर्सिटी, बोस्टन, अमेरिका में जाके रिसर्च करेंगे औरंगाबाद के विनीत

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। बिहार के औरंगाबाद जिले के ग्राम देवहरा निवासी धनेश प्रजापति और सुनीता देवी का पुत्र विनीत ने फिर से एक बार कमाल कर दिया है, भारत सरकार, स्टार्टअप इंडिया, तेलंगाना सरकार और नॉर्दन यूनिवर्सिटी बोस्टन अमेरिका द्वारा आयोजित स्मार्ट आइडियाथोन 2023 में विनीत कुमार ने पूरे देश में दूसरा स्थान पाया है।

यह प्रोग्राम हैदराबाद के गीतम यूनिवर्सिटी में 24 और 25 अगस्त कराया गया था। इसमें पूरे देश के छात्र, उद्यमी और स्टार्टअप शामिल हुए थे, जिसमे विनीत ने अपने द्वारा किए गए नए अविष्कार कैटलटिक रिडक्शन विथ डी पॉलिमेरिशन को दिखाया (पॉलीफ्यूलर)। 5 राउंड प्रेजेंटेशन के बाद 1200 एप्लीकेशन में से 32 टीम को हैदराबाद बुलाया गया था, उसके बाद फिजिकल प्रेजेंटेशन के बाद सिर्फ 8 टीम फाइनल राउंड में गए थे, उसके बाद देश और विदेश के कई वैज्ञानिक और उद्यमियों द्वारा जजमेंट किया गया और ओपन हाउस प्रिजेंशन भी हुआ, जिसमे लगभग 5000 से अधिक लोग शामिल थे। विनीत बताते है देश के विभिन कोने से आए छात्र और उद्यमियों ने काफी अच्छे और बड़े प्रोजेक्ट लेके आए थे, काफी कंपटीशन के बाद, फाइनल में विनीत को अपना अविष्कार के लिए पूरे देश भर में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। जिसके लिए पुरुष्कार में विनीत को एक लाख की कैश प्राइज दिया गया है, बीस हजार का गिफ्ट्स दिए गए। अपने प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए हैदराबाद में इनक्यूबेशन मिला है, मेंटर सपोर्ट, के साथ में 15 दिनों के लिया अमेरिका के नॉर्थन यूनिवर्सिटी, बोस्टन में जाके रिसर्च करने का भी मौका दिया गया है। बता दे विनीत अपना सारा अविष्कार अपने घर गांव में ही करते है और साथ साथ पढ़ाई भी करते है ।विनीत अपने साथ अपने टीम में मनीष बिभु जो गया के निवासी है और अभिषेक कुमार भी साथ में इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे है,

विनीत के टीम से अभी 2 लोग अमेरिका जाएंगे जिसमे विनीत कुमार और मनीष बिभु है। अपने इस सफलता का से विनीत काफी खुश है क्योंकि उन्हें देश में ही नही अब अमेरिका जैसे विकसित देश में जाके अपना रिसर्च पर काम करने और उसे आगे बढाने का मोका मिला है और वो उम्मीद करते है अपने जिले और राज्य के साथ साथ वो देश का नाम भी नोशन करेंगे। अपने इस सफलता का पूरा श्रेय अपने माता झपिता, गुरुजन और अपने साथियों को दिया है, जिन्होंने मुझे हर मुकाम पर मेरे साथ दिए है, मेरे हर कदम पर साथ दिए है, और जहा उसने नहीं हो सकता था वहा भी उन्होंने मेरा साथ दिया है। विनीत ने अपने इस अविष्कार में गुरु पंकज कुमार सिंह और मारुति नंदन मिस्र को उनके मागदर्शन के लिया धन्यवाद दिया है। आपको बता दे विनीत इसे पहले भी कई अविष्कार कर चुके है और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पुरुष्कार प्राप्त कर चुके है।

संसद सद्भाव की बात अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जदयू के ग्राम संसद सद्भाव की बात कार्यक्रम के तहत नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बारुण प्रखंड के भरपूर पंचायत अंतर्गत गोरा टेंगरा पंचायत अंतर्गत ग्राम टेंगरा हां को पंचायत अंतर्गत ग्राम जनकोप में जादू के ग्राम संसद सद्भाव की बात अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू प्रखंड अध्यक्ष बारुण उपेंद्र कुमार यादव ने किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 18 वर्षों के कार्यकाल में किए गए जन कल्याणकारी योजनाएं एवं विकास योजनाओं पर गहन चर्चा करते हुए उपस्थित कार्यकताओं ने सरकार की उपलब्धि से जन-जन को अवगत कराने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद सह पूर्व विधायक ने कहा कि जदयू के कार्यकर्ता गांधी जेपी लोहिया बाबा साहब अंबेडकर और जननायक कपूर्री ठाकुर के विचारों पर चलने वाले लोग हैं। हमारे नेता नीतीश कुमार इन पुरुषों के आदर्शो पर चलते हुए समाज सुधार के कार्य शुरू किए। महिलाओं की मांग पर उन्होंने शराब बंदी लागू किया। दहेज प्रथा और बाल विवाह जैसे कोढ़ से समाज को मुक्त कराने का अभियान चलाया। पूर्व सांसद ने कहा मुख्यमंत्री साइकिल योजना, मुख्यमंत्री पोशाक योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, सतत जीविकोपार्जन योजना, सभी वृद्धो के लिए पेंशन योजना, हर घर नल का जल योजना, घर-घर बिजली योजना, किसानों के लिए हर खेत को पानी देने की योजना, बिहार के सुदूरवर्ती इलाकों से बिहार की राजधानी पटना 5 घंटे में पहुंचने की योजना, महिला सशक्तिकरण के लिए पंचायतों में 50% महिलाओं को आरक्षण देने की योजना, एकल पदो पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातिय, अति पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं को आरक्षण देने की योजना आदि अनेको महत्वपूर्ण काम किए गए। इस कार्यक्रम में नबीनगर विधानसभा के प्रभारी सह प्रदेश महासचिव राजू गुप्ता, बारुण प्रखंड के संगठन प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार यादव, अत्यंत पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार चंद्रवंशी, जिला महासचिव नागेंद्र सिंह, बारुण प्रखंड के उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी केदार यादव, टेंगरा पंचायत के मुखिया अरुण कुमार, मृत्युंजय कुमार, रामदीप सिंह, पूर्व सरपंच रामजन्म सिंह, अत्यंत पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर ,पंचायत समिति बलजीत सिंह, भोपतपुर पंचायत के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, पंचायत प्रभारी राजेश्वर मेहता, जनकोप पंचायत के अध्यक्ष चंदन शर्मा, राजकुमार पासवान रामेश्वर बैठा आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

मुस्लिम भाइयों ने जामा मस्जिद के पास कांवरियों को भेंट किये गुलाब

औरंगाबाद। शहर के जमा मस्जिद के पास मुस्लिम समाज के लोगो की अनूठी पहल से एक बार फिर साबित हो गया की नफरत पर चाहे जितनी मिट्टी डाल दी जाय उसमे से मोहब्बत का फूल खिल ही जाता है शुक्रवार की रात बाबा धाम से चल कर आए कावर्यारियो को पैगामे इंसानियत मुस्लिम समुदाय के अध्यक्ष मो शहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान के नेतृत्व में गुलाब का फुल दे कर स्वागत किया इस दौरान मुस्लिम समुदाय ने वापस आए कांवरियों को माला पहनाई और पानी पिलाकर प्यास बुझाई पैगामी इंसानियत के अध्यक्ष मो सल्लू खान ने कहा कि हम सबसे पहले हिंदुस्तिनी हैं बाद मे हिन्दू मुस्लिम है जिले मे बन रहे आपसी भाई

सम्पादकीय

ब्रिक्स की नई यात्रा

नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन के दौरान यह दो-टूक एलान किया कि भारत ब्रिक्स के विस्तार का समर्थन करता है। उनकी इस घोषणा के तुरंत बाद शिखर सम्मेलन में नए देशों को ब्रिक्स में शामिल करने के मानदंडों से संबंधित प्रस्ताव को पारित कर दिया गया। अपने 15वें शिखर सम्मेलन के साथ पांच उभरती अर्थव्यवस्थाओं- ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका- का मंच ब्रिक्स अब एक नई यात्रा शुरू करने जा रहा है। बुधवार इस शिखर सम्मेलन में महत्त्वपूर्ण दिन रहा, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन के दौरान यह दो-टूक एलान कर दिया कि भारत ब्रिक्स के विस्तार का समर्थन करता है। मोदी के भाषण पर सबकी निगाहें टिकी थीं, क्योंकि पिछले कुछ समय से पश्चिमी मीडिया में कई भ्रामक खबरें थीं। उनमें बताया गया था कि भारत ब्रिक्स के विस्तार और अंतरराष्ट्रीय कारोबार के लिए नया भुगतान सिस्टम बनाने की ब्रिक्स की कोशिश का विरोध कर रहा है। जबकि ये दो मुद्दे ही दक्षिण अफ्रीका के जोहानेसबर्ग में आयोजित शिखर सम्मेलन में प्रमुख मुद्दा थे। शिखर सम्मेलन से ठीक पहले यह बात साफ हो गई थी कि ब्रिक्स जोहानेसबर्ग शिखर सम्मेलन में अपनी अलग करेंसी का एलान नहीं करेगा। इसके बजाय वहां चर्चा ब्रिक्स देशों के बीच आपसी कारोबार में भुगतान अपनी मुद्राओं में करने का सिस्टम बनाने पर होगा। इसे आर-5 यानी रुपया, रेनमिनबी, रुबल, रैंड और रियाल- के बीच सहयोग के नाम से जाना जा रहा है। ब्रिक्स में विस्तार को भारत के समर्थन की घोषणा के तुरंत बाद विस्तार के मानदंडों से संबंधित प्रस्ताव शिखर सम्मेलन में पारित कर दिया गया। यानी अब विस्तार एक हकीकत बनने जा रहा है। चर्चा है कि पहले चरण में सऊदी अरब, यूएई, ईरान, अल्जीरिया और अर्जेंटीना को ब्रिक्स से जोड़ा जाएगा। सदस्यता के लिए अर्जी देने वाले बाकी 18 देश अभी फ्रेंड्स ऑफ ब्रिक्स के रूप में मौजूद रहेंगे। आपसी मुद्राओं में कारोबार तो पहले से ही जोर पकड़ रहा है। इसके लिए भारत खास उत्साहित रहा है। चूंकि यह चलन सभी विकासशील देशों के हित में है, इसलिए इसे और गति मिलना भी अब एक वास्तविक संभावना है। हालांकि जोहानेसबर्ग आए किसी नेता ने यह कहा नहीं है, लेकिन वहां हुए फैसले साफ संकेत देते हैं कि अपनी नई यात्रा में ब्रिक्स जी-7 के वर्चस्व के लिए एक बड़ी चुनौती बनेगा। आर्थिक ताकत, सियासी इरादा, और वक्त की धारा- ये सभी अब ब्रिक्स के अनुकूल हैं।

चांद पर इंसानी बस्ती की बढ़ी उम्मीद

प्रमोद भार्गव

चंद्रयान तीन के चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफल प्रक्षेपण के बाद लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान ने पानी और खनिजों की खोज के उद्देश्य से काम शुरू कर दिया है। देश की समूची जनता इस सफलता से अति उत्साह में है। अब यह प्रश्न आम और खास आदमी के मन में सहज ही उत्पन्न होने लगा है कि क्या आगामी कुछ वर्षों में चंद्रमा पर मानव बस्तियां बसाई जा सकेगी ? इन्हीं संभावनाओं की तलाश में विक्रम और प्रज्ञान ने संयुक्त अभियान छेड़ दिया है। ये यहां पानी के साथ आग की भी तलाश करेंगे। यदि आग और पानी मिल जाते हैं तो चांद पर मनुष्य के आबाद होने की उम्मीद बढ़ जाएगी। लेकिन एकाएक चांद पर सुविधायुक्त घर बनाना तो संभव नहीं होगा, अतएव ऐसी गुफाओं या कोटरों में रहना होगा, जिनमें पाषाण युग का मनुष्य अग्नि के साथ रहता था।

चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सघन रूपों में बड़ी मात्रा में पानी उपलब्ध होने के तत्व मिले हैं। लेकिन ये जहां इंसान रहेगा वहां से बहुत दूर भी हो सकते हैं। इसलिए आरंभ में चांद के मौसम की जानकारी के साथ वहां के वायुमंडल में गैसों की मौजूदगी का भी पता लगाना होगा, जिससे उनके अनुकूल जीवन को संभव बनाया जा सके। हालांकि कई शोधों से यह ज्ञात हुआ है कि चंद्रमा पर गुफाओं की अनेक संरचनाएं हैं। कुछ गुफाओं में तापमान भी मनुष्य के अनुकूल है। इन गुफाओं के इर्द-गिर्द गड्ढे हैं और इन गड्ढों में पृथ्वी जैसा तापमान है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के अनुसार वहां 17 डिग्री सेल्सियस तापमान पाया गया है। परंतु चंद्रमा की सतह पर तापमान बदलता रहता है। दिन के समय यह 260 डिग्री तक और रात में यह तापमान षून्य से 280 डिग्री सेल्सियस नीचे चला जाता है। इसलिए प्रज्ञान ऐसे स्थलों की खोज भी करेगा जहां तापमान स्थिर रहता हो। चंद्रमा पर एक दिन या रात पृथ्वी के दो सप्ताह से थोड़े ज्यादा होते हैं। इस कारण भी मनुष्य का रहना आसान नहीं हो पा रहा है। हालांकि नवीनतम अनुसंधानों से पता चला है कि 200 से अधिक ऐसे गड्ढे हैं, जो लावा फूटने के कारण बने है। इनकी तलाश 2009 में ही कर ली गई थी। 2009 में ही भारत के चंद्रयान-1 ने चंद्रमा पर पानी के साक्ष्य लिए थे।

नौवें दषक से चंद्रमा को लेकर दुनिया के सक्षम देषों की दिलचस्पी इसलिए बढ़ी, क्योंकि चंद्रमा पर बफीर्ले पानी और भविष्य के ईंधन के रूप में हीलियम-3 की बड़ी मात्रा में उपलब्ध होने की जानकारियां मिलने लगीं थीं। वैज्ञानिक दावा कर रहे हैं कि हीलियम से ऊर्जा उत्पादन की फ्यूजन तकनीक के व्यावहारिक होते ही ईंधन के स्त्रोत के रूप में चांद की उपयोगिता बढ़ जाएगी। यह स्थिति आने वाले दो दशकों के भीतर बन सकती है। गोया, भविष्य में उन्हीं देशों को यह ईंधन उपलब्ध हो पाएगा, जो अभी से चंद्रमा तक के यातायात को सस्ता और उपयोगी बनाने में जुटे हैं। मंगल हो या फिर चंद्रमा कम लागत के अंतरिक्ष यान भेजने में भारत ने विशेष दक्षता प्राप्त कर ली है।

दूसरी तरफ जापान ने चंद्रमा पर 50 किमी लंबी एक ऐसी प्राकृतिक सुरंग खोज निकाली है, जिससे भयंकर लावा फूट रहा है। चंद्रमा की सतह पर रेडिएशन से युक्त यह लावा ही अग्नि रूपी वह तत्व है, जो चंद्रमा पर मनुष्य के टिके रहने की बुनियादी शर्तों में से एक है। इन लावा सुरंगों के इर्द-गिर्द ही ऐसा परिवेश बनाया जाना संभव है, जहां मनुष्य जीवन-रक्षा के कृत्रिम उपकरणों से मुक्त रहते हुए, प्राकृतिक रूप से जीवन-यापन कर सके। 2009 के आस-पास भारत के चंद्रयान-1 और अमेरिकी नासा के लूनर रीकॉनाइसेंस ऑर्बिटर ने ऐसी जानकारियां भेजी हैं, जिनसे चंद्रमा पर चौतरफा पानी उपलब्ध होने के संकेत मिलते हैं। गोया, चंद्रमा की सतह पर पानी किसी एक भू-भाग में नहीं, बल्कि हर तरफ फैला हुआ है। इससे पहले की जानकारियों से सिर्फ यह ज्ञात हो रहा था कि चंद्रमा के ध्रुवीय अक्षांश पर अधिक मात्रा में पानी है। इसके अतिरिक्त चंद्रमा पर दिनों के अनुसार भी पानी की मात्रा बढ़ती व घटती रहती है। पृथ्वी के साढ़े उनतीस दिन के बराबर चंद्रमा का एक दिन होता है। मसलन यहां पृथ्वी के साढ़े 14 दिन के बराबर एक दिन और इसी अनुपात में रातें होती हैं। ह्यनेचर जिओ साइंस जर्नलह्य में छपे लेख के मुताबिक चंद्रमा पर पानी की उत्पत्ति का ज्ञान होने के साथ ही, इसके प्रयोग के नए तरीके ढूढ़े जाएंगे।

इस पानी को पीने लायक बनाने के लिए नए षोध होंगे। इसे हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में विघटित कर सांस लेने लायक वातावरण निर्मित करने की भी कोशिशें होंगी। इसी पानी को विघटित कर इसे रॉकेट के ईंधन के रूप में भी इस्तेमाल किया जाएगा। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने दावा किया है कि उसे चंद्रमा पर पर्याप्त रूप में पानी मिला है। यह पृथ्वी से दिखने वाले दक्षिणी ध्रुव के एक गड्ढे में अणुओं के रूप में नजर आया है। इस खोज से वैज्ञानिकों को भविष्य में चांद पर बस्ती बसाने में मदद मिल सकती है। लेकिन इस दावे के 11 साल पहले ही इसरो के चंद्रयान-1 ने 2009 में दक्षिण ध्रुव पर पानी होने के साक्ष्य दे दिए थे। यह दावा अमेरिका की संस्था स्ट्रैटोस्फियर ऑब्जर्वरवेटरी फॉर इंफ्रारेड एस्ट्रोनॉमी ने की है। संस्था का दावा है कि यह पानी सूरज की किरणें पड़ने वाले क्षेत्र में मौजूद क्लेवियस क्रेटर में मिला है। नासा के मुताबिक चांद की सतह पर भारत समेत अन्य देशों द्वारा किए पानी के परीक्षणों के दौरान हाइड्रोजन की मौजूदगी का पता चला था, लेकिन तब हाइड्रोजन और पानी के निर्माण के लिए जरूरी अवयव हाइड्रॉक्सिल की गुत्थी नहीं सुलझ पाई थी। इस गुत्थी के सुलझने के बाद ही दक्षिणी ध्रुव पर पानी उपलब्ध होने की पुष्टि हुई है। नासा ने इस खोज के निष्कर्ष नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित किए हैं। इस निष्कर्ष के मुताबिक चांद पर 40,000 वर्ग किमी से ज्यादा क्षेत्र में पानी की संभावना है।

भारत के इसरो ने 22 अक्टूबर 2008 को चंद्रयान-1 प्रक्षेपित किया था। इसने ही पहली बार चंद्रमा पर पानी होने के सबूत दिए थे। यह पानी मून इफेक्ट प्रोब यंत्र ने दिए थे। इसे ऑर्बिटर के जरिए नवंबर 2008 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर गिराया गया था। सितंबर 2009 में इसने जानकारी दी कि चांद की सतह पर पानी चट्टान और धूल के कणों में भाप के रूप में अंतर्निहित है। इस प्रोब को चंद्रयान-1 के साथ भेजने का सुझाव पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने दिया था। उन्होंने कहा था कि जब चंद्रयान ऑर्बिटर चंद्रमा के इतने निकट जा रहा है, तो क्यों न इसके साथ एक इम्पैक्ट प्रोब भी भेज दिया जाए।

जिनपिंग-मोदी की मुलाकात से सुलझ पाएगा सीमा विवाद?

दोकलाम विवाद के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग कई सालों बाद हाथ बढ़ाया है। हालांकि दोनों नेताओं के मुलाकात की कोई उम्मीद नहीं थी। क्योंकि ब्रिक्स सम्मेलन का यह अंतिम दिन था। इस मुलाकात को लेकर सवाल भी उठ रहे हैं कि पहल किसकी ओर से की गई। वैसे दोनों शीर्ष नेताओं की मुलाकात के बाद भारत-चीन ने बीच सीमा विवाद पर आपसी सहमति बनी है। दोनों देशों के बीच संवेदनशील सीमा क्षेत्र से सैन्यबलों की वापसी पर भी बातचीत हुई है। चीन ने भी कहा है कि दोनों देशों के मध्य आपसी सहमति और शांति आवश्यक है। हालांकि भारत, चीन को पहले ही तल्ख संदेश दे चुका था कि जब तक सीमा पर शांति नहीं होगी तबतक बातचीत संभव नहीं है। दक्षिण अफ्रीका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग ने सकारात्मक संदेश देने का काम किया है। एशिया में भारत और चीन सशक्त राष्ट्र हैं। लेकिन दोनों महाशक्तियों के बीच शांति की बात पश्चिमी देशों को नहीं पचती। वे चाहते हैं कि भारत और चीन आपसी विवादों में उलझे रहे जिससे दोनों देशों में हथियार की होड़ बढ़ती रहे। भारत और चीन के लिए यह बेहतर होगा कि सीमा की सुरक्षा के लेकर दोनों एक दूसरे के भरोसे का सम्मान करें।

प्रभुनाथ शुक्ल
सेवानिवृत्त प्रिंसिपल शैक्षिक स्तंभकार मलोट पंजाब

दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन से भारत -चीन के संबंधों पर एक सकारात्मक संदेश आया है। दोकलाम विवाद के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग कई सालों बाद हाथ बढ़ाया है। हालांकि दोनों नेताओं के मुलाकात की कोई उम्मीद नहीं थी। क्योंकि ब्रिक्स सम्मेलन का यह अंतिम दिन था। इस मुलाकात को लेकर सवाल भी उठ रहे हैं कि पहल किसकी ओर से की गई। वैसे दोनों शीर्ष नेताओं की मुलाकात के बाद भारत-चीन ने बीच सीमा विवाद पर आपसी सहमति बनी है। दोनों देशों के बीच संवेदनशील सीमा क्षेत्र से सैन्यबलों की वापसी पर भी बातचीत हुई है। चीन ने भी कहा है कि दोनों देशों के मध्य आपसी सहमति और शांति आवश्यक है। हालांकि भारत, चीन को पहले ही तल्ख संदेश दे चुका था कि जब तक सीमा पर शांति नहीं होगी तबतक बातचीत संभव नहीं है। दक्षिण अफ्रीका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग ने सकारात्मक संदेश देने का काम किया है। एशिया में भारत और चीन सशक्त राष्ट्र हैं। लेकिन दोनों महाशक्तियों के बीच शांति की बात पश्चिमी देशों को नहीं पचती। वे चाहते हैं कि भारत और चीन आपसी विवादों में उलझे रहे जिससे दोनों देशों में हथियार की होड़ बढ़ती रहे। भारत और चीन के लिए यह बेहतर होगा कि सीमा की सुरक्षा के लेकर दोनों एक दूसरे के भरोसे का सम्मान करें। एक दूसरे से आंतरिक भय से बचें और आपस में विश्वास कायम रखें। लेकिन चालबाज चीन अपनी नीति पर कितना अडिग रहेगा यह वक्त बताएगा।

भारत -चीन के विदेश सचिवों ने मोदी और जिनपिंग की मुलाकात के बाद यह कहा है कि लद्दाख क्षेत्र में दोनों देश सीमा पर शांति बहाली के लिए तैयार हो गए। सैन्य अधिकारियों को निर्देश भी दिए गए हैं कि संबंधित इलाकों में सैन्य दबाव कम किया जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग से साफ तौर पर कहा है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर जब तक शांति नहीं होगी तब तक दोनों देशों के बीच तनाव कम नहीं हो पाएगा। निश्चित रूप से ऐसे हालात तभी बनेंगे जब दोनों देश एक दूसरे पर भरोसा करेंगे। इसके पूर्व इंडोनेशिया में दोनों नेताओं की जी-20 के सम्मेलन में सीमा विवाद पर बातचीत हुई थी। भारत और चीन के मध्य अगर सीमा विवाद सुलझ जाते हैं तो दोनों देश सैन्य सुरक्षा पर अधिक खर्च करने के बजाय अपनी विकास योजनाओं पर पैसा लगाएंगे। दूसरी सबसे महत्वपूर्ण बात यह होगी कि भारत और चीन की सीमा विवाद का लाभ ताकतवर पश्चिमी देश नहीं उठा पाएंगे। अमेरिका और दूसरे यूरोपीय देश यह नहीं चाहते हैं कि भारत और चीन के मध्य सीमा विवाद खत्म हो जाए। अमेरिका वैश्विक मंच पर भारत के साथ भले खड़ा दिखता है। लेकिन आंतरिक रूप से वह नहीं चाहता कि भारत और चीन आपस में शांति से रहे। क्योंकि चीन अमेरिका को चुनौती देने की तरफ बढ़ रहा है। दूसरी तरफ चीन और रूस में नजदीकियां है। जबकि अमेरिका दोनों का दुश्मन। लेकिन भारत के साथ खड़ा होना सिर्फ उसकी की व्यवसाय नीति है। सीमा सुरक्षा को लेकर दोनों देश एक दूसरे से आंतरिक रूप से डरते हैं। दोनों देश अपने -अपने सीमा क्षेत्र में सड़क, सैन्य एयरवेस, पुल और अन्य महत्वपूर्ण विकास कर रहे हैं। जिसकी वजह से दोनों देशों के मध्य हमेशा सीमा सुरक्षा को लेकर तनाव बना रहता है। हालांकि भारतीय सुरक्षा बलों की तरफ से सीमा का कभी उल्लंघन नहीं किया जाता। लेकिन चीन अपनी चाल से बाज नहीं आता। क्योंकि चीन भरोसे लायक नहीं है। वह भारत की बढ़ती तागत से भी घबराने लगा है। चंद्रयान- 3 की सफलता ने दुनिया भर में भारत का दबदबा कायम किया है। इस कामयाबी से आंतरिक रूप से चीन भी प्रभावित हुआ है। भारत अब काफी बदल चुका है। दुनिया भारत पर भरोसा करती है। ग्लोबल स्तर भर भारत की तागत बढ़ी है।

भारत और चीन के बीच सीमा विवाद कोई नया नहीं है। 1950 से यह विवाद चला आ रहा है। इसी सीमा विवाद को लेकर 1962 में भारत और चीन के बीच युद्ध भी हुए। दोनों देशों के बीच तकरीबन 3500 किलोमीटर की वास्तविक नियंत्रण रेखा। अक्साई चीन जो भारत का है। वह लद्दाख का क्षेत्र है लेकिन इस पर चीन का कब्जा है। चीन की पीपुल्स आर्मी अक्सर वास्तविक नियंत्रण रेखा को पार कर भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करती है। गलवान विवाद इसी का नतीजा था। अब तक कई हजार बार चीन एलएसी पार कर घुसपैठ कर चुका है। लेकिन हमारी सेना ने मुंहतोड़ जबाब दिया है। दोकलाम और पैगोंग में उसे मुँह की खानी पड़ी।

भारत नई दिल्ली में जी-20 समिट की मेजबानी करेगा। उस समिति में चीन भी आएगा। ऐसे हालत में दक्षिण अफ्रीका के ब्रिक्स से दिया गया शांति का संदेश दोनों देशों के लिए अहम है। एशिया में भारत और चीन दो महाशक्तियां हैं। दोनों देशों के मध्य अगर अमन-चैन रहता है तो इसका सकारात्मक परिणाम दोनों देशों के अर्थव्यवस्था और विकास पर पड़ेगा। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर सकारात्मक संदेश जाएगा। फिलहाल ब्रिक्स से दोनों देशों के मध्य शुरू हुई शांति प्रक्रिया का हमें स्वागत करना चाहिए।

नई टीम से मजबूत होगा कांग्रेस का जनाधार

कांग्रेस के चारों अग्रिम संगठनों युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस और सेवादल के प्रमुखों को भी शामिल किया गया है। इस तरह कांग्रेस वर्किंग कमेटी से कुल 84 नेताओं को जोड़ा गया है। कार्य समिति में जहां वरिष्ठ नेताओं को तवज्जो दी गई है वही बड़ी संख्या में नए लोगों को भी शामिल किया गया है। आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कार्य समिति के माध्यम से सभी को साधने का प्रयास किया गया है। कार्यसमिति में सोनिया गांधी, मनमोहन सिंह, राहुल गांधी, अधीर रंजन चौधरी, एके एंथोनी, अंबिका सोनी, मीरा कुमार, दिग्विजय सिंह, सलमान खुर्शिद, प्रियंका गांधी वाड्रा, मुकुल वासनिक, आनंद शर्मा, अजय माकन, जयराम रमेश, भंवर जितेंद्र सिंह, तारीक अनवर जैसे पुराने लोगों को जगह दी गई है। वही सचिन पायलट, दीपक बावरिया, जगदीश ठाकोर, गुलाम अहमद मीर, अविनाश पांडे, दीपादास मुंशी, गौरव गोगोई, कमलेश्वर पटेल, सैयद नासिर हुसैन, महेंद्रजीत सिंह मालवीय जैसे नए लोगों को भी शामिल किया गया है।

रमेश सर्राफ धमोरा
लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है

कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभालने के दस महीने बाद कांग्रेस कार्यसमिति (कांग्रेस वर्किंग कमेटी) की घोषणा कर दी है। नई कार्य समिति में कल 39 सदस्य बनाए गए हैं। वही 32 लोगों को स्थाई आमंत्रित सदस्य तथा 13 लोगों को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। जिनमें कांग्रेस के चारों अग्रिम संगठनों युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस और सेवादल के प्रमुखों को भी शामिल किया गया है। इस तरह कांग्रेस वर्किंग कमेटी से कुल 84 नेताओं को जोड़ा गया है। कार्य समिति में जहां वरिष्ठ नेताओं को तवज्जो दी गई है वही बड़ी संख्या में नए लोगों को भी शामिल किया गया है।

आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कार्य समिति के माध्यम से सभी को साधने का प्रयास किया गया है। कार्यसमिति में सोनिया गांधी, मनमोहन सिंह, राहुल गांधी, अधीर रंजन चौधरी, एके एंथोनी, अंबिका सोनी, मीरा कुमार, दिग्विजय सिंह, सलमान खुर्शिद, प्रियंका गांधी वाड्रा, मुकुल वासनिक, आनंद शर्मा, अजय माकन, जयराम रमेश, भंवर जितेंद्र सिंह, तारीक अनवर जैसे पुराने लोगों को जगह दी गई है। वही सचिन पायलट, दीपक बावरिया, जगदीश ठाकोर, गुलाम अहमद मीर, अविनाश पांडे, दीपादास मुंशी, गौरव गोगोई, कमलेश्वर पटेल, सैयद नासिर हुसैन, महेंद्रजीत सिंह मालवीय जैसे नए लोगों को भी शामिल किया गया है।

कार्य समिति में कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक, कुमारी शैलजा, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को प्रमुख दलित चेहरे के रूप में शामिल किया गया है। वहीं सलमान खुर्शीद, तारिक अनवर, गुलाम अहमद मीर, सैयद नासिर हुसैन मुस्लिम समाज का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। कार्य समिति में श्रीमती सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, अंबिका सोनी, मीरा कुमार, कुमारी शैलजा, दीपा दास मुंशी को बैतोर महिला सदस्य नई कार्यसमिति में शामिल किया गया है। वही श्रीमती प्रतिभा सिंह, मीनाक्षी नटराजन, फूलों देवी नेताम और रजनी पटेल को स्थाई आमंत्रित सदस्य तथा यशोमती ठाकुर, सुप्रिया श्रीनेत, परिणीति शिंदे और अलका लांबा कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल है। महिला कांग्रेस की प्रमुख नेट्टा डिसूजा पदेन सदस्य के रूप में शामिल की गई है। इस तरह है 84 सदस्यों की कार्यकारिणी में 15 महिला नेताओं को स्थान मिला है।

कांग्रेस की नवगठित वर्किंग कमेटी में आनंद शर्मा, शशि थरूर, मनीष तिवारी समेत जी-23 के कई ऐसे नेताओं को भी जगह मिली है जो कांग्रेस आलाकमान के कई निर्णय से नाराज चल रहे थे। इससे पार्टी कार्यकताओं में यह संदेश गया है कि पार्टी सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास कर रही है। यदि कोई पार्टी नेता पार्टी के किसी निर्णय से नाराज है तो भी पार्टी की मुख्य धारा में शामिल रहेगा। कांग्रेस कार्यसमिति से पार्टी के चारों मुख्यमंत्रियों को बाहर रखा गया है। जबकि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेता है और पिछले वर्ष उनका नाम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए तय हो गया था। यह पहला मौका है जब मुख्यमंत्रियों को कार्यसमिति में शामिल नहीं किया गया है।

कांग्रेस ने उदयपुर में संपन्न हुए अपने चिंतन शिविर और रायपुर के महाधिवेशन में तय किया था कि पार्टी संगठन में सभी स्तर के पदों में से आधे पदों पर 50 साल से कम उम्र के नेताओं को पदाधिकारी बनाया जायेगा। मगर मौजूदा कार्यसमिति में वरिष्ठ नेताओं की संख्या अधिक है। फिर भी काफी संख्या में नए लोगों को पहली बार कार्य समिति में शामिल कर पार्टी ने नया नेतृत्व आगे लाने का एक सफल प्रयास किया है।

नवगठित कार्यसमिति में लोकसभा से 9 व राज्यसभा से 14 सांसदों को भी शामिल किया गया है। लोकसभा से श्रीमती सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अधीर रंजन चौधरी, शशि थरूर व गौरव गोगोई को कांग्रेस कार्य समिति का सदस्य बनाया गया है। प्रतिभा सिंह, मनीष तिवारी को स्थाई आमंत्रित सदस्य व के सुरेश व मणिकम टैगोर को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। वहीं राज्यसभा से पार्टी अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, दिग्विजय सिंह, पी चिदंबरम, मुकुल वासनिक, अभिषेक मनु सिंघवी, जयराम रमेश, रणदीप सिंह सुरजेवाला, सैयद नासिर हुसैन, केसी वेणुगोपाल को कार्यसमिति का सदस्य बनाया गया है। दीपेंद्र सिंह हुड्डा, फूलों देवी नेताम, रजनी पटेल स्थाई आमंत्रित तथा राजीव शुक्ला विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए गए हैं।

कार्य समिति में शामिल 50 साल से कम उम्र के नेताओं में सचिन पायलट 46 वर्ष, गौरव गोगोई 43 वर्ष और कमलेश्वर पटेल 49 साल के हैं। स्थाई आमंत्रित सदस्यों में मानिकम टैगोर 48 वर्ष, दीपेंद्र हुड्डा 45 वर्ष, मीनाक्षी नटराजन 50 वर्ष और कन्हैया कुमार 36 वर्ष के हैं। वही विशेष आमंत्रित सदस्यों में महाराष्ट्र की पूर्व मंत्री यशोमती ठाकुर 49 वर्ष, पार्टी के सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्री नेत 46 वर्ष, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे की विधायक पुत्री परिणीति शिंदे 42 वर्ष, दिल्ली की पूर्व विधायक अलका लांबा 47 वर्ष, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीबी 41 वर्ष, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नेट्टा डिसूजा 48 वर्ष और एनएसयूआई के अध्यक्ष नीरज कुंदन 33 वर्ष के हैं। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी व राजस्थान से सचिन पायलट को राहुल गांधी की निकटता के चलते कार्य समिति में शामिल किया गया है। आने वाले समय में पंजाब में चरणजीत सिंह चन्नी व राजस्थान में सचिन पायलट बड़ी भूमिका निभाएंगे।

कुछ माह पूर्व कर्नाटक व हिमाचल प्रदेश में संपन्न हुए विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस ने भारी बहुमत से सरकार बनाकर अपनी राजनीतिक ताकत का एहसास कर दिया था। कर्नाटक व हिमाचल में भाजपा की सरकार चल रही थी। जिसे हराकर कांग्रेस ने सरकार बनाई थी। इसी साल के अंत तक राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, मिजोरम व जम्मू एवं कश्मीर विधानसभा के चुनाव होने हैं। लोकसभा चुनाव से पहले इन प्रदेशों की विधानसभा चुनावों के नतीजे 2024 के लोकसभा चुनावों पर गहरा असर डालेंगे। कांग्रेस का प्रयास है कि लोकसभा चुनाव से पहले राजस्थान व छत्तीसगढ़ जहां उनकी पार्टी की सरकार है वहां फिर से अपनी सरकार बनाई जाए। मध्यप्रदेश में भाजपा ने दलबदल करवाकर कांग्रेस की सरकार गिरा दी थी। वहां फिर से कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाकर पार्टी को मजबूत किया जाए। कांग्रेस पार्टी तेलंगाना में भी अपने खोए हुए जनाधार को फिर से हासिल करने के लिए पूरा जोर लगा रही है। विपक्षी दलों के कई बड़े नेता पिछले दिनों वहां कांग्रेस की सदस्यता ले चुके हैं।

कांग्रेस पार्टी का पूरा ध्यान अगले लोकसभा चुनावो पर केंद्रित है। कांग्रेस के बड़े नेता चाहते हैं कि हाल ही में बनाए गए इंडिया गठबंधन को एकजुट कर अगला लोकसभा चुनाव लड़ा जाए। ताकि केंद्र से भाजपा को सत्ता को हटाया जा सके। कांग्रेस आलाकमान इंडिया गठबंधन में शामिल उन सभी दलों से अपने राजनीतिक संबंध सामान्य करने का प्रयास कर रहा है जिससे आगे चुनाव में आपसी सहमति से सीटों का बंटवारा कर भाजपा के खिलाफ एक सीट पर एक ही प्रत्याशी उतारा जा सके। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व का पूरा जोर विपक्षी एकता को सुदृढ़ करने पर लगा हुआ है। जिसका लाभ उन्हें आने वाले चुनाव में मिलने की संभावना नजर आ रही है।

उत्तर प्रदेश की बदल रही है तसवीर...लेकिन अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी

उमेश चतुर्वेदी

इसे बिडंबना नहीं तो क्या कहेंगे कि समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, गंगा-यमुना और घाघरा जैसी सदानीरा नदियों का उपजाऊ मैदानों के बावजूद उत्तर प्रदेश की ख्याति बीमारू यानी रोगी राज्य के रूप में रही। उत्तर प्रदेश राजनीतिक रूप से बेहद सचेत लोगों का भी राज्य रहा है। माना जाता है कि जिस इलाके की जनता राजनीतिक रूप से ज्यादा सचेत होती है, वहां विकास की धारा बहती रहती है। माना तो यह भी जाता है कि प्रभावी राजनीति जिस इलाके का प्रतिनिधित्व करती है, उस इलाके में विकास की गति अपने आप तेज हो जाती है। उत्तर प्रदेश प्रभावी राजनीति का भी केंद्र रहा है। देश को उसने आठ प्रधानमंत्री दिए, जिनमें से छह की जन्मभूमि भी उत्तर प्रदेश की माटी रही है, इसके बावजूद उत्तर प्रदेश अपनी अराजक संस्कृति और भ्रष्टाचारी शासन व्यवस्था के लिए ज्यादा जाना जाता रहा है। लेकिन अब इसी उत्तर प्रदेश की छवि बदलने लगी है। इसका श्रेय निश्चित तौर पर मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच को दिया जा सकता है। जिसकी वजह से ना सिर्फ यहां के अराजक माहौल में बदलाव आने लगा है, बल्कि इस राज्य को अब उद्योग और कारोबार के लिए मुफीद माना जाने लगा है। अस्सी के दशक में जब उत्तर प्रदेश के ही संसदीय नुमाइंदे राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे, तब अर्थशास्त्री आशीष बोस ने बीमारू राज्य की परिकल्पना पेश की थी। बीमार यानी रूग्ण से प्रेरित यह बीमारू शब्द बुनियादी रूप से चार राज्यों बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहा था। इन्हीं में से तीन राज्य अलग होकर अब सात राज्य हो गए हैं। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और झारखंड के अपने मूल राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार से अलग होने के बावजूद जितनी तेज तरक्की की उम्मीद की जा रही थी, वैसी नजर नहीं आ रही है। लेकिन उत्तर प्रदेश इनमें से अलग राह पर चलता दिख रहा है। निश्चित तौर पर इसके लिए योगी आदित्यनाथ की कड़क और कुशल शासन व्यवस्था को श्रेय दिया जा सकता है। किसी भी राज्य में कारोबार और उद्योग कब पनपता है, जब वहां की कानून-व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त होती है, वहां बुनियादी ढांचा मसलन सड़क, बिजली और पानी की सहूलियत होती है। इसके साथ ही मेडिकल यानी चिकित्सा सुविधा भी बेहतर होनी चाहिए। कुछ साल पहले तक उत्तर प्रदेश में बिजली छोड़ सारे संसाधन थे, लेकिन कानून-व्यवस्था बेहद लचर थी। अराजक व्यक्तियों और समूहों के इशारे पर ही जैसे राज्य की कानून-व्यवस्था चलती थी। राजनीति एक तरह से उनकी पिछलग्गू थी। बिजली राज्य की राजधानी लखनऊ और कुछ-एक वीआईपी माने जाने वाले शहरों में ही होती थी। बाकी समूचा राज्य बिजली की आंख-मिचौनी देखता था। सरकारी दफ्तरों में बाबुओं की मनमानी चलती थी। लेकिन साल 2017 में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने सत्ता संभालते ही सबसे पहले कानून-व्यवस्था की हालत की तरफ ध्यान दिया।

ऐसा नहीं कि योगी के प्रयासों से कानून- व्यवस्था के मामले में उत्तर प्रदेश स्वर्ग बन

संक्षिप्त खबरें

बस -ट्रक टक्कर में बस चालक की मौत, आधा दर्जन घायल

मुजफ्फरपुर । गायघाट थाना अंर्तगत बेनीबाद ओपी क्षेत्र के रमौली चौक के समीप एनएच 57 पर खड़ी बस में तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना शुक्रवार देर रात की बताई जा रही। वहीं बस में बैठे 7 यात्री घायल हो गए जिसे मौके पर पहुंची पुलिस ने इलाज हेतु एसकेएमसीएच ले गए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बस कुल 40 यात्रियों को लेकर दरभंगा से पटना जा रही थी। इसी बीच रमौली चौक के समीप बस चालक बैठे यात्रियों को गिनती करवाने के लिए रोका था। स्थानीय लोगों ने बताया कि चालक बस खड़ी कर नीचे उतरकर कर बस के आगे खड़ा था। इसी बीच पीछे से आ रहे एक ट्रक ने बस में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बस बीच सड़क पर पलट गई। जहां बस के नीचे दबने से चालक की मौत हो गई। बस चालक की पहचान दरभंगा जिले के जाले थाना क्षेत्र के कछुआ गांव के निवासी स्व परशुराम राय का 50 वर्षीय पुत्र अशोक राय बताया गया है। बेनीबाद ओपी अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि ठोकर मारकर भाग रहे ट्रक को मैठी टॉल प्लाजा के समीप पकड़ लिया गया है। वहीं ट्रक चालक व उप चालक को हिरासत में लेकर पूछ्ताछ की जा रही है। इसके साथ ही बस चालक को पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

चोरी की दो बाइक ,चार मोबाइल के साथ तीन गिरफ्तार

बोचहा । गरहां पुलिस ने शुक्रवार को चोरी की दो बाइक के साथ तीन चोरों को गिरफ्तार किया। उनके पास से चोरी किया गया सामान और चार मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर केस दर्ज कर उन्हें जेल भिजवा दिया। पूछताछ में अन्य बाइक चोरों के नाम भी सामने आए हैं, पुलिस ने उनको भी जल्द पकड़ने की बात कही है। गरहां पुलिस दलबल के साथ शुक्रवार को गश्त पर निकले थे। गुप्त सूचना मिली कि हथौड़ी की ओर से चोरी के दो बाइक पर तीन व्यक्ति सवार होकर मुजफ्फरपुर जा रहा है। पुलिस ने जब उन्हें रोका तो युवक भागने लगे। सिपाहियों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। इस दौरान पुलिस को मामूली चोटें भी आई। कड़ाई से पूछने पर युवकों ने बाइक चुराने की बात कही। जांच में तीनों युवकों के पास से चोरी की दो बाइक, चार मोबाइल फोन बरामद किया गया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान बसौली ननकार गांव के विजय कुमार, नितिन कुमार, अजीत कुमार के रूप में हुई है। थाना अध्यक्ष हरेंद्र कुमार ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति के पास से चोरी किया गया बाइक मोबाइल सहित अन्य सामान बरामद किया गया है वही तीनों के विरुद्ध केस दर्ज करने के बाद उन्हें जेल भिजवा दिया। आगे कहां की पूछताछ में अन्य नाम भी सामने आए हैं। उन्हें भी जल्द पकड़ लिया जाएगा।

शिविर में हुआ 5 महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन

नावकोठी, बेगूसराय। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र देवपुरा में परिवार विकास मिशन के तहत बंध्याकरण शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। बंध्याकरण के पूर्व सभी महिलाओं का एचआईवी, प्रिग्नेंसी, डायबिटीज हीमोग्लोबीन टेस्ट लैबटेक्नीशियन पंकज कुमार जोशी ने किया। महिला सर्जन डॉ शोभा रानी 05 महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया।बंध्याकरण उपरांत लाभुकों को आवश्यक सलाह एवं दवा दी गयी। मौके पर बीएचएम आनंद ईश्वर, जीएनएम रविशंकर कुमार, एएनएम बेबी कुमारी, रीना कुमारी, सीमा कुमारी, लैबटेक्नीशियन अमृत कुमार, पंकज कुमार जोशी, आशा कार्यकर्ता सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

डीएम ने बाढ़ को लेकर संबधित अधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट रहने का दिया निर्देश

प्रात : किरण, संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने जिले में हो रही वषार्पात नदियों के जलस्तर में वृद्धि के आलोक में बाढ़ जलजमाव जैसी उत्पन्न स्थिति की संभावनाओं को देखते हुए सभी संबधित एसडीओ प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल अधिकारियों आदि 24 घण्टे अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया है ।डीएम ने निर्देश दिया कि सभी एसडीओ बीडीओ एवं सीओ संबधित कार्यपालक अभियंता तटबंधों का लगातार निरीक्षण करते रहे,किसी भी प्रकार का रेनकट आदि होने पर तुरन्त आवश्यक करवाई करते हुए सूचित करें। प्रखंड स्तर पर स्थापित आपदा नियंत्रण कक्ष को सक्रिय करते हुए जिला मुख्यालय को सूचित करें ।शरण स्थलों एवं राहत केंद्रों पर आपदा विभाग के दिशा निर्देश के आलोक में सभी आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित कर लें। चिन्हित पशु शरण स्थली का भी अवलोकन कर ले। डीएम ने कहा कि जिले में सेटेलाइट फोन भी उपलब्ध है सभी को आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध करा दिया जाएगा। डीएम ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर हाल में संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नावों की तैनाती कर ले, ताकि आवश्यकता पड़ने पर त्वरित करवाई की जा सके ।डीएम ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्र अंतर्गत सभी त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रतिनिधियों को भी अलर्ट कर दें ,साथ ही आवश्यकता महसूस होते ही पंचायत स्तर पर माइकिंग भी जरूर करवाये ।डीएम ने कहा कि एसडीआरएफ की टीमों को जिला अंतर्गत संभावित बाढ़ प्रणव क्षेत्र में रहने के लिए निर्देशित कर दिया गया है। एसडीआरएफ की एक टीम स्थानीय पदाधिकारियो के साथ मधेपुर प्रखंड स्थित कोशी तटबंध के आस-पास के पंचायतों में पहुँचकर स्थिति पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि सड़कों के क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में तुरंत मोटरेबल करवाकर सूचित करें ।उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचलाधिकारी को निर्देश दिया कि जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंताओं एवं एसडीआरएफ की टीम के साथ लगातार समन्वय बनाकर रखें। डीएम ने कहा कि आपदा कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नही की जाएगी ।जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में एसडीओ बीडीओ सीओ सहित सभी संबधित अधिकारी कल रात से ही लगातार क्षेत्र भ्रमण कर स्थित पर नजर बनाए हुए है। लोगो से सतर्कता बरतने की अपील की जा रही है। क्षतिग्रस्त सड़को रेनकट आदि की युद्धस्तर पर मरम्मति की जा रही है। जिलाधिकारी स्वयं पल-पल की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है ।सजग रहे सतर्क रहें अफवाहों पर ध्यान नही दे नदियों एवम जलजमाव वाले क्षेत्रों से दूर रहे। किसी भी प्रकार की सहायता एवम सूचना के लिए जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06276-222576 पर सम्पर्क करें।

अधिवक्ता माधव को मिली जमानत, गायघाट पुलिस की हूई किरकिरी

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । जिले के गायघाट थाना क्षेत्र के पचगछिया पिरौछा निवासी अधिवक्ता हरे कृष्ण कुमार उर्फ माधव को आज ए.डी. जे.-14 के न्यायालय द्वारा जमानत दे दिया गया है। सुनवाई के दौरान पूरे कोर्ट रूम में दर्जनों की संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे। अधिवक्ता की ओर से वरीय अधिवक्ता रामशरण सिंह एवं वी.के.लाल ने पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान गायघाट पुलिस की काफी किरकिरी हुई। कारण कि पुलिस के द्वारा एक झूठी मनगढंत कहानी बनाकर अधिवक्ता माधव को जेल भेज दिया गया था। मौके पर अपर लोक अभियोजक संगीता शाही भी मौजूद थीं। विदित हो कि अधिवक्ता माधव को गायघाट पुलिस ने थाना हाजत में बंद करके काफी बेरहमी से मारा व पीटा था तथा न्यायालय परिसर में हथकड़ी लगाकर घुमाया था, जिस मामले की जाँच मानवाधिकार आयोग में प्रक्रियाधीन है। मानवाधिकार अधिवक्ता एस. के. झा ने कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। सुनवाई के दौरान जिला बार एसोसिएशन के महासचिव सच्चिदानंद सिंह, वरीय अधिवक्ता विजय कुमार शाही, मानवाधिकार अधिवक्ता एस. के. झा, अजय कुमार, राजीव रंजन, राहुल कुमार, संजय कुमार, मुकेश यादव, कवि कुमार, कमलेश कुमार, नवल प्रसाद सिंह, कुमार नविशान्त, रजी अहमद सिद्दीकी, शाइस्ता फातिमा, मो. आफताब, मो. शमशेर, मो. सज्जाद आलम सहित दर्जनों की संख्या में अधिवक्तागण मौजूद थे।

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी द्वारा आलौकिक रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर : प्रखंड के गुलाब रावत नगर भवन में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरी विश्व विद्यालय द्वारा आलौकिक रक्षाबंधन कार्यक्रम गिद्धौर सेवा केंद्र प्रभारी सरिता बहन की देखरेख में मनाया गया। इस अवसर पर बेगूसराय से पधारी राजयोगिनी ब्रह्मकुमारी कंचन दीदी ने कहा कि रक्षाबंधन का त्योहार दिव्य, अलौकिक सद्भावना, शक्ति, गुणों से भरपूर है। यह वह बंधन है जो हमें भगवान की छत्रछाया में सुरक्षा प्रदान करता है। वहीं लखीसराय से आयी रीता दीदी ने कहा कि मोबाइल की लत, व्यर्थ संकल्पों से नकारात्मक प्रवृत्ति के कारण मन कमजोर हो रहा है। जिसके कारण रिश्तों में प्यार कम होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन ध्यान का अभ्यास करें। मन को शक्तिशाली बनाओगे तो हर कर्म अच्छा होगा। रक्षाबंधन के दो सूत्र हैं भगवान का स्मरण और श्रेष्ठ कर्म का संकल्प तथा मुंह मीठा करना अर्थात मीठे बोल। आज के समय में हमें अपने शरीर की सुरक्षा के लिए सात्विक भोजन करना चाहिए। मन की सुरक्षा के लिए मेडिटेशन करें। पैसे बचाने के लिए गलत आदतों या व्यसनों से दूर रहें। सभी को अपना परिवार समझें। सभी हमारे भाई-बहन हैं। वासुदेव परिवार का भाव रखें। वहीं पूर्व मुखिया दिनेश सिंह ने कहा कि ब्रह्मकुमारी ने लगातार धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर सभी को एकजुट रखा है। वहीं समाजसेवी रमाकांत मिश्र ने कहा कि रक्षाबंधन का त्योहार भाईचारे का त्योहार है। रिश्तों में मधुरता लाने का त्योहार है। इस अवसर पर गिद्धौर सेवा केंद्र प्रभारी सरिता बहन, बी.के. ऋषि, रमाकांत मिश्र, पूर्व मुखिया दिनेश सिंह, पूर्व प्रमुख शम्भू कुमार केशरी, पुष्पराज सिंह, कार्यकारी मुखिया रूबी कुमारी, पैक्स अध्यक्ष राजीव कुमार साव के अलावे सैंकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

अब आएगी वर्षा की सक्रियता में कमी ,मौसम होगा सुहाना

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। एक सप्ताह से हो रही झमाझम बारिश का दौर थमता दिख रहा है ।24घंटे बाद उत्तर बिहार के जिलों में बर्षा की सक्रियता में कभी आने की सम्भावना है।

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, कृषि मौसम विभाग जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केन्द्र डा० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा, ने आज यह मौसम पूवार्नुमान जारी किया है ।26 से 30अगस्त तक के लिए जारी मौसम पूवार्नुमान में बताया गया है कि उत्तर बिहार के जिलों में आसमान में बादल छाए रहने की सम्भावना है ।अगले 24घंटों में हल्की से मध्यम बर्षा हो सकती है ।उसके बाद बर्षा की सक्रियता में कभी आएगी ।कहीं कहीं हल्की बर्षा हो सकती है ।पिछले 24घंटे में 16.4मिलीमीटर बर्षा हुई है ।विगत मौसम पूवार्नुमान अवधि का आकलन में बताया गया है कि पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान आमशः 29.4 एवं 23.7 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 96 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 92 प्रतिशत हवा की औसत गति 11 वि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 2.8 मिमी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 0.0 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 28.9 एवं दोपहर में 31.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में 24.6 मिमी वर्षा रिकार्ड हुई ।पूवार्नुमान की अवधि में आसमान में मध्यम से घने बादल छाये रह सकते हैं अगले 24 घंटो में हल्की से मध्यम वर्षा होने सम्भावना है। उसके बाद वर्षा की सम्भावना में कमी आएगी एवं हल्की वर्षा हो सकती है।

सरसा गांव जाने वाली बाईपास सड़क की स्थिति दयनीय

बरसात के समय कच्ची सड़क पर ग्रामीण को चलने में होती है परेशानी

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर :- प्रखंड के सेवा पंचायत के सरसा गांव जाने वाली बाईपास कच्ची सड़क में बरसात हो जाने से इलाके के ग्रामीण व दोपहिया वाहन चालकों को इस सड़क से सफर करने में काफी जहमत उठानी पड़ती है। उक्त सड़क पर बरसात के दिनों में लोग सड़क से सफर कर दुर्घटना के शिकार हो जाते है। प्रखंड के महुलीगढ़ गांव से बाईपास सरसा गांव को जाने वाली सड़क की स्थिति दयनीय होने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है। वहीं सरसा बाईपास कच्ची सड़क के ताजा हालत पर राहगीर ओंकार यादव, रमेश यादव, दिनेश यादव,

छोटू कुमार, उपेंद्र भगत, संजीव कुमार, सुधीर कुमार, सुभाष कुमार आदि ने जानकारी देते हूये बताया कि इस बाईपास सड़क में आधा दूरी तक पीसीसी सड़क निर्माण किया गया है एवं आधे दूरी को कच्ची ही छोड़ दिया गया है। जिससे आवागमन में काफी परेशानी होती है। अगर आधे दूरी कच्ची सड़क को भी पीसीसी करवा दिया जाय तो सरसा, सेवा गांव इलाके के लोगों को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के साथ ही जिला मुख्यालय आने जाने में आसानी हो जाएगी। साथ ही यात्री वाहनों को इस सड़क से आवागमन में कठिनाइयों का समाना नही करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग की इतनी दयनीय स्थिति है कि अगर बारिश हो जाती है तो दोपहिया वाहन से चलना मुश्किल हो जाता है। वहीं बारिश होने से महतो आहार जीर्णोद्धार में जो मिट्टी का टीला खड़ा है वो मिट्टी सड़क पर आ जाने से बाइक सवार गिर घायल हो जाते है। बतातें चले कि सरसा बायपास मार्ग से प्रखंड मुख्यालय की दूरी लगभग 04 किलोमीटर है जो गिद्धौर रेलवे स्टेशन सेवा होते हुए सरसा की दूरी लगभग 08 किलोमीटर पड़ती है जो मुख्य मार्ग से कम दूरी पड़ती है। जिसके कारण राहगीर एवं ग्रामीण इस मार्ग से कम समय मे प्रखंड मुख्यालय जाने की जदोजेहद में कठिनाई का सामना करते हुए जाते है।

कब्रिस्तान की जमीन पर घर बनाने से लोगों में आक्रोश

प्रात : किरण संवाददाता

नावकोठी, बेगूसराय। स्थानीय पंचायत नावकोठी में खतियानी कब्रिस्तान की जमीन पर गृह निर्माण कराये जाने को लेकर मुस्लिम समुदाय में काफी आक्रोश देखा जा रहा है।

कब्रिस्तान कमेटी के सेक्रेटरी मो. अमजद ने बताया कि मौजा नावकोठी में लगभग तीन बीघा तीन कट्ठा जमीन काली मंदिर के निकट बूढी गंडक नदी बांध के करीब कब्रिस्तान की जमीन मौजूद है। इस जमीन पर मुस्लिम समुदाय मुर्दा दफनाने का काम मुद्दतों से करते आये हैं।

वहीं उक्त जमीन रैयतों के द्वारा जोत अबाद भी किया जाता रहा है ।इधर अचानक एक सप्ताह से गांव के ही लक्ष्मी सिंह का पुत्र सरोज सिंह और मनोज सिंह के द्वारा मकान निर्माण कराया गया है। इस नव निर्माण को लेकर मुस्लिम समुदाय में जबरदस्त आक्रोश है। लोगों का कहना है कि सदियों से खतियानी कैफियत के मुताबिक हमलोग शांतिपूर्ण मैय्यत दफनाने का काम किया है।

लेकिन षडयंत्र के तहत नवनिर्माण कराया गया है ताकि मुसलमानों को कब्रिस्तान पर से दावे को खत्म किया जा सके ।जानकार लोगों का कहना है कि मुस्लिम समुदाय को मुर्दा दफनाने तथा उक्त रैयत उसी जमीन पर खेती करने की छूट दी गयी है। लेकिन काश्तकार जोत आबाद के साथ-साथ कब्रिस्तान में लगे बांसबाड़ी, पेड़ पौधे एवं वृक्ष की कटाई धड़ल्ले से करते हैं। अब मकान निर्माण करने का काम कर रहे हैं। जिससे मुसलमानों को कब्रिस्तान के अस्तित्व समाप्त होने का आशंका है। मो. रियाज, मो. महफूज सहित दर्जनों लोगों ने इस सिलसिले में उक्त कब्रिस्तान पहुंचकर नव निर्माण कार्य को हटाने एवं अतिक्रमण मुक्त करते हुए दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग डीएम, एसपी एवं बखरी एसडीओ, सीओ नावकोठी, थानाध्यक्ष नावकोठी से की।

वोट बेचिएगा तो मुखिया चोर नहीं तो क्या हरिशचंद्र होगा:प्रशांत किशोर

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । चुनावी रणनीतिकार के रूप में अपनी पहचान बना चुके जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर अपने काफिले के साथ इन दिनों मुजफ्फरपुर की पद यात्रा पर हैं। उनकी यह पदयात्रा समस्तीपुर के रास्ते मुजफ्फरपुर पहुंची है। समस्तीपुर से चल कर मुजफ्फरपुर की सीमा में सकरा के पहाडपुर पहुंचने पर पीके का जोरदार स्वागत किया गया ।उनके इस स्वागत में स्थानीय लोगों के अलावा बड़ी संख्या में कई राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। अबतक प्रशांत किशोर अपने जनसुराज यात्रा के क्रम में सकरा ,मुरौल ,बंदरा ,गायघाट और बोचहा में जनसभा को सम्बोधित कर चुके हैं। झमाझम बारिश में भी उनकी गाड़ियों का काफिला आगे बढ़ रहा है। जनसुराज यात्रा की टीम को जहां रात्रि विश्राम करना होता है ,वहां उनके व्यवस्थापक पहले ही टेंट आदि की मुकम्मल व्यवस्था कर चुके होते हैं ।प्रचार तंत्र इतना मजबूत है कि कम समय की सूचना पर ही गांव- -कस्बों के युवा ,मजदूर ,किसान ,महिलाएं उनको सुनने पहुंच रहे हैं। प्रशांत किशोर लोगों को वोट की ताकत का महत्व सरल भाषा में समझाते हैं ।भ्रष्टाचार ,शिक्षा-चिकित्सा की कुव्यवस्था ,जन समस्याओं के प्रति जनप्रतिनिधियों की उदासीनता ,प्रधानमंत्री आवास योजना ,सामाजिक सुरक्षा योजना समेत सरकार की अन्य लाभकारी योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के लिए प्रशांत किशोर जनता को ही जिम्मेवार ठहराते हैं। लोग उनकी बातों पर सहमति में सिर भी हिलाते हैं। प्रशांत किशोर जनता से साफ शब्दों में कहते हैं, अगर आप वोट बेचिएगा, तो मुखिया चोर नहीं तो हरिशचंद्र होगा? मुरौल , बंदरा ,गायघाट और बोचहा की सभा मे उन्होंने कहा कि हम गांव में जाते हैं, तो लोग कहते हैं कि मुखिया जी चोरी करते हैं। राशन कार्ड बनाने में दो-तीन हजार घूस लग रहा है, मुखिया जी नाली-गली नहीं बना रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास बनवाने में 25-30 हजार रुपए घूस लग रहा है। प्रशांत किशोर ने सभा में मौजूद जनता को याद दिलाते हुऐ कहा की अभी दो साल पहले ही मुखिया का चुनाव हुआ था, जिसमें 500-500 रुपए लेकर आपने अपना वोट बेच दिया। आपने मुर्गा-भात खाकर वोट बेचा। आप से वोट खरीद कर जो मुखिया बना है ,वह मुखिया चोर नहीं होगा, तो क्या हरिशचंद्र होगा? मुखिया अपना गेहूं बेचकर आपको पैसा देगा, ?आप 500-500 रुपए पर अपना ईमान और वोट बेचिएगा तो आपके बच्चों का भला कैसे होगा ?यही बात बताने के लिए हम पैदल गांव-गांव घूम रहे हैं, हाथ जोड़ रहे हैं और समझा रहे हैं। आपअपने वोट की ताकत को समझिए। आपके वोट में वो ताकत है जिससे आपके बच्चों का भविष्य बदल सकता है। प्रशांत किशोर लोगों से संवाद भी स्थापित कर रहे हैं ।बंदरा ,गायघाट और बोचहा इलाके में वे लगभग 10किमी की पदयात्रा कर चुके हैं।

केन्द्र की मोदी सरकार के नौ वर्षों के शासन में आम लोग हुए बदहाल : भाकपा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । केन्द्र की भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है। मोदी के नौ वर्षों के शासन काल में महंगाई बेशुमार बढ़ी है। रोजगार के अवसर समाप्त हो रहे हैं। सार्वजनिक उपक्रमों को कॉरपोरेट घरानों के हाथों औने-पौने दाम पर बेचे जा रहे हैं। पूरे देश में साम्प्रदायिक उन्माद पैदा कर नफरत फैलाया जा रहा है। किसानों की हालत गंभीर बनी हुई है। मजदूरों के लिए चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं में केन्द्रीय आवंटन घटता जा रहा है। देश संकट के दौर से गुजर रहा है। मोदी सरकार कारपोरेट पक्षी तथा गरीब मजदूर किसान विरोधी साबित हो चुकी है। उक्त बातें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता बैठक को लोमा पंचायत के जाया ग्राम में संबोधित करते हुए पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य अजय कुमार सिंह ने कहा। इन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार को उखाड़ फेंक कर देश के संविधान तथा लोकतंत्र को बचाने के लिए आगे आने का आह्वान किया। बैठक में मनरेगा योजना के मजदूरों को मजदूरी का शीघ्र भुगतान करने, सभी वास रहित भूमिहीन परिवारों को पांच डीसमल आवासीय जमीन उपलब्ध कराने, सभी मजदूरों को राशनकार्ड उपलब्ध कराने, किसानों को सिंचाई के लिए निः शुल्क बारह घंटे बिजली उपलब्ध कराने आदि मांगों को लेकर आगामी 12 सितम्बर को प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर रोषपूर्ण प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में आगामी 02 नवम्बर को पटना गांधी मैदान में ह्यभाजपा हटाओ - देश बचाओ ह्य रैली को ऐतिहासिक बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता विश्वनाथ सिंह ने की। बैठक को अंचल सचिव हरिकिशोर ठाकुर, पूर्व अंचल सचिव मो० कलाम अंसारी, शहादत अंसारी आदि पार्टी नेता सम्बोधित किये। बैठक में सर्वसम्मति से विश्वनाथ प्रसाद सिंह शाखा सचिव,सहायक सचिव लाल महतो तथा रेखा देवी और हसनैन अंसारी कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। शाखा समिति में शाखा के निर्वाचित पदाधिकारियों के अलावे अफसरी खातुन, बदन देवी तथा सुरेश चौधरी को शामिल किया गया।

विद्यालय जा रही छात्रा के साथ छेड़खानी करना मनचलों को पड़ा महंगा, प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी रहिका थाना क्षेत्र के सतलखा गांव में युवती को विद्यालय आने-जाने के क्रम में गांव के ही कुछ मनचलों द्वारा छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। इस प्रकरण में सतलखा गांव निवासी जानकी देवी ने रहिका थाना में एक आवेदन दिया है। आवेदन में लिखा है कि, गांव के ही युवक अमित सहनी, सतीश सहनी, मंगल सहनी फिरन सहनी एव अन्य लोग मेरी पुत्री के साथ विद्यालय आने-जाने के क्रम में छेड़छाड़ करते हैं। और पीड़ित के परिजनों ने जब उन मनचलों के परिजन से शिकायत की तो उनके द्वारा उल्टे गली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारपीट की गई। रहिका थाना के सहायक प्रभारी कंदन बासकी ने बताया कि जानकी देवी द्वारा दी गई आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

स्पेशल-26 फिल्म से प्रभावित होकर लोगों को चूना लगाने वाले फर्जी 6 ड्रग ऑफिसर गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। आपने बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार, अनुपम खेर और मनोज वाजपेई की फिल्म स्पेशल-26 तो देखें होंगे, जिसमें अक्षय कुमार एवं अनुपम खेर नकली सीबीआई ऑफिसर बन कई दिग्गज नेता और व्यापारियों को करोड़ों का चूना लगाया, जो पूरा मनोरंजन युक्त था, पर यहां तो कुछ लोग इस फिल्म से शायद इतने प्रभावित हो गए कि रील लाइफ को रियल लाईफ में उतार लिया और नकली अधिकारी बन दुकानदारों को से रुपया ऐंठने का प्लान बनाया, पर ये रील नही रियल लाईफ था और इसका भंडाफोड़ हो गया। मामला रक्सौल अनुमंडल के पलनवा थाना क्षेत्र का हैं, जहां से 2 फर्जी ड्रग ऑफिसर के साथ नकली 4 बॉडीगार्ड को पकड़ा गया है, जो दुकानदारों को चुना लगाने के फिराक में थे। मिली जानकारी के अनुसार लौकरिया पंचायत के बजरंग चौक पर फर्जी ड्रग इंस्पेक्टर बन जांच करने पहुंचे थे, जिनका दांव उल्टा पड़ गया और फर्जी गैंग के 6 सदस्य को स्थानीय दुकानदारों ने पड़कर पुलिस को सौंप दिया। फर्जी ड्रग ऑफिसर अपने वाहन पर मेडिकल ऑफिसर का बोर्ड भी लगाए हुए थे। फर्जी ड्रग ऑफिसर इतने शातिर थे कि जांच के नाम पर कई जगहों से उन्होंने कई दवा कारोबारियों से रुपये भी ऐंठ लिए थे, परंतु जब ये बजरंग चौक पर पहुंच दवा दुकान की जांच करने लगे तो दुकानदारों को उनकी हरकत से शक हुआ, उसके बाद वे लोग अपने स्तर से पता लगाया, तो उन लोगों को पता चला कि ये सभी फर्जी हैं और उनके साथ चार बॉडीगार्ड बन कर आये लोग भी भी फर्जी ही है। जिसके बाद उन सभी 6 लोगों को दुकानदारों ने बंधक बना कर स्थानीय थाना को इसकी सूचना देकर बुलाया और उन्हें सौप दिया गया। वही उनके बोलेरो गाड़ी को भी जब्त कर लिया गया है। इस संबंध में पलनवा थानाध्यक्ष ललन कुमार ने विशेष जानकारी तो नही दिया, परंतु बताया कि पकड़े गए सभी लोगों को न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक पकड़े गए आरोपी आदापुर के सिरिसिया कला निवासी 50 वर्षीय बाबूजान देवान, 21 वर्षीय खुर्शीद आलम, 20 वर्षीय जफर एकबाल, 47 वर्षीय जफर अली, 53 वर्षीय राजकिशोर राम एवं बेलदरवा के 29 वर्षीय लक्ष्मी कुमार हैं।

पीके ने बदला सियासी गियर, राज्य और केंद्र सरकार पर कसा तंज

प्रात : किरण संवादाता

बोचहा ।प्रखंड के उच्च विद्यालय उनसर में पहुंचे प्रशांत किशोर विरोधियों पर पूरी तरह से हमलावर रहे। वे अपनी जन सुराज यात्रा में लगातार विरोधियों पर निशाना साध रहे हैं। इस क्रम में उन्होंने जदयू और राजद के बाद आज पहली बार भाजपा को भी अपने निशाने पर लिया है.।

उन्होंने तंज भरे लहजे में कहा कि केंद्र सरकार की खाद्यान्न योजना के अंतर्गत प्रत्येक परिवार को 5 किलो राशन देने की बात है मगर 4 किलो ही राशन मिल पाता है।, मनरेगा योजना से कहीं कहीं तो काम दिखा,पर वह भी आधा -अधूरा है,।

उन्होंने हर घर शौचालय , हर गली मोहल्ले में पक्की सड़क सहित अन्य मुद्दों पर केंद्र सरकार पर तंज कसा। साथ ही राज्य सरकार को भी आरे हाथों लिया। उन्होंने कहा ,सात निश्चय योजना के तहत हर घर नल का जल जिसकी खूब चर्चा है ,वह भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया।, कहीं-कहीं चालू भी है तो वर्चस्व की लड़ाई में ज्यादातर बंद है ।छात्र-छात्राओं के लिए लाई गई स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड लगता है, इस योजना को सरकार ने बंद ही कर दिया है,न। शिक्षा व्यवस्था भी चौपट है ।, बिहार में खिचड़ी खाना ,साइकिल मिल जाना और पोशाक के पैसा मिलने के साथ ही शिक्षा खत्म। यह है राज्य सरकार की नीति। वे यही नहीं रुके , उन्होंने कांग्रेस पर भी हमला बोला ।कन्हैया कुमार को बिहार में मिली बड़ी जिम्मेदारी पर प्रशांत किशोर ने कहा , मैं 11 महीने से पदयात्रा कर रहा हूं । मुझे जमीन पर न कहीं कांग्रेस दिखी न कांग्रेस का झंडा दिखा, न ही कोई कार्यकर्ता न कार्यक्रम दिखा।

संक्षिप्त खबरें

सड़क दुर्घटना में फर्नीचर व्यवसाई की हुई मौत

भागलपुर। लोदीपुर थाना परिक्षेत्र अंतर्गत माछीपुर के समीप मुख्य सड़क मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। काफी मशक्कत के बाद मृतक की पहचान अलीगंज के लखन लाल सिंह के पुत्र वंशीलाल सिंह के रूप में हुई, मृतक व्यक्ति फर्नीचर का व्यवसाय करता था। वहीं इस घटना की सूचना मिलते ही परिजनों की भीड़ अस्पताल पहुंची। जहां पूरा अस्पताल परिसर का माहौल कोलाहल में मच गया था। वही अस्पताल परिसर में परिजनों की भीड़ आगमन की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची लोदीपुर थाना पुलिस ने त्वरित पोस्टमार्टम कार्रवाई प्रक्रिया के तहत कागजी करवाई पूरी कर मृत वंशिलाल सिंह के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही घटना को लेकर परिजन मनोज कुमार चौधरी ने बताया कि वंशीलाल सिंह अपनी बाइक से गोराडीह की ओर से आ रहे थे, तभी माछीपुर के समीप एक बेलगाम ट्रक की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रक चालक मौके से गाड़ी लेकर भागने में सफल हो गया है।वही मामले को लेकर लोदीपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया की सड़क दुर्घटना हुई है, उक्त घटना में घायल व्यक्ति को लेकर मायागंज अस्पताल में इलाज के लिए लेजाया गया था।

सभी केन्द्रों पर परीक्षा चल रही शांतिपूर्वक हुई सम्पन्नः डीएम

भागलपुर।बिहार लोक सेवा आयोग के द्वारा अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के दूसरे दिन भी जिले के चिन्हित 46 केंद्र पर परीक्षा जारी रही है। वहीं इस परीक्षा में 22,155 विद्यार्थी त्रिदिवसीय परीक्षा में शामिल हुए हैं। वहीं परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी सुब्रत सेन और वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार के द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर पहुंच विद्यालय भवनों व उनके चारदीवारी परिसर घूम-घूम कर जायजा ले रहे है। वहीं परीक्षा में किसी भी तरीके की गड़बड़ी ना हो इसको लेकर लगातार वरीय अधिकारी व उनकी टीम लगातार परीक्षा केंद्र पर नजर बनाए हुए हैं। इसी क्रम में शहरी क्षेत्र स्थित एसएम कॉलेज सहित अन्य कॉलेजों का भी जिलाधिकारी व उनकी टीम के द्वारा निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्वक की हो रही है, और कहीं से भी कोई गड़बड़ी की सूचना अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। वहीं परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन व उनकी टीम के द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

पुलिस ने आरोपियों के घर चिपकाए इश्तेहार

हवेली खड़गपुर। खड़गपुर थाना पुलिस ने विगत शुक्रवार को पुराने एक मामले में फरार चल रहे दो अपराधियों के घर ग्रामीणों के मौजूदगी में इश्तेहार चिपका कर आरोपी को सलेंडर करने को कहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार खड़गपुर थाना क्षेत्र के वनबर्षा गांव निवासी लूखो यादव की पत्नी आलखो देवी तथा जोगी यादव की पत्नी रसो देवी के घर न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार चिपकाया गया है सामूहिक तौर पर 20 दिनों के अंदर कोर्ट में फरार आरोपियों को प्रस्तुत होने की सूचना देते हुए कोर्ट में सिलेंडर करने की बात कहा गया है। सलेंडर नहीं करने की स्थिति में न्यायालय के आदेश पर कुर्की जब्ती की कार्यवाही की जाएगी। पुलिस ने ध्वनि विस्तारक यंत्र के जरिए ग्रामीणों को यह संदेश सुनाया।

विद्युत चोरी के आरोप में चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

हवेली खड़गपुर। अवैध तरीके से बिजली इस्तेमाल करने वालों के ऊपर अंकुश लगाने के लिए प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग गांव में विद्युत विभाग के प्राधिकारियों के द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई में अवैध रूप से बिजली चोरी कर रहे नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 10 के वार्ड पार्षद पति सहित चार लोगों के विरुद्ध खड़गपुर थाना में प्राथमिक की दर्ज की गई है। चारों आरोपितों पर 01 लाख 33हजार 2सौ 41 रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार छापेमारी के दौरान शामपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी गोविंद मंडल के पुत्र श्रवण मंडल को अवैध तरीके से बिजली चोरी कर इस्तेमाल करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। इस पर 27875 रुपए जुमार्ना करते हुए शामपुर सहायक थाना में प्राथमिक की दर्ज कराया गया है। जबकि खड़गपुर थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 10 गर्ल्स स्कूल के समीप पारस केसरी और वार्ड पार्षद पति पंकज कुमार एवं साहु टोला निवासी लक्ष्मण तांती को विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा गया। बताया जाता है कि पारस केसरी पर 29161 रुपए पंकज कुमार पर 76346 रुपए एवं लक्ष्मण तांती पर 3859 रुपए का जुमार्ना निर्धारित किया गया है। इन तीनों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम के तहत खड़गपुर थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई गई है।

उधमी सम्मान सह सावन महोत्सव का हुआ आयोजन

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिले भर में महिलाओं के आर्थिक उथान व विकास की गतिविधियों के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए मां आनंदी संस्था के द्वारा कौशल विकास के क्षेत्र में घरेलू कामकाजी महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ उनके बीच आर्थिक स्थिति सुदृढ़ बनाने हेतू स्वरोजगार मार्ग को विकसित करने व स्वलम्बी बनाने के साथ साथ समाज में दबी कुचली महिला को चिन्हित कर उन्हें प्रशिक्षण देने के साथ स्वलम्बी बनाने का सराहनीय प्रयास किया है। वही संस्था के प्रशिक्षित सदस्यों ने क्षेत्र विकास ग्राम विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिलाओं को स्वलम्बी व उधमी बनाने के लिए जिला क्षेत्र में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन कर अनेकों सराहनीय कार्य किये हैं। वही समाज के बीच उन दबी कुचली निसहाय घरेलू कामकाजी महिलाओं को प्रशिक्षित किये जाने के साथ स्वरोजगार से जोड़कर उधमी बनाने व सामाजिक जीवन से निकाल कर एक विकसित व शिक्षित महिला की श्रेणी में लाने के लिए उन प्रशिक्षित महिलाओं के बीच उधमी सह सम्मान कार्यक्रम के साथ साथ सावन महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित की है। रोमांचक माहौल से अवगत व एहसास कराने के उद्देश्य से उक्त कार्यक्रम का आयोजन संस्थान की संस्थापिका सह अध्यक्षा प्रिया सोनी के द्वारा एक विशेष सराहनीय प्रयास रहा है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए संस्था के सलाहकार सह मीडिया प्रभारी राजेश कुमार भगत ने बताया कि स्थानीय खंजरपुर स्थित एक होटल के सभागार में संस्थान की महिला सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक, गीत, संगीत एवं अन्य मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित की। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित उधमी महिला सद्स्यों के द्वारा आर्थिक सहयोग देकर गरीब असहाय वृद्ध महिला को किराना व स्टेशनरी की दुकान खुलाकर उनके जीवन यापन का एक संसाधन का विकल्प मार्ग मां आनंदी संस्था द्वारा प्रदान किया गया है। कार्यक्रम शुरूआत के पूर्व संस्था की संस्थापिका प्रिया सोनी व उपस्थित उधमी महिला सदस्यों द्वारा विधिवत रूप दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान उपस्थित महिला सदस्यों ने नृत्य, गायन के अलावा बच्चों के मनोरंजन के लिए नृत्य कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। वही उपस्थित महिलाओं ने सावन मास के उपलक्ष्य में हरे रंग के वस्त्र पहनकर अपने आलोकित नृत्य कला प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का भरपूर आनंद ले कर आनंदित हुई। इस दौरान संस्था की अध्यक्षा प्रिया सोनी के क्षेत्र व नगर विकास की दिशा में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का उनका प्रण काफी सराहनीय कदम रहा है, उनके इस संकल्प को लेकर उधमी के क्षेत्र में सफलता की ओर अग्रसर हो रही महिलाओं के उनके संकल्पित विचारों पर काफी प्रसन्नता जाहिर की है। वही कार्यक्रम को लेकर संस्था की अध्यक्षा सह संस्थापिका प्रिया सोनी ने कहा कि आज महिला चूल्हे से लेकर आसमान के ऊंचाइयों को छू लेने के दृढ़ संकल्प के मार्ग में चंद्रयान 3 की सफलता की कड़ी में महिला सशक्तिकरण का एक स्वरूप मात्र है, महिला चाहे तो कुछ भी कर सकती हैं। इसी सोच के साथ हम हर महिलाओं को प्रेरणा स्वरूप आथिर्क विकास मार्ग की ओर ध्यान केंद्रित करने के लिए सहयोग देना चाहते हैं कि वो आत्मनिर्भर बनकर आर्थिक स्वतंत्रता ही उनकी सबसे बड़ी कड़ी से जुड़ कर सम्मान के साथ सफलता का पैमाना हासिल कर सकती हैं, जिससे हमारा लक्ष्य सार्थक सिद्ध साबित होगा। इस मौके पर शोभा सिंह, सुनीता साह, नीली वर्मा, मृदुल घोष, प्रमिला, अलका, रेखा, सुनीता, सरिता, सीमा, रितु सहित दर्जनों महिलाओं सहित संस्था के महिला कर्मियों की मौजूदगी दर्ज रही थी।

छात्रा ने की खुदकुशी, पुलिस ने मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुटी

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। बरारी थाना परिक्षेत्र अंतर्गत सुर्खीकल इलाके में स्थित एक लॉज में इंटर की एक छात्रा ने दुपट्टे का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर लिये जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि इलाके के एक लॉज के कमरे में एक युवती ने दुपट्टे का फंदा बनाकर पंखे से बांध गले डालकर कर खुदकुशी कर ली है। वही मृत छात्रा की पहचान सन्हौला के पिंटू यादव की बड़ी बेटी 17 वर्षीय श्रेया कुमारी के रूप में बताई जा रही है।

घटना को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक छात्रा 17 बर्षीय श्रेया लॉज में रहकर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रही थी। मृत छात्रा के पिता सनहौला स्थित एक निजी स्कूल चलाते हुए परिवार का भरण पोषण करते हैं।

वहीं घटना की सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद अन्य छात्रा के द्वारा परिजनों को दूरभाष पर घटना की सूचना दी। जिसके ततपश्चात परिवार के सदस्य आनन फानन में सन्हौला से सुर्खीकल स्थित लॉज पहुंचे परिजन ने कमरे का दरवाजा तोड़ फंदे से लटक रही छात्रा को नीचे उतार कर जीरो माइल स्थित एक निजी क्लीनिक में लेजाया गया था।

इसी बीच लॉज मलिक ने सबंधित मामले को लेकर बरारी थाना पुलिस को घटना के बारे में जानकारी दी। जिसके बाद प्राप्त सूचना के तहत बरारी थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर मृत छात्रा के शव को अपने कब्जे में ले मायागंज अस्पताल पहुंची। जहां बरारी थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने मामले को लेकर कहा कि एक लॉज में एक छात्रा के द्वारा आत्महत्या करने की सूचना मिलने के बाद संबंधित पुलिस पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए मामले की जांच को लेकर मौके पर भेजा गया था। वही अस्पताल परिसर में मौजूद परिजनों का फर्द बयान दर्ज कर मृत छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वही इस घटना से आहत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस घटना से संबंधित जानकारी के तहत अन्य बिंदुओं पर भी जांच में जुट गई है।

गर्भवती महिला के ईलाज में लापरवाही बरतने का परिजनों ने लगाया आरोप

प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। रेफरल अस्पताल सुलतानगंज परिसर में इलाज के लिए पहुंची गर्भवती महिला का प्रशव प्रक्रिया में एनएम व अस्पताल चिकित्सक द्वारा लापरवाही बढ़तने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि अस्पताल चिकित्सक के लापरवाही के कारण एक गर्भवती महिला के प्रशव इलाज प्रक्रिया में विलंभ किये जाने से नबजात शिशु की मौत हो गई। जिसके बाद आक्रोशित परिजनों ने नवजात शिशु को लेकर मुआबजा की मांग को लेकर अस्पताल प्रांगण में हंगामा खड़ा कर दिया। वही मामले को लेकर गर्भवती महिला शबनम खातुन की माँ सलीना बैगम ने बताया कि गुरुवार को प्रशव पीड़ा शुरू होने के ततपश्चात देररात रेफरल अस्पताल इलाज के लिए पहुंचने पर मेरी बेटी गर्भवती सलीना बैगम के इलाज के लिए ड्यूटी पर मौजूद एनएम को कहने पर भी कोई दवा नहीं दी और पेंट पर अपने बल का प्रयोग करते हुए प्रशव करने के प्रयास में नबजात शिशु का प्रशव कराने के साथ ही बच्चे को फेंक दिया। जिससे नबजात शिशु की मौत मौके पर ही हो गई। वही परिजनों ने बच्चे के हुई मौत का मुआबजा की मांग को लेकर रेफरल अस्पताल में जमकर हंगामा शुरू कर दिया। वही उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि रेफरल अस्पताल में मौजूद चिकित्सक व अस्पताल कर्मियों द्वारा गरीब परिवारों का ईलाज सही से नहीं किये जाने के कारण यहाँ पर आये दिन उक्त घटना घटित होने के मामले सामने आती रही है। ऐसे में बिहार सरकार एंव जिला पदाधिकारी को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। जिससे गरीब परिवारों का ईलाज सही समय पर हो सकें। ज्ञात हो कि अकसर रेफरल अस्पताल प्रांगण में ग्रामीण क्षेत्र इलाके से ईलाज के लिए पहुंचे ग्रामीणों का सही से नहीं किये जाने के अभाव में अक्सर विवाद खड़ा होने की भी बात शहर वासीयों के द्वारा कही जा रही है। वही रेफरल अस्पताल के प्रभारी कुंदन भाई पटेल ने बताया कि ऐसी कोई बात नहीं है। गर्भवती महिला के नवजात शिशु की मौत पेंट में ही हो गई थी। गर्भावस्था के दौरान प्रशव पीड़ा होने के दौरान कोई भी दवाई की आवश्यकता नहीं रहती हैं, इसे लेकर अस्पताल कर्मी प्रतीक्षा कर सही तरीके से समय पर प्रशव करा दिया जाता है। प्रशव के समय का इंतजार नही करने से ऑपरेशन प्रक्रिया के साथ प्रशव कराया जाता है लेकिन जब इसकी जब आवश्यकता नहीं है तो उस प्रक्रिया को क्यों प्रयोग किया जाय। वही घटना की जानकारी होते ही मामले की सारी जांच कर ली गई है। वही परिजनों को अस्पताल परिसर से समझा बुझाकर घर भेज दिया गया है। वही उन्होंने कहा कि आम लोगों के बीच जागरूकता के अभाव में ऐसे आरोप लगाते रहे हैं। अस्पताल परिसर में इलाज व्यवस्था में कोई कमी नहीं है।

बीपी मंडल का 105वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाया गया

मुंगेर । जनता दल यूनाइटेड के गार्डन बाजार स्थित जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष नचिकेता मंडल के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री एवं अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग भारत सरकार बीपी मंडल के 105 वीं जयंती के अवसर पर उनके तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाया गया । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नचिकेता मंडल ने कहा कि मंडल मसीहा बीपी मण्डल ने समाज के पिछड़े , शोषित, पीड़ित आबादी को न्याय दिलाने और उनके जीवनस्तर को सुधारने, सामाजिक, राजनीतिक और शैक्षणिक अधिकार दिलाने के लिए पिछड़ा वर्ग आरक्षण लागू करवाने करवाने की व्यवस्था के लिए जो काम किया है,वह भारत की संपूर्ण पिछड़ी आबादी सदैव सदैव उनकी ऋणी रहेगी । इस कार्यक्रम में पार्टी के जिला प्रवक्ता विमलेंदु राय, धरहरा प्रखंड अध्यक्ष नवीन कुमार सिंह, कुन्दन कुशवाहा इत्यादि मौजूद थे ।

स्कूल में पढ़ाई के लिए गया बच्चा विगत दिनों से है लापता

बच्चे को लेकर कोई सूचना नहीं मिलने पर परिजनों के बीच मचा है कोलाहल

प्रात : किरण ब्यूरो



भागलपुर। औद्योगिक परिक्षेत्र स्थित जीरोमाइल थाना परिक्षेत्र अंतर्गत मीराचक इलाके से एक बच्चे के लापता होने की सूचना प्रकाश में आया है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि विगत 21 अगस्त को मध्य विद्यालय में पढ़ाई करने दो भाई-बहन एक साथ विद्यालय गए थे, लेकिन बहन तो वापस घर लौट आई, जबकि उनके भाई घर लौट कर वापस नहीं लौटा जो अभी तक लापता है। वही उसकी तलाश में परिजन काफी खोजबीन किये जाने के बाद भी उसका अबतक कुछ पता नहीं लग पाया है।

वहीं लापता बच्चे के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, वही घटना को लेकर परिजनों ने जीरोमाइल थाना में पहुंच कर अपने बच्चे के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है, वही पुलिस भी मामले की गंभीरता को देखते हुए मामले की छानबीन में जुटी है।गौरतलब हो की लापता बच्चा जीरोमाइल थाना अंतर्गत मीराचक इलाके के सुरेश मंडल का 8 वर्षीय पुत्र अमित कुमार है। वही लापता हुए बच्चे को लेकर परिजनों ने बताया कि वह आसमानी रंग के शर्ट और ब्लू कलर का पेंट पहन कर अपनी बहन के साथ स्कूल गया था, जहां से बहन तो घर वापस लौट आई लेकिन 8 वर्षीय अमित अपने घर वापस नही लौटा है, जो अभी तक लापता है, वहीं परिजनों ने कहा कि हम लोगों का किसी से कोई दुश्मनी नहीं है, ऐसे हम किसी पर इल्जाम भी नहीं लगा सकते अब लापता होने का क्या कारण है और कैसे लापता हुआ यह हम लोग नहीं जानते बस पुलिस विभाग से अनुरोध है कि हमारे बच्चे को ढूंढ कर हमें सौंप दे। वही इस घटना से आहत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

अभियंताओं के सामने ही मजदूर आधी भरी बालू की बोरी डाल किया जा रहा बचाव कार्य

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। नवगछिया पुलिस जिला परिक्षेत्र इलाके में लगातार कोसी नदी व गंगा का पानी में हो रही कमी के बावजूद भी पानी अपना प्रकोप स्वरूप लिए तांडव मचा रही है। वही इस्माइलपुर के बिंद टोली इलाके के बीच स्पर संख्या छह एन के डाउन स्ट्रीम में विगत शाम लगभग 60 मीटर क्षेत्र दायरे में कटाव शुरू हो गया था। जिसमें आसपास बांध के सटे इलाके में बसे ग्रामीण के झोपड़ी नुमा घर गंगा में समाहित हो गया है। वही कटाव स्थल पर दूसरे दिन फ्लड फाइटिंग के तहत काम शुरू किया गया था। वही कटावरोधी कार्य के दौरान सरकार के विभागीय अभियंता के निर्देशन में बांस के बल्ले, ईसी बेग को ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से उक्त स्थल पर दिया जा रहा था। वही स्प संख्या 6 कैंप कार्यालय के समीप बने नोज पर भी लिंक कर गया था। जिस पर इसी बैग डाल कर बचाने का प्रयास कार्य जारी किया जा रहा है। वही इस बचाव कार्य को लेकर आसपास के लोगों के बीच आक्रोशित माहौल देखा जा रहा है,इलाके में किये जा रहे बचाव कार्य को गुणवत्तापूर्ण नहीं किये जाने को लेकर विभाग के प्रति आक्रोशित माहौल देखने को मिल रहा है। कटाव के रोकथाम के लिए इसी बेग में आधा बालू भर कर दिया जा रहा है। जिसमें अधिकतर बोरी में मानक के अनुसार बालू था ही नहीं और इसी बेग में आधा ही बोरी बालू भरकर गंगा के पानी में डाला जा रहा था। जहां जल संसाधन विभाग की अभियंता की नजर पड़ी मौके पर जमकर फटकार भी लगाई। वही कटाव के भय से आसपास के लोग रताजगा कर समय बिताने को विवश हो चक हैं। वहीं ग्रामीण सह जदयू के नेता चिरंजीवी राय उर्फ पटेल ने कहा कि बचाव के नाम पर हर तरफ सिर्फ लूट मची हुई है । वही विभाग के निर्देश पर कटावरोधी कार्य को लेकर अधिकतर फटी बोरिया ही डाला जा रहा है। विभाग के पदाधिकारी सरकार को बदनाम करने के लिए एक कसर नहीं छोड़ा है,

वही मामले को लेकर नवगछिया के एसडीएम उत्तम कुमार ने बताया कि सतत कटाव स्थल की मॉनिटरिंग की जा रही है। साथी ही बांध के सभी जगह पर निगरानी करने का निर्देश दिए गये है, जबकि स्थिति बिलकुल सामान्य है। वही कटी मौके पर जल संसाधन विभाग के अभियंता, अधीक्षण व कार्यपालक अभियंता समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

जिले के सात अस्पतालों का राज्यस्तरीय टीम जल्द करेगी निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । जिले के दो अनुमंडलीय अस्पताल, दो रेफरल अस्पताल और तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का कायाकल्प कार्यक्रम के तहत राज्यस्तरीय टीम के द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। जिसको लेकर सभी तरह की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

टीम के आने से पहले ही सभी प्रकार की कमियों को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। राज्यस्तरीय टीम में कटिहार जिले के जिला सलाहकार, गुणवत्ता यकीन डॉ किसलय कुमार, जिला अस्पताल के अस्पताल प्रबंधक और स्वास्थ्य विभाग को सहयोग करने वाली संस्था के एक अधिकारी को शामिल किया गया है। जिनके द्वारा पूर्णिया जिले के सात अस्पतालों का कायाकल्प कार्यक्रम के तहत निरीक्षण किया जाना है।

सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग का मुख्य उद्देश्य, जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण इलाकों में चिकित्सीय व्यवस्था को धरातल पर उतारते हुए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। बता दें कि अस्पतालों द्वारा दी जा रही चिकित्सीय सुविधाओं में कमियों को पूरा करते हुए बेहतर चिकित्सीय व्यवस्था लागू करने को लेकर कायाकल्प कार्यक्रम के तहत भौतिक सत्यापन किया जाता है। उसके बाद ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थान को विभागीय स्तर पर सम्मानित किया जाता है। जिसमें जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध कराने में यूनिसेफ एवं पिरामल स्वास्थ्य के अधिकारियों द्वारा महत्वपूर्ण योगदान रहता है। जिला सलाहकार, गुणवत्ता यकीन पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि जिले के अनुमंडलीय अस्पताल धमदाहा और बनमनखी, रेफरल अस्पताल अमौर और रूपौली, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसबा, भवानीपुर और बैसा का राज्यस्तरीय टीम के द्वारा बहुत ही जल्द भ्रमण होने वाला है। जिसको लेकर सभी अस्पतालों द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में अनुमंडलीय अस्पताल बनमनखी सहित भवानीपुर, कसबा और बैसा का कायाकल्प कार्यक्रम के तहत राज्यस्तरीय टीम के द्वारा निरीक्षण किया गया था। जिसमें बैसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 83.86 प्रतिशत, अनुमंडलीय अस्पताल बनमनखी को 80.86 प्रतिशत, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसबा को 76.86 प्रतिशत एवं सीएचसी भवानीपुर को 71.71 प्रतिशत के साथ प्रशस्ति पत्र एवं नकद राशि देकर सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ था।

महान क्रांतिकारी शहीद रामफल मंडल के 81वीं शहादत दिवस मनाया गया

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। जदयू मुंगेर कार्यालय परिसर में जिला अध्यक्ष नचिकेता मंडल की अध्यक्षता में अमर सेनानी महान क्रन्तिकारी शहीद रामफल मंडल की 81वीं शहादत दिवस मनाया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मंडल ने कहा की शहीद रामफल मंडल बिहार के स्वतंत्रता संग्राम में फांसी पर झूलने वाले पहले शहीद थे, जिन्होंने मात्र 19 वर्ष की आयु में अपनी शहादत दे दी उन्होंने कहा कि शाहिद रामफल मंडल को ब्रिटिश राज्य ने फांसी की सजा सुनाई थी । जिला अध्यक्ष श्री मंडल ने कहा कि अमर शहीद रामफल मंडल सीतामढ़ी के रहने वाले शहीद रामफल मंडल ने मात्र 18 वर्ष की आयु में ही एक अंग्रेज ऑफिसर को गड़ासे से काटकर इसलिए हत्या कर दिया था क्योंकि ब्रिटिश अधिकारी द्वारा 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन को कुचलने का जो काम अंग्रेजों ने किया था और जिस निर्ममता के साथ सीतामढ़ी में जनता के ऊपर लाठी चार्ज एवं जनता को प्रताड़ित किया था, उन्होंने बदला लेने का कार्य किया। अमर शहीद रामपाल मंडल ने ब्रिटिश थाना अध्यक्ष, अनुमंडल पदाधिकारी एवं एक अन्य पुलिस अधिकारी की हत्या कर दी थी । 22 अगस्त 1942 को उन सभी अंग्रेजों की हत्या के बाद अपनी गिरफ्तारी स्वयं दी, उस समय राष्ट्रीय आंदोलन में कांग्रेस पार्टी ने उनके बचाव में पार्टी के खर्च पर वकील नियुक्त किया लेकिन अंग्रेज जज ने कहा कि अगर रामफल मंडल इस जुर्म को स्वीकार करने से मुकर जाए तो सजा माफ कर दूँगा , परंतु उन्होंने विश्वास के साथ सत्य को रखा और कहा की भारत माता की आजादी के हो रहे संघर्ष को दबाने का प्रयास ब्रिटिश अधिकारियों ने किया है, भारत की जनता पर जो अन्याय एवं जुल्म कर रहे हैं उसके लिए उन्होंने उन तीनों पदाधिकारी की हत्या स्वयं की है । उस वक्त उनकी आयु 18 वर्ष पूरी नहीं हुई थी उन्हें भागलपुर जेल में रखा गया और 6 अगस्त को 18 वर्ष पूर्ण होने के साथ ही 23 अगस्त 1943 को उन्हें भागलपुर जेल में फांसी दी गई । आज रामपुर मंडल की जीवनी हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत है और यह सिखाता है कि राष्ट्र की सेवा के लिए, समाज की सेवा के लिए, इस राष्ट्र की स्वतंत्रता , संविधान की रक्षा के लिए साथियों को अपने प्राणों की आहुति देने के लिए भी तैयार रहना चाहिए । इस कार्यक्रम को मुंगेर प्रमंडलीय प्रभारी मुकेश विद्यार्थी, प्रदेश सचिव सौरभ निधि, प्रदेश सचिव राजेश राणा, युवा जदयू अध्यक्ष विक्की गुप्ता, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मिथलेश मंडल, किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुजीत मंडल, नगर अध्यक्ष शाहिद अख्तर उर्फ गुड्डु राइन , राजीव रंजन, कुन्दन कुशवाहा ने संबोधित किया ।

फिजिक्स वाला कर रहा है 26 और शहरों में पीडब्ल्यू विद्यापीठ का शुभारंभ

पटना। फिजिक्स वाला भारत में बड़े पैमाने पर शिक्षा को उदार बनाने वाला अग्रणी यूनिकॉर्न एड-टेक कंपनी है। यह भारत भर में तकनीक से सुसज्जित 26 नए ऑफलाइन सेंटर पीडब्ल्यू विद्यापीठ की शुरूआत कर रहा है पीडब्ल्यू एनएसएटी 2023 के माध्यम से छात्रों के पास 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्राप्त करने का अवसर है पीडब्ल्यू एनएसएटी के माध्यम से पीडब्ल्यू मेधावी छात्रों को 200 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान कर रहा है परीक्षा ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों मोड में आयोजित की जाएगी यह कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के साथ ड्रॉपर्स के लिए भी उपलब्ध होगी, जो जेईई या नीट की तैयारी करने के इच्छुक हैं। विद्यापीठ ऑफलाइन पीडब्ल्यू के सीईओ अंकित गुप्ता ने कहा कोविड के बाद शिक्षा का नया रूप विकसित हुआ है। छात्र अब ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से सीखने का फायदा उठाना चाहते हैं। पीडब्ल्यू का दृढ़ विश्वास है कि हाइब्रिड दृष्टिकोण अपनाकर आगे बढ़ा जा सकता है हम शहरों में तकनीकी-सक्षम ऑफलाइन विद्यापीठ सेंटर्स खोलकर छात्रों को उनके ही कस्बों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना चाहते हैं जिससे उन्हें दूर दूसरे शहरों के शिक्षा केंद्रों में जाने की जरूरत न पड़े हमारा लक्ष्य छात्रों को और अधिक सपोर्ट देना है।

चंद्रयान 3 की सफलता के लिए लोगों ने इसरो को दिया बधाई, बताया पूरे देश के लिए गौरव का पल

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । पिछले दिनों चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारत के चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर पूरे देश में हर ओर खुशी और उल्लास का माहौल है। इसी क्रम में पूर्णिया के लोग भी चंद्रयान 3 की सफलता से आह्लादित दिख रहे हैं। चंद्रयान 3 की सफलता पर खुशी जताते हुए राजद के जिला अध्यक्ष मिथिलेश दास ने कहा कि यह पूरे देश के लिए एक गौरवशाली पल है। चंद्रयान-3 का लैंडर विक्रम बुधवार शाम करीब छह बजे चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर सुरक्षित उतरने में सफल रहा और भारत यह उपलब्धि पाने वाला पहला देश बन गया है। उन्होंने कहा कि यह हरेक भारतीय के लिए गौरवशाली पल और भारत की अंतरिक्ष एवं प्रौद्योगिकी यात्रा में एक यादगार मुकाम है। यह घटना इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षर में दर्ज हो गया है। वहीं युवा राजद के जिला अध्यक्ष नवीन यादव ने सबसे पहले इस उपलब्धि के लिए इसरो की पूरी टीम को बधाई दिया। श्री यादव ने कहा कि यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। इसरो वास्तव में देश का गौरव है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष अभियानों का अंजाम देने की क्षमता देश के विश्वास को दशार्ती है और यह भारत का वक्त है। उन्होंने कहा कि यह भारत के 1.4 अरब लोगों के लिए ऐतिहासिक पल है। वहीं इस उपलब्धि पर आम आदमी पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष इरशाद पूर्णवी ने इसरो को धन्यवाद देते हुए कहा, सितारों तक पहुंचने का इरादा रखने का तरीका बताने वाले अंतरिक्ष एजेंसी ने निश्चित तौर पर पूरी दुनिया में भारत का मान बढाया है।

पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में कुल 35 मामले की हुई सुनवाई, 10 का किया गया निष्पादन

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । पूर्णिया पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आयोजित होने वाले पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में 6 उजड़े हुए घरों को समझा-बुझाकर फिर से बसा दिया गया। प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाले पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र में कुल 35 मामले सुनवाई हुई जिसमें से 10 मामलों को निष्पादित किया गया। डगरूआ थाना क्षेत्र से आयी एक महिला ने शिकायत की कि उसके पति ने दूसरी

संक्षिप्त खबरें

लावारिस सेवा केंद्र ने दो अज्ञात शव का कराया अंतिम संस्कार

आरा। शहर के करमन टोला रोड स्थित लावारिस सेवा केंद्र द्वारा शनिवार को दो अज्ञात पुरुष के शव का अंतिम संस्कार गांगी नदी स्थित मुक्तिधाम पर कराया गया। संस्था के संस्थापक डीएन सिंह ने बताया कि एक शव आरा रेल थाना पुलिस द्वारा प्राप्त हुआ था। जबकि दूसरा शव आरा नगर थाना पुलिस द्वारा दिया गया था। पोस्टमार्टम के बाद दोनो शवो को पहचान हेतू 72 घंटे तक सुरक्षित रखा गया था। शवो की पहचान नही होने पर पुलिस ने दाह संस्कार के लिए लावारिस सेवा केंद्र को सौंप दिया गया। इसके बाद लावारिस सेवा केंद्र ने दोनो शवो का अंतिम संस्कार करवाया। दाह संस्कार कराने में डीएन सिंह के अलावे रामेश्वर तिवारी, रविशंकर मिश्रा, सवार्नंद तिवारी, जितेंद्र कुमार, मकलू राम आदि की भूमिका रही।

भाजपा का मीटिंग पूरे तरह से फ्लॉप : प्रदेश महासचिव

आरा। बड़हरा राजद के प्रदेश महासचिव मनोज सिहं ने कहा कि बडहरा के विराहीमपुर हाई स्कूल में भारतीय जनता पार्टी का मीटिंग पूरे तरह से फ्लॉप रहा क ई दिनों से वहां के विधायक जी तैयारी में लगे हुए थे और गांव-गांव तक रुपया बांट रहे थे लेकिन बड़हरा की आम अवाम किसान मजदूर नौजवान ने मीटिंग को नकार दिया जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी लोकसभा में और विधानसभा में बडहरा में जिती लेकिन जीते के समय ही वहां के विधायक जी ठेकेदारों से घिरे रहते हैं और बिचौलियों से विधायक जी के पास कोई गरीब किसान नहीं जा सकता और नहीं किसी गरीब किसान मजदूर का कोई काम हो सकता एक सूत्री काम है उनका किसी तरह से धन उपार्जन लेकिन बड़हरा की जनता और आम अवाम पूरी तरह से जान चुकी है की यह हमारे सेवक नहीं बल्कि सत्ता भोगी लोग हैं सत्ता का मकसद इनका सिर्फ भोग करना और पैसा कमाना है बड़हरा की जनता आने वाला लोकसभा की चुनाव और विधानसभा की चुनाव में इनको सबक सिखाएगी वहां सिर्फ जिले के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता थे भारतीय जनता पार्टी के नेता वोट लेकर गरीबों किसानों को नौजवानों को सिर्फ भ्रम फैलती है जिस तरह से हाई स्कूल के कैंपस में 6 दिनों से लड़कों के पढ़ाई बाधित करके और टेंट वाला लगाया जा रहा है बहुत ही निंदनीय है स्कूल प्रशासन पर मैं मांग करता हूं कार्रवाई होना चाहिए।

दिनदहाड़े अपराधी घटना को देते हैं अंजाम

करपी (अरवल) लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के आजीवन सदस्य रामाज्ञा यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहां की बिहार राज्य सरकार हर मोर्चे पर फेल दिखाई दे रही है, पूरे बिहार में अराजकता का माहौल कायम है, रामाज्ञा यादव ने कहा कि गरीब वंचित दलित के जमीन देकर घर बसाने के बजाय उन्हें उजाडा जा रहा है, अपराधियों के बोलबाला चरम सीमा पर है इन दोनों बिहार में अपराधी बेखौफ होकर घटना को अंजाम दे रहे हैं, उन्होंने कहा की भोजपुर जिले में नौ हत्याएं किया गया है वही मोतिहारी में पांच हत्याएं एवं अररिया में पत्रकार के तो मुजफ्फरपुर में थाना अध्यक्ष की हत्या कर दी गई है, बिहार में अपराधी बेलगाम पुलिस प्रशासन की कोई भय नहीं है अपराधियों मे जब चाहे तब दिनदहाड़े अपराधी किसी की हत्या कर के चलते बनते हैं।

दिल्ली पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन प्रतियोगिता का आयोजन

अरवल। जिले के बैदराबाद स्थित तेजपुर दिल्ली पब्लिक स्कूल कैंपस में राखी बंधन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस प्रतियोगिता में विद्यालय के बालक एवं बालिका ने चढबढ़ कर हिस्सा लिया, इस दौरान दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल धर्मेंद्र कुमार ने रक्षाबंधन प्रतियोगिता में उपस्थित सभी बच्चों का हौसला बढ़ाए, उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन भाई & बहन का एक अटूट प्रेम है जिसको बहनों ने अपनी भाई को कलाई में राखी बांधती है और भाई को लंबी उम्र के लिए भगवान से दुआएं मांगती है, प्रिंसिपल ने कहा की सभी बालक व कालिकाओ हर्षोलस के साथ रक्षाबंधन त्यौहार मनाए।

नोडल पदाधिकारी करेंगे प्रखंड स्तरीय सभी कार्यों का पर्यवेक्षण

मशरक। प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति के नोडल सह सदस्य सचिव प्रखंड विकास पदाधिकारी होंगे। इसे लेकर बिहार सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग से न आदेश/संकल्प निकाल दिया गया है। इससे एक बार फिर से प्रखंड स्तरीय प्रशासन और पदाधिकारियों के साथ बीडीओ सभी विभागीय पदाधिकारियों के साथ समन्वय समिति गठित कर बैठक कर विभागो का पर्यवेक्षण कर सकेंगे।

नंदवंशी चेतना मंच द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई

प्रात : किरण संवाददाता

गया।आजादी का अमृत काल में गया जिला नंदवंशी चेतना मंच के द्वारा तिरंगा यात्रा गया के गांधी मैदान से निकलकर राय काशीनाथ,कचहरी, जीबी रोड,टावर चौक,रमना पितामहेश्वर, कोइरीबारी होते गया संग्रहालय में समापन किया गया तिरंगा यात्रा का नेतृत्व गया जिला नंदवंशी चेतना मंच के अध्यक्ष संतोष ठाकुर के नेतृत्व में निकाला गया इस तिरंगा यात्रा में नंदवंशी चेतना मंच के हजारों की संख्या में उपस्थित होकर यात्रा में शामिल हुए समापन के बाद गया संग्रहालय में सर्वप्रथम जननायक कपूर्री ठाकुर जी की चित्र पर माला पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया है इसके बाद जनप्रतिनिधि,छात्र, समाजिक कार्यकर्ता उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान समारोह रखा गया है।सम्मान समारोह में नंदवंशी चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद कुमार नंदवंशी प्रदेश अध्यक्ष चंदन कुमार नंदवंशी के द्वारा सम्मान समारोह में उत्कृष्ट कार्यों के लिए अंगवस्त्र ,मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद कुमार नंदवंशी के द्वारा अपने संबोधन में कहा की गया जिला नंदवंशी चेतना मंच को भूरी भूरी प्रसंशा करते हुए कहा समाज के अतिपिछड़ा वर्ग के श्रेणी में आते हैं आजादी के अमृत काल में किसी सामाजिक संगठन के द्वारा तिरंगा यात्रा निकालना गौरव की बात है नंदवंशी समाज के दबे कुचले परिवार से आते हैं इन्हें सामाजिक एवं आर्थिक रूप से जननायक कपूर्री ठाकुर के द्वारा सरकारी नौकरी में एवं अन्य संस्थानों में आरक्षण की व्यवस्था किया गया था लेकिन कपूर्री जी का सपना था की समाज के नई अन्य जातियां चंद्रवंशी,मालाकार,प्रजापति के आरक्षण की व्यवस्था बनाई गई थी एवं बिहार में एन डी ए सरकार अतिपिछड़ा वर्ग को पंचायती राज चुनाव में आरक्षण की व्यवस्था किया गया है लेकिन जननायक कपूर्री ठाकुर जी इन वर्गो के आरक्षण का लाभ ले रहा था लेकिन जिन जातियों का को आरक्षण कपूर्री के काल में दिया गया था उन जातियों को बिहार सरकार ने सुखी संपन्न जाति जो आर्थिक एवं राजनैतिक मजबूत है उन जातियों को शामिल कर लिया गया जिससे जननायक कपूर्री ठाकुर जी के काल में दिया गया था वो कमजोर पड़ गया है।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संतोष ठाकुर अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा की आज हमलोग तिरंगा यात्रा निकालकर एवं समाज में जनप्रतिनिधि शिक्षक एवं छात्र छात्राएं को सम्मानित करने पर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं नंदवंशी चेतना मंच के माध्यम से हमलोग एक होकर मतदान करते हैं लेकिन राजनैतिक सामाजिक में भागीदारी की बात आता है तो भागीदार न बनकर बल्कि समाज में जो अतिपिछड़ा वर्ग से संपन्न लोगो को राजनीतिक भागीदारी दी जाती है इस मंच से चेतावनी देते हैं कि सचेत हो जाय नही तो हमलोग भी नकारात्मक रूप अपनाकर सबक सिखाने का काम करेंगे। इस कार्यक्रम में आर जे डी के जिला अध्यक्ष महेश ठाकुर,भाजपा के सरयू ठाकुर, प्रो गौरी शंकर ठाकुर, नगर अध्यक्ष रौशन कुमार,रवि नंदवंशी,प्रेम नंदवंशी,संदीप कुमार,पवन नंदवंशी,जैकी नानवंशी, डॉक्टर राजीव,पिंटू कुमार, विजय मुखिया,संजय मुखिया,ब्रजेश ठाकुर, कारू वार्ड सदस्य,कपूरवा देवी,प्रियंका कुमारी,रीना देवी ,रिंकू देवी,वीना देवी ,रिचा कुमारी,आलिया शर्मा बिंदु देवी सहित हजारों नंदवंशी परिवार के लोग शामिल हुए।

बाबा कन्या उच्च विद्यालय का शिलान्यास नगर विधायक द्वारा किए गया

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।रामचंद्र सिंह बनमाली बाबा कन्या उच्च विद्यालय नई सड़क सरपंच मोहल्ला गया के विद्यालय भवन का शिलान्यास राशि 14,99,000 के लागत से पूर्व मंत्री सह नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार के कर कमलों से संपन्न हुआ है। इसकी स्थापना वर्ष 1966 ई० में हुआ था।58 वर्ष पुराने भवन के होने के कारण भवन जर - जर हो गया था। जिससे किसी भी समय अप्रिय घटना हो सकती थी।राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग का ध्यान आकृष्ट कराया लेकिन भवन का निर्माण नहीं हो पाया है। अंत में डॉ प्रेम कुमार के पहल पर मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के राशि से विद्यालय निर्माण का स्वीकृति प्राप्त हुआ है।और भवन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। विधायक अपने उदबोधन में बताया की दिसंबर 2023 तक भवन का निर्माण पूर्ण हो जायेगा।वर्तमान में विद्यालय को विधायक द्वारा निर्मित सामुदायिक भवन एवं विराज मोहनी कन्या मध्य विद्यालय में विद्यालय पढ़ाई की व्यवस्था की गई है। ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ।केंद्र की मोदी सरकार ने नई शिक्षा नीति 202029 जुलाई 2020 को घोषित किया। 1986 में जारी हुई नई शिक्षा नीति के 35 वर्षों बाद शिक्षा में मोदी सरकार का क्रांतिकारी परिवर्तन का कदम है।वर्तमान शिक्षा नीति 2020 अंतरिक्ष वैज्ञानिक के कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट पर आधारित है।इसकी प्रमुख बातें हैं।वर्ष 2030 तक सफल नामांकन अनुपात 100% लाने का लक्ष्य है। शिक्षा क्षेत्र पर सकल घरेलू उत्पाद के 6% हिस्से के सार्वजनिक व्यय का लक्ष्य रखा गया हैमानव संसाधन प्रबंधन मंत्रालय का नाम परिवर्तित कर शिक्षा मंत्रालय कर दिया गया है।पांचवी कक्षा तक शिक्षा में मातृभाषा,स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा की शिक्षा के माध्यम को अपने पर बोल दिया गया है।मातृभाषा को कक्षा 8 और आगे की शिक्षा के लिए प्राथमिकता रहेगी।देशभर के उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए भारतीय उच्च शिक्षा परिषद नामक एक एकल नियामक की परिकल्पना की गई है।पहले जहां 10+2+3 की संरचना थी। इसे बदलकर अब 5 +3 + 3 + 4 फॉर्मेट किया गया है।सभी विषयों की पढ़ाई अब विद्यार्थी कर सकेंगे।वैकल्पिक विषय के रूप में आर्ट वाले साइंस ले सकते हैं। साइंस वाले आर्ट का विषय भी ले सकते हैं,कॉमर्स के विषय भी ले सकते हैं। विदेशी भाषाओं की पढ़ाई बच्चे कर सकेंगे। देश में विश्व के टॉप 10 यूनिवर्सिटी के फैकल्टी खुलेंगे। जहां विद्यार्थी अध्ययन कर पाएंगे।बता दें इस विद्यालय में 11 शिक्षक कार्यरत है वा 484 छात्राएं हैं। 12 वीं कक्षा में अभी 17 की सीट खाली है।वही विधायक की मांग है कि बिहार सरकार खाली सीटों पर अविलंब शिक्षकों की नियुक्ति करें ताकि बच्चों की पठन पाठन और सुदृढ़ तरीके से हो। इसकेसाथ ही वार्ड 36 गेवल बिगहा बौलिया पर पथ एवं नाली का निर्माण का उद्घाटन राशि 8 लाख के लागत से हुआ है।

इस मौके पर राजीव सिन्हा, धीरज रौनीयार, कमल बारीक,मुन्ना पांडेय,विकास कुमार,सुरेंद्र यादव,देवानंद पासवान,टिंकू गोस्वामी,अमित पासवान,विनय चंद्रवंशी,दीपक राय,धीरू,नलिन नवीन,गोपीनाथ,मनीष,अनिल कुमार, करुण ,ऋषि लोहानी,अमित लोहनी,रंजन कुमार,चंदन कुमार,आकाश चंद्रवंशी मौजूद रहे।

दो दिवसीय राखी मेकिंग प्रशिक्षण शिविर संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता

गया। भाई-बहन के रिश्ते का पावन पर्व रक्षाबंधन के अवसर पर स्थानीय मीर अबू सालेह रोड स्थित स्वयंसेवी संस्था गुलनार निःशुल्क महिला सिलाई सेंटर के बैनर तले संस्थान प्रांगण में बीते दोनों से चल रहे राखी मेकिंग प्रशिक्षण शिविर शनिवार को संपन्न हुआ है। शिविर के अंतिम दिन 25 छात्राओं ने आकर्षक व सुंदर डिजाइनों की राखियों को अपनी हाथों से तैयार कर कलात्मक रूप दिया गया है। इस प्रशिक्षण शिविर में 39 छात्राएं शामिल हुई है। अध्यापिका पूनम कुमारी व नंदनी कुमारी के निर्देशन में प्रशिक्षणार्थियों को कलात्मक राखियां बनाने का प्रशिक्षण दिया गया है। छात्राओं ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में तैयार की गयी राखियों को रक्षाबंधन के दिन अपने भाइयों की कलाइयों पर सजायेगी. गुलनार समूह के संस्थापक नीरज कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों के बीच राखी मेकिंग का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस तरह के कार्यक्रम से छात्राओं के भीतर छिपी हुई प्रतिभा निकलती है और उनमें सृजनात्मक चेतना जागृत होती है। प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा ले रही छात्राओं की आकर्षक राखियां देखकर शिक्षिकाओं ने प्रशंसा की।

चतुर्थ अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन

आरा। बडहरा प्रखंड के उत्क्रमित उच्चतर मवि गुंडी के प्रांगण में चतुर्थ अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देशन में किया गया। जिसमें कक्षा 1, 2 एवं 3 के छात्राओं के अभिभावक उपस्थित थे। अध्यक्षता अभिभावक शीला देवी द्वारा किया गया। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य निपुण भारत के अंतर्गत एफएलएन के माध्यम से सांख्यिकीय संक्रियता करवाना है। वर्ग के सापेक्ष बच्चों में अधिगम के विभिन्न कौशल तथा समझ की प्राप्ति करवाना है। अभिभावकों ने माना की संख्या टैपिंग का खेल गतिविधि में बच्चों के मानसिक और बौद्धिक क्षमता का विकास हुआ है। आज विद्यालय में विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा एवं शिक्षक दीपेश कुमार पूजा कुमारी, रूबी कुमारी, उषा कुमारी ने बच्चों में नवाचार के विभिन्न तरीके से विभिन्न प्रकार की गतिविधियां बच्चों के द्वारा करवाई गई एवं बच्चों में किस प्रकार सृजन होता है यह अभिभावकों के सामने स्पष्ट किया गया। विद्यालय में उपलब्ध स्कूल किट जिसमें चहक द्वारा उपलब्ध कराया गया। शिक्षण सामग्री, विद्यालय की पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तक शिक्षकों द्वारा बनाया गया मॉडल, वर्ण एवं अक्षरों को पर्ची के माध्यम से शब्द विकास तथा कहानी और कविता का पाठ हाव-भाव के साथ बच्चों की क्रियाशीलता एक आनंददायक माहौल में प्रदर्शन किया गया।

केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 गया में संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

गया केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 गया में संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एथलेटिक्स बालिका वर्ग का रंगारंग शुभारंभ हुआ है। उद्घाटन स्वागत गीत एवं नृत्य के साथ हुआ है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर ओटीए के ब्रिगेडियर डी एस बसेरा 'वीएसएम' उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर डी एस बसेरा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और पूरे जज्बे और जोश के साथ खेलने की सीख दी है।विद्यालय के प्राचार्य उमेश पांडेय ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए एकेडमिक प्रदर्शन के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों में अच्छे प्रदर्शन हेतु प्रतिवर्ष खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। इसी के अंतर्गत संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के तहत केंद्रीय विद्यालय पटना संभाग के सभी केंद्रीय विद्यालयों की लड़कियों के लिए एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन स्थल केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 गया को बनाया गया है। यह प्रतियोगिता दो दिन चलेगी। यहां जीतने वाली छात्राएं केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भागीदारी करेंगी।

प्रतियोगिताओं के अंतर्गत 100 मीटर, 200 मी, 400 मीटर, 800 मीटर, 3000 की दौड़, लंबी कूद, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन श्रीमती टी. सुल्ताना ने किया है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शारीरिक शिक्षक पंकज एवं वीरेंद्र कुमार यादव, सविंद्र कुमार पांडेय, डॉक्टर निर्मला कुमारी, मुख्तार अंसारी, राहुल शर्मा, विवेकानंद, संदीप कुमार आदि शिक्षक उपस्थित थे।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री नित्यानंद राय का स्वागत किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

आरा भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री नित्यानंद राय जी का का स्वागत भारतीय जनता यूवा मोर्चे जिला अध्यक्ष विभु जैन और जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में जीरोमाइल पर किया गया और बिहिया में जिला मंत्री आशुतोष मिश्रा के द्वारा जगदीशपुर में जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुशवाहा के द्वारा अलग-अलग स्थान पर किया गया इसमें जिला महामंत्री राहुल सिंह जिला उपाध्यक्ष आदित्य सिंह आदि ,मुकेश सिंह ,राजीव सिंह ऋषि, अंकित तिवारी, राजीव सिंह, अभय सिंह, भोला तिवारी, अमर चौबे ,मंतोष कुमार सिंह ,अजय राय ,विजय राय, मंचन सिंह, राहुल सिंह , अंकेश सिंह सरवन कुमार, रवि केसरी, ,अभिषेक मिश्रा कुमार प्रतिक,, राजन नैयर, कमल संयोजक विष्णु सिंह बजरंगी, आदित्य भगत, आनन्द मोहन सिंह, दीपक श्रीवास्तव , अभिमन्यु सिंह, कुमार मंगलम,पंकज सिंह, अंजली पांडेय, अंकेश सिंह,प्रियांशु पांडेय, प्रतिक राज, रौशन कशेरा,सोनू, विश्वजीत सिंह, अभिषेक सिंह, अंजनी गुप्ता, कमलेश सिंह,, मुकेश कुमार उपाधाये, पुनीत कुमार , अमलेश यादव, कुमारी विनीता सिंह,विनय कुमार सिंह,अभिषेक पांडेय, सुभम सिंह, परनव तिवारी, यश राज सिंह,नितीश दुबे,कुमार रूपेश सिंह,नितेश दुबे, निरंजन तिवारी इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी अरिहंत विजय जैन ने दी, और बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मगध फिजिकल एकेडमी ट्रेनिंग सेंटर के एसएससी कांस्टेबल जीडी में पाया सफलता

प्रात : किरण संवाददाता

गया। शहर के गांधी मैदान में मगध फिजिकल अकैडमी ट्रेंनिंग सेंटर के द्वारा अभ्यर्थियों का एसएससी कांस्टेबल जीडी में अपना परचम लहराया है। वही, मगध फिजिकल अकैडमी के प्रशिक्षण विमल सर के द्वारा गांधी मैदान में सफल अभ्यर्थियों को मेडल, माला पहनकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया और उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर प्रशिक्षण देने वाले विमल सर के द्वारा बताया गया कि एसएससी कांस्टेबल जीडी में मगध फिजिकल अकैडमी ट्रेंनिंग सेंटर के 6 अभ्यर्थियों को सफलता मिली जिसमें कुमारी का चयन बीएसएफ, आदित्यी कुमारी का सीआईएफ, अमृत कुमार का सीआरपीएफ, प्रिंस कुमार का सीआईएफ, प्रीति कुमारी का आइटीबीपी, दीपा कुमारी का सीआईएफ में चयनित किया गया। मगध फिजिकल अकैडमी ट्रेंनिंग सेंटर में बिहार पुलिस, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ सहित अन्य सैन्य बलों के लिए युवाओं व युवतियों को प्रशिक्षित किया जाता है और इस प्रशिक्षण केंद्र से प्रशिक्षित युवा व युवती सैन्य व पुलिस बलों में अपना मुकाम हासिल कर अपने भविष्य को सवार रहे है और अपनी एक अलग पहचान बनाकर अपने परिवार के साथ साथ जिलों व राज्य के नाम को रौशन कर रहे है।

मुखिया संघ के अध्यक्ष हरेन्द्र प्रसाद यादव ने चरपोखरी, पिरो और तरारी प्रखंड में किया जनसंपर्क

प्रात : किरण संवाददाता

आरा मुखिया संघ बिहार के आह्वान पर राजव्यापी हड़ताल 16 अगस्त से 31 अगस्त तक चल रहा है।जिसमे प्रदेश अध्यक्ष के निदेर्शानुसार एक दिवसीय धरना का आयोजन बिहार के हर जिला मुख्यालय पर 29,08,2023 को धरना देना है।इसको सफल बनाने के लिए भोजपुर जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष .हरेन्द्र प्रसाद यादव ने चरपोखरी, पिरो और तरारी प्रखंड का दौरा किया।दौरा के दौरान चरपोखरी प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष पप्पु साह ने चरपोखरी के मुखिया गण के साथ बैठक अपने अध्यक्षता में की।और जिला अध्यक्ष हरेन्द्र प्रसाद यादव को चरपोखरी प्रखंड के उपस्थित सभी मुखिया गण ने जिला अध्यक्ष को अलग अलग अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।और सभी मुखिया गण ने कहा कि29 अगस्त को होने वाली बैठक में चरपोखरी बढ चढ कर हिस्सा लेंगे।बैठक में शामिल प्रखंड अध्यक्ष पप्पु साह, मुखिया लालमुक्ति पासवान ग्राम पंचायत सियाडीह,मुखिया पूजा देवी कोयल, मुखिया श्रीमति मीरा सोनवर्षा, मुखिया रितेश तिवारी मझिआंव, मुखिया सरस्वती देवी नगरी, मुखिया सिमा देवी बाबुबाध, उपस्थित थे।वही पिरो में जिला अध्यक्ष मुखिया संघ भोजपुर के हरेन्द्र प्रसाद यादव का भव्य स्वागत किया गया ।पिरो के उपस्थित मुखिया गण एवं मुखिया प्रतिनिधियो ने जिला अध्यक्ष को फूल माला डालकर भव्य स्वागत किया।पिरो में प्रखंड उपाध्यक्ष श्रीराम यादव के अध्यक्षता में बैठक हुई और जिला धरना को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।बैठक में शामिल प्रखंड उपाध्यक्ष श्रीराम यादव, सचिव प्रतिनिधि बबलु सिंह,मुखिया गौरी शंकर प्रसाद नोनार, मुखिया प्रतिनिधि मनीष पाण्डेय खननी ,मुखिया प्रतिनिधि बबलु पासवान भरसर, मुखिया विवेक कमल बचरी,मुखिया प्रतिनिधि सुरेन्द्र कुशवाहा छावरहि जंगल, मुखिया संतोष राम लहठान,मुखिया रामबाबू चंद्रवंशी अगिआंव बाजार, मुखिया कन्हैया सिंह कातर उपस्थित थे।वही तरारी प्रखंड में तरारी प्रखंड के अध्यक्ष गौरी शंकर कुशवाहा ग्राम पंचायत कुरमुरी की अध्यक्षता में बैठक हुई।बैठक में शामिल मुखिया मुन्ना कुमार जेठवार, मुखिया सतीश प्रसाद बरका गांव, मुखिया अनिल गुप्ता देव, मुखिया मुन्ना यादव चकिया,मुखिया बलिराम सिंह बागर, मुखिया प्रतिनिधि रामबाबू पासवान पनवारी उपस्थित थे।सभी जगह जिला अध्यक्ष हरेन्द्र प्रसाद यादव ने मुखिया गण से अपील की की 29,08,2023 को जिला स्तरीय धरना जे0पी0स्मारक के पास अपने हक के लड़ाई में बढ़ चढ के हिस्सा लेने की अपील की ।

घंटा घर के जीणोद्धार के लिए आज हिन्दू जागरण मंच कराएगी भव्य महाआरती

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। हिन्दू जागरण मंच,आरा के द्वारा लगातार हिंदू जागृति के बढ़ते कदम में एक कदम आगे सुरक्षा और सनातन का संगम किया जा रहा है। भोजपुर जिले में पहली बार बनारस में मां गंगा की महाआरती करने वाले पंडितो के द्वारा गोपाली चौक आरा में27 अगस्त दिन रविवार को संध्या 7 बजे मोनी बाबा शिव मंदिर ,घंटाघर के जीणोर्धार के लिए महाआरती का आयोजन किया गया है।इस महाआरती का उद्देश्य मुख्य रूप से गोपाली चौक स्थित घंटा घर ,जो जर्जर और जीर्ण क्षीण अवस्था में हो चुका है,जिसके कारण कभी भी एक बहुत बड़ी दुर्घटना घट सकती है और जान माल का नुकसान हो सकता है।साथ ही साथ घंटाघर में स्थित शिव जी के मंदिर का निर्माण का संदेश भी इस महाआरती के जरिए लोगो को दिया जाएगा। इस महाआरती के संयोजक विजय कुमार हिंदू ने कहा की आरा के बहुत सारे लोग जो दुर्भाग्यवश अभी तक यह नही जानते है कि गोपाली चौक घंटा घर में हमारा बहुत पुराना मोनी बाबा शिव मंदिर स्तिथ है,ये हमारे हिंदू समाज के लिए बहुत शर्म की बात है,लेकिन अब ऐसा नहीं होगा क्योंकि हिंदू जागरण मंच महाआरती के जरिए पूरे हिंदू समाज को मोनी बाबा शिव मंदिर के बारे में अवगत कराएगा।

राजपा द्वारा माता पद्मिनी के आत्म बलिदान पर अंतरराष्ट्रीय शौर्य दिवस कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

आरा । पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक शेर सिंह राणा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पूर्वज हजारों साल इस अखंड भारत के लिए अपनी बलिदान दी है विदेशी आक्रांताओं के विरुद्ध युद्ध लड़ते हुए, हमारी माताओं ने अपने सम्मान के लिए जौहर की है तब जाकर आज यह देश बचा है, हम सभी लोग सांस ले रहे हैं, हम अपने पूर्वजों के बलिदान के सम्मान में यह कार्यक्रम अब पूरे देश में शौर्य दिवस के रूप में मनाएंगे, और जिस दिन हमारी सरकार सत्ता में आएगी हम अपने पूवाजी के बलिदान के प्रतीक के रूप में अमर जवान ज्योति की तरह दिल्ली में एक ज्योति की स्थापना करेंगे। शेर सिंह राणा ने सभी से एक झंडे के नीचे आने का आह्वान किया और अपना घर अपना झंडा का नारा दिया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ ऐ पी सिंह ने सभी से एक झंडे के नीचे आने का आह्वान किया और अपना घर अपना झंडा का नारा देते हुए शेर सिंह राणा जी के विचारधारा के साथ सभी से साथ चलते हुए सत्ता में भागीदार बनने का आव्हान किया।

अन्य मुख्य वक्ता के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री ठाकुर दुष्यंत सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन कुमार सोम, बिहार प्रभारी राजवीर सिंह गुज्जर, युधिष्ठिर सिंह ने भी माता पद्मिनी के त्याग और बलिदान को याद किया और लोगों से एक झंडे के साथ आने का आवाज दिया। कार्यक्रम संयोजक बिहार प्रदेश संगठन मंत्री मनमोहन सिंह, प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश सिंह, अर्चना सिंह ने संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम में आने वाले सभी लोगों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर विशेष रूप से भोजपुर जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, विष्णु सिंह, रवी सिंह, नवीन सिंह, रोहित सिंह, पुतुल सिंह, युवा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रिंस सिंह, उपाध्यक्ष संजय सिंह, देवेश सिंह, अमृता सिंह,सत्या सिंह, देवकुमार सिंह सहित सैकड़ों पार्टी पदाधिकारी शामिल रहे।

देवकुंड गौशाला में 685 पशुओं की हो रही सेवा

करपी (अरवल) महर्षि चवान गौ ज्ञान फाऊंडेशन देवकुंड गौशाला में 685 गाय बैल भैंस बछे घोड़े इन सभी मवेशीयो की सेवक निताशा ने बताया कि सारा खर्च दिल्ली की संस्था ज्ञान फाउंडेशन के द्वारा किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि चेक बिहार पशु संरक्षण एवं सुधार अधिनियम 1955 के तहत यह सभी पशुओं का गौहत्या के शिकार कसाई से बचाकर रखा गया है। सभी खर्च किए जाते हैं ऑनलाइन देवकुंड गौ ज्ञान फाऊंडेशन की सेवक निताशा जैनी बताया एक भी रुपए नगद खर्च नहीं किया जाता है, सारे खर्चे गौ ज्ञान फाउंडेशन दिल्ली की संस्था से ऑनलाइन के जरिए किया जाता है,किसी भी मामले की सत्यापन की जा सकती है। केंद्र सरकार व राज्य सरकार से नहीं मिलती है सहायता राशि गौ सेवक ने बताया कि देवकुंड गौशाला में पशुओं की जा रही सेवा पर केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार का नहीं मिलती है एक भी रुपया सहायता राशि, जबकि मौजूद 685 पशुओं की दवा एवं पशुचारा पर पकड़ो रुपया होते हैं खर्च, सरकार करती है अपनी दाव की बात, इसके लिए केंद्र वं राज्य सरकार की गौशाला में बंद पड़े मवेशियों पर हो रही खर्च का देनी चाहिए राशि पशुओं की देखरेख के लिए 25 सेवक है कर्जरात गौ ज्ञान फाउंडेशन देवकुंड में मवेशियों की देखरेख के लिए पुरुष एवं महिलाएं मिलाकर कुल 25 सेवक है कर्जरात, दिन के सुबह शाम चार देने एवं देखरेख साथ-साथ रात्रि मे भी पशुओं का गार्डिंग किया जाता है ।

बाहर से आए परीक्षार्थियों को किया गया रहने व खाने की निःशुल्क व्यवस्था

आरा। पूरे बिहार में पिछले दो दिनों से चल रहे अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं को ठहरने व खाने हेतु काफी जद्दोजहद देखने को मिल रहा है।

इसी कड़ी में भागलपुर शहर में दूर दराज से आये छात्रों

इस हफ्ते सोने-चांदी में रही तेजी, सोना फिर 59 हजार के करीब पहुंचा

चांदी 3 हजार रुपए से ज्यादा चढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी। इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार सर्राफा बाजार में इस हफ्ते की शुरुआत, यानी 21 अगस्त को सोना 58,345 रुपए पर था, जो अब, यानी 26 अगस्त को 58,720 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत में 425 रुपए की तेजी आई है।

चांदी भी डेढ़ हजार से ज्यादा फिसली

आइबीजेए की वेबसाइट के अनुसार इस हफ्ते चांदी में 3 हजार रुपए से ज्यादा की बढ़त देखने को मिली है। इस हफ्ते की शुरुआत में ये 70,484 रुपए पर थी, जो अब 73,695 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 3,211 रुपए बढ़ी है।

दो साल में 27 प्रतिशत रिटर्न दे सकता है सोना

केडिया एडवायजरी के डायरेक्टर अजय केडिया के अनुसार कुछ महीने हल्की राहत के बाद एक बार फिर महंगाई बढ़ने लगी है। इसे कम करने के लिए अमेरिका और यूरोप में ब्याज दरें बढ़ाने का सिलसिला जारी है। इस बीच शेयर बाजार तेजी के सारे रिकॉर्ड तोड़ने के बाद मुनाफा वसूली के दबाव में है। इससे सोने में निवेश की जमीन तैयार हो रही है। दो साल में यह 27 प्रतिशत से ज्यादा रिटर्न दे सकता है।

रिटायरमेंट के बाद नहीं रहेगी पेंशन की टेंशन, एलआईसी की पॉलिसी से सुरक्षित होगा भविष्य

नई दिल्ली, एजेंसी। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी में हर वर्ग और उम्र के लोगों के लिए पॉलिसी मौजूद है। देश के ज्यादातर नागरिक को एलआईसी पर पूरा भरोसा है। आज के समय में हमें रिटायरमेंट के बाद की इनकम को लेकर काफी चिंता रहती है। रिटायरमेंट के बाद लोगों को पेंशन मिले इसके लिए एलआईसी ने एक पॉलिसी शुरू की है।

इस पॉलिसी का नाम एलआईसी जीवन अक्षय है। इस पॉलिसी में रिटायरमेंट के बाद पेंशन मिलता है। यह स्कीम लोगों को काफी पसंद आती है। इस स्कीम की खासियत यह है कि आप इसमें एकमुश्त निवेश भी कर सकते हैं। ये रिटायरमेंट प्लानिंग के लिहाज से काफी अच्छी स्कीम है।

एलआईसी जीवन अक्षय एक एन्युटी प्लान है। इसके अलावा यह सिंगल प्रीमियम पॉलिसी प्लान है। इसमें आपको एक बार ही निवेश करना होता है। निवेश के बाद आप नियमित आय का लाभ उठा सकते हैं। इसका साफ मतलब है कि इस स्कीम में आपको वन टाइम पेमेंट के बाद जिंदगी भर इनकम मिलती है।

आप इस स्कीम में खुद ही तय कर सकते हैं कि आपको पेंशन मासिक, तिमाही, छमाही या सालाना आधार पर मिलता है। इसके अलावा इस पेंशन के अलग-अलग फायदे हैं. आपको बता दें कि आप पॉलिसी लेते वक्त जो पेमेंट ऑप्शन सिलेक्ट करते हैं उसको बाद में चेंज नहीं कर सकते हैं।

एलआईसी जीवन अक्षय में निवेश करने के बाद आपको लाइफ टाइम पेंशन का लाभ मिलता है। आपको कितना पेंशन मिलेगा यह आपके निवेश राशि पर आधारित होगा। इसके अलावा पेंशन राशि का कैलकुलेशन भी निवेश के आधार पर तय किया जाता है। इस पॉलिसी में आप 30 साल से 85 साल के बीच ही निवेश कर सकते हैं। एलआईसी की जीवन अक्षय पॉलिसी को आप सिंगल या फिर ज्वाइंट खरीद सकते हैं। आपकी जैसे ही पॉलिसी जारी होती है आप उसके तीन महीने के बाद आप लोन की सुविधा भी ले सकते हैं। आप इस पॉलिसी में कम से कम 1 लाख रुपये का निवेश कर सकता है। इस पॉलिसी में अधिकतम निवेश करने की कोई सीमा नहीं है।

एलजी ने दुनिया भर में ग्राहकों को आशावाद का संदेश देते हुए 'लाइफस गुड' अभियान लांच किया

नई दिल्ली, एजेंसी। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स (एलजी) ने अपनी अधिक गतिशील और युवा ब्राण्ड आइडेन्टिटी पेश करने के लिए विभिन्न ब्राण्ड रीइन्वेंट गतिविधियों को अंजाम देते हुए अपना ब्रांड न्यू लाइफ़्स गुड ग्लोबल केम्पेन लॉन्च किया है। गत 22 अगस्त से, कम्पनी ने अपना लाइफ़्स गुड ग्लोबल कैम्पेन शुरू किया, जिसमें दुबई, लंदन, न्यूयॉर्क, वियतनाम और सियोल के प्रमुख स्थानों सहित दुनिया के कुछ सबसे प्रतिष्ठित स्थलों पर डिजिटल आउट ऑफ होम (ओओएच) विज्ञापनों का अनावरण किया गया। प्रत्येक जीवंत इमेज और मनोरम वीडियो को एलजी के रिन्यूड थीम्स को प्रदर्शित करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है। अपने ग्लोबल कैम्पेन के साथ, कम्पनी का लक्ष्य ग्राहकों को जीवन में भलाई का संदेश देना, उन्हें आशावादी दृष्टिकोण के साथ जीवन जीने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करना है। महामारी के बाद हुए बदलावों के कारण दुनिया भर में बढ़ती अनिश्चितता और अस्थिरता के मद्देनजर, अभियान का अंतिम लक्ष्य ग्राहकों का उत्थान करना और आपसी सहयोग को बढ़ावा देकर सकारात्मक प्रभाव फैलाना है। अपने अपडेटेड ब्राण्ड और व्यूज्युअल आइडेन्टिटी को पेश करने के साथ ही, नए अभियान का उद्देश्य कम्पनी की फिलोसॉफी और मूल्यों को साझा करना है। कम्पनी जीवन की भलाई के सही अर्थ को मूर्त रूप देने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध रही है।

वित्त मंत्री भारत पहुंची, ब्रिटेन की व्यापार मंत्री बैडेनॉख से मिलीं, निवेश व एफटीए पर हुई चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी। वित्त मंत्रालय ने एक्स (ट्विटर) पर कहा, ÷वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और व्यापार मंत्री केमी बैडेनॉख ने संक्षेप में अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। इस दौरान भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते और भारत-ब्रिटेन बीआईटी पर जारी बातचीत को जल्द नतीजे तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई गई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शनिवार को ब्रिटेन की व्यापार मंत्री केमी बैडेनॉख से मिलीं। दोनों नेताओं ने मुलाकात के दौरान द्विपक्षीय निवेश और मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने एक्स (ट्विटर) पर कहा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और व्यापार मंत्री केमी बैडेनॉख ने संक्षेप में अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। इस दौरान भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते और भारत-ब्रिटेन बीआईटी पर जारी बातचीत को जल्द नतीजे तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई गई।÷

रियल एस्टेट कंपनी का हाल खराब, कंट्री गार्डन ने 7.6 अरब डॉलर के नुकसान के साथ ऋण चूक का अंदेशा जताया

नई दिल्ली, एजेंसी। पिछले साल जनवरी से जून छमाही में कंट्री गार्डेन लगभग 1.9 बिलियन युआन (264 मिलियन अमरीकी डॉलर) का लाभ हुआ था। इस खुलासे ने कंट्री गार्डेन के वित्तीय संकट को उजागर किया है, जो चीन में सालाना सैकड़ों हजारों घर तैयार करने वाला एक बड़ा बिल्डर है। चीन के सबसे बड़े संपत्ति डेवलपरों में से एक कंट्री गार्डेन ने कहा है कि इस साल की पहली छमाही में उसे 7.6 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स में इसका दावा किया गया है। कंट्री गार्डेन ने हांगकांग स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में निवेशकों को चेतावनी दी कि जून तक छह महीनों में 45 बिलियन से 55 बिलियन चीनी युआन (लगभग 6.2 बिलियन अमरीकी डालर से 7.6 बिलियन अमरीकी डॉलर) का नुकसान दर्ज करने की संभावना है। पिछले साल की समान अवधि में कंपनी को लगभग 1.9 बिलियन युआन (264 मिलियन अमरीकी डॉलर) का लाभ हुआ था। इस खुलासे ने कंट्री गार्डेन के वित्तीय संकट को उजागर किया है, जो चीन में सालाना सैकड़ों हजारों घर तैयार करने वाला एक बड़ा बिल्डर है।

चालू खरीफ सत्र में धान का रकबा 4.4 प्रतिशत बढ़ा, दलहन का रकबा 8.3 प्रतिशत कम : सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी। तिलहन खेती का रकबा पहले के 190.38 लाख हेक्टेयर की तुलना में थोड़ा घटकर 188.58 लाख हेक्टेयर रहा। नकदी फसलों में, गन्ने की बुवाई का रकबा इस खरीफ सत्र में 25 अगस्त को थोड़ा बढ़कर 56.06 लाख हेक्टेयर हो गया, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह रकबा 55.59 लाख हेक्टेयर था। कपास और जूट का रकबा भी कम होकर क्रमशः 122.56 लाख हेक्टेयर और 6.56 लाख हेक्टेयर रहा। हालांकि, सभी खरीफ फसलों के दायरे में लाया गया कुल रकबा 25 अगस्त तक 1,053.59 लाख हेक्टेयर से अधिक था, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 1,049.96 लाख हेक्टेयर था।

आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में पिछड़ने के बावजूद चालू खरीफ सत्र में अब तक धान की फसल का रकबा 4.4 प्रतिशत बढ़कर 384.05 लाख हेक्टेयर हो गया है। कृषि मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। हालांकि, 25 अगस्त को दलहन का रकबा 8.30 प्रतिशत घटकर 117.44 लाख हेक्टेयर रहा, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह रकबा 128.07 लाख हेक्टेयर था। तुअर (अरहर), उड़द और मूंग का रकबा भी कम रहा। खरीफ (ग्रीष्म) मौसम की बुवाई

जून में दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरुआत के साथ शुरू होती है, जबकि कटाई अक्टूबर में शुरू होती है। धान मुख्य खरीफ फसल है क्योंकि कुल चावल उत्पादन का 80 प्रतिशत से अधिक इसी मौसम में उगाया जाता है।

कृषि आयुक्त पी के सिंह ने पीटीआई-को बताया, हम धान के खेती के रकबे को लेकर काफी सहज हैं। बुवाई अभी भी चल रही है और 15 सितंबर तक का समय बचा हुआ है। चालू खरीफ सत्र में 25 अगस्त तक धान का रकबा बढ़कर 384.05 लाख हेक्टेयर हो गया है, जो एक साल पहले की अवधि में 367.83 लाख हेक्टेयर था। धान की बुवाई में अधिकतम वृद्धि बिहार में पहले के 29.8 लाख हेक्टेयर से बढ़कर इस बार 34.88 लाख हेक्टेयर हो गयी है जबकि, इसके बाद छत्तीसगढ़ (33.22 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 37.47 लाख हेक्टेयर) और तेलंगाना (17.36 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 20 लाख हेक्टेयर) में दर्ज की गई। आंध्र प्रदेश में 25 अगस्त तक धान का रकबा कम यानी 9.49 लाख हेक्टेयर था, जो एक साल पहले की अवधि के 10.69 लाख हेक्टेयर था। इसी प्रकार, कर्नाटक में धान बुवाई पहले के 7.49 लाख हेक्टेयर के मुकाबले इस बार घटकर 5.77 लाख हेक्टेयर रह गया।

मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, चालू खरीफ सत्र में अब तक मोटे अनाज का बुवाई क्षेत्र थोड़ा बढ़कर 178.33 लाख हेक्टेयर हो गया है, जो एक साल पहले की अवधि में 176.31 लाख हेक्टेयर था। तिलहन खेती का रकबा पहले के 190.38 लाख हेक्टेयर की तुलना में थोड़ा घटकर 188.58 लाख हेक्टेयर रहा। नकदी फसलों में, गन्ने की बुवाई का रकबा इस खरीफ सत्र में 25 अगस्त को थोड़ा बढ़कर 56.06 लाख हेक्टेयर हो गया, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह रकबा 55.59 लाख हेक्टेयर था। कपास और जूट का रकबा भी कम होकर क्रमशः 122.56 लाख हेक्टेयर और 6.56 लाख हेक्टेयर रहा। हालांकि, सभी खरीफ फसलों के दायरे में लाया गया कुल रकबा 25 अगस्त तक 1,053.59 लाख हेक्टेयर से अधिक था, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 1,049.96 लाख हेक्टेयर था।

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को 3,289 करोड़ रुपये के ठेके मिले

बेंगलुरु, एजेंसी। रक्षा क्षेत्र की नवरत्न कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) को जुलाई और अगस्त 2023 में (अब तक) 3,289 करोड़ रुपये के नए रक्षा और गैर-रक्षा ठेके मिले हैं। कंपनी ने बयान में कहा कि ये ठेके निचले स्तर के हल्के रडार, सोनार, आईएफएफ सिस्टम, सैटकॉम सिस्टम, ईओ/आईआर पेलोड, टीआरएम/डीटीआरएम, जैमर, एनक्रिप्टर, डेटा लिंक सिस्टम, फायर कंट्रोल सिस्टम, डायरेक्टेड एनर्जी सिस्टम के लिए रडार, सेमी रग्ड टेलीफोन एक्सचेंज, सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो और विभिन्न प्रकार के रेडियो, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, एएमसी और कलपुर्जों की आपूर्ति के लिए हैं। बीईएल ने बयान में कहा कि इनमें फ्लीट सपोर्ट जहाजों के लिए सीएमएस, संचार प्रणाली, ईडब्ल्यू सिस्टम और अन्य सेंसर की आपूर्ति के लिए हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड से शुक्रवार को मिला 1,075 करोड़ रुपये का ठेका भी शामिल है। कंपनी ने कहा, ÷ये ठेके पहले मिल चुके 8,091 करोड़ रुपये के ऑर्डर के अतिरिक्त हैं।

1.3 से 29 पर पहुंचा स्टॉक, मल्टीबैगर शेयर ने दिया 2200 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न

मुंबई, एजेंसी। इस स्टॉक के बारे में आपने बहुत ही कम या नहीं सुना होगा, लेकिन इसका रिटर्न शोर मचा रहा है। यूवाई फिनकॉर्प, एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के शेयर कोविड-19 के निचले स्तर की तुलना में अपने दलाल स्ट्रीट पर रिटर्न के साथ गुलजार रहे हैं। पिछले 40 महीनों में स्टॉक में 2,200 फीसद से अधिक की वृद्धि हुई है। इससे निवेशक मालामाल हो गए। यूवाई फिनकॉर्प के शेयर शुक्रवार को 29 रुपये के स्तर पर पहुंच गए, जिसका कुल बाजार पूंजीकरण 525 करोड़ रुपये से अधिक है। अप्रैल 2020 में स्टॉक 1.3 रुपये के आसपास कारोबार कर रहा था, तब से 2200 फीसद से अधिक बढ़ गया है। अपने 52-सप्ताह के निचले स्तर से भी कंपनी ने 160 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न दिया है। इस सप्ताह की शुरुआत में कंपनी ने हस्डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड में अपनी पूरी इक्विटी हिस्सेदारी के विनिवेश की घोषणा की थी। कंपनी के पास एडीपीएल में 32,00,000 इक्विटी शेयर या 14.13 फीसद हिस्सेदारी है, जिसे शेयर खरीद समझौते (एसपीए) के माध्यम से गोल्डन गोयनका क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड को बेचा जाएगा। यूवाई फिनकॉर्प एडीपीएल में अपने सभी शेयर गोल्डन गोयनका क्रेडिट (जीजीसीपीएल) को बेचने पर सहमत हो गया है, जो चार्टर्ड अकाउंटेंट या सेबी-अनुमोदित मर्चेंट बैंकर, जो भी अधिक हो, द्वारा जारी मूल्यांकन प्रमाणपत्र के आधार पर होगा। एक्सचेंज फाइलिंग में कहा गया है कि मूल्यांकन 31 मार्च, 2023 तक एडीपीएल के वित्तीय विवरण पर आधारित है। नवीनतम मूल्यांकन के अनुसार, छ्क्क के प्रत्येक शेयर का मूल्य 253.88 रुपये और कुल हिस्सेदारी 81.24 करोड़ रुपये है।

ब्राइटकॉम ग्रुप के सीईओ, सीएफओ के घरों पर ईडी की रेड, जेवर, आपत्तिजनक दस्तावेज के साथ बेहिसाब कैश बरामद

मुंबई, एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को फेमा, 1999 के प्रावधानों के तहत हैदराबाद में ब्राइटकॉम ग्रुप लिमिटेड के सीईओ और सीएफओ के आवासों और कंपनी के ऑडिटर पी मुरली मोहन राव के परिसरों समेत 5 स्थानों पर तलाशी ली। समाचार एजेंसी एएनआई ने यह जानकारी दी है। अभी इस साल जून में सेबी ने नियामक मानदंडों के उल्लंघन के लिए ब्राइटकॉम ग्रुप और उसके प्रमोटरों पर 40 लाख का जुर्माना लगाया था।

छापे में क्या-क्या मिला : ईडी ने ट्वीट कर बताया कि तलाशी के दौरान विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और बेहिसाब नकदी बरामद हुई। 3.30 करोड़ रुपये और सोने के आभूषण मिले हैं। ऑडिटर पी. मुरली मोहन राव (मैसर्स पी. मुरली एंड कंपनी) के आवास से 9.30 करोड़ रुपये बरामद किए गए और जब्त कर लिए गए। यही नहीं ईडी ने पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी/जुए से संबंधित एक मामले में विभिन्न व्यक्तियों/संस्थाओं के बैंक खातों में उपलब्ध शेष राशि के रूप में 5.87 करोड़ रुपये की चल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच किया है। इससे पहले पीएमएलए, 2002 के तहत मेसर्स ज्योति ट्रेडिंग एंड कंपनी, भुवनेश्वर के मालिक ज्योति रंजना बेउरा गोल्डन बाबा के संबंध में 1.53 करोड़ की संपत्ति अटैच कर चुकी है। सेबी ने गीता कांचरला पर 12 लाख, विजय कुमार कांचरला एचयूएफ, विजय कुमार कांचरला, एचयूएफ के कर्ता और एम सुरेश कुमार रेड्डी (चेयरपर्सन और एमडी) प्रत्येक पर 6 लाख और एसवी राज्यलक्ष्मी पर 5 लाख का जुर्माना लगाया। सेबी ने ने दिग्गज निवेशक शंकर शर्मा सहित 23 लोगों पर बैन लगा दिया है।

31000 प्रतिशत चढ़ गया यह छोटा शेयर, 10 हजार रुपये के बनाए 3100000 रुपये

मुंबई, एजेंसी। एक छोटी कंपनी के शेयरों ने पिछले 10 साल में छप्परफाड़ रिटर्न दिया है। यह कंपनी शिवालिक बायमेटल कंट्रोल्स है। कंपनी के शेयरों ने निवेशकों को मालामाल कर दिया है। पिछले 10 साल में शिवालिक बायमेटल कंट्रोल्स के शेयर करीब 2 रुपये से 550 रुपये के पार पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों ने इस अवधि में इनवेस्टर्स को 31000 पर्सेंट से ज्यादा रिटर्न दिया है। शिवालिक बायमेटल कंट्रोल्स (स्द्धद्ब1ड्डद्यद्बद्म क्क्द्बद्गद्गह्लड्डद्य ष्टश्वठ्ठह्लह्लश्चद्यह्य) के शेयर 21 अगस्त 2013 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (क्क्स्श्व) में 1.75 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 25 अगस्त 2023 को बीएसई में 556.30 रुपये पर पहुंच गए हैं। अगर किसी व्यक्ति ने 10 साल पहले शिवालिक बायमेटल कंट्रोल्स के शेयरों में 10000 रुपये लगाए होते और अपने निवेश को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में इन शेयरों की वैल्यू 31.78 लाख रुपये होती। शिवालिक बायमेटल कंट्रोल्स के शेयरों में पिछले 3 साल में जबरदस्त तेजी आई है। कंपनी के शेयर 4 सितंबर 2020 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 27.10 रुपये पर थे। शिवालिक बायमेटल कंट्रोल्स के शेयर 25 अगस्त 2023 को बीएसई में 556.30 रुपये पर बंद हुए हैं। कंपनी के शेयरों ने पिछले 3 साल में 1953 पर्सेंट का रिटर्न दिया है। शिवालिक बायमेटल कंट्रोल्स के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 730 रुपये है।

लिंकन फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड ने रु. 1,000 करोड़ से अधिक मार्केट केपिटलाइजेशन वाली कंपनियों की विशिष्ट लीग में प्रवेश किया

अहमदाबाद , एजेंसी। भारत की अग्रणी हेल्थकेयर कंपनियों में से एक, लिंकन फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड ने पहली बार रु. 1,000 करोड़ से अधिक बाजार पूंजीकरण वाली कंपनियों की विशिष्ट लीग में प्रवेश किया है। कंपनी का शेयर मूल्य 24 अगस्त 2023 को 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर रु. 503.35 प्रति शेयर पर पहुंच गया। कंपनी का लक्ष्य आने वाले वर्षों में राजस्व और मार्जिन में स्वस्थ वृद्धि बनाए रखना है और वित्त वर्ष 2026 तक रु. 750 करोड़ का राजस्व हासिल करने का और शुद्ध ऋण मुक्त स्थिति बनाए रखने का लक्ष्य रखा है।वित्त वर्ष 2023 के लिए, कंपनी ने एक वित्तीय वर्ष में अपने अब तक के सबसे अच्छे परिणाम - राजस्व, एबिटा और शुद्ध लाभ - के साथ रिपोर्ट की है। कंपनी ने किसी वित्तीय वर्ष में पहली बार रु. 500 करोड़ से अधिक राजस्व और रु. 100 करोड़ से अधिक कर पूर्व लाभ का लक्ष्य हासिल किया। वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही के दौरान भी, कंपनी ने शुद्ध लाभ में 26.7 प्रतिशत की सालाना वृद्धि, एबिटा में 21.4 प्रतिशत की वृद्धि और कुल आय में 10.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ उत्कृष्ट परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया।कंपनी ने गुजरात के मेहसाणा में सेफलोस्पोरिन संयंत्र का विस्तार सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस संयंत्र से वाणिज्यिक उत्पादन शुरू हो गया है और कंपनी ने निर्यात के लिए कई देशों में उत्पाद पंजीकरण की प्रक्रिया के साथ घरेलू बाजारों में बिक्री शुरू कर दी है। अगले 3 वर्षों में इस संयंत्र से लगभग रु. 150 करोड़ की बिक्री होने की उम्मीद है।कंपनी वित्त वर्ष 2013 से वित्त वर्ष 2023 तक हर साल लाभ वृद्धि हासिल करने वाली बहुत ही कम कंपनियों में से एक है। मॉर्निंगस्टार के विश्लेषण के अनुसार ऐसा करने वाली यह भारतीय स्टॉक एक्सचेंज में 4,200 से अधिक सूचीबद्ध कंपनियों में से केवल 16 कंपनियों में से एक है। वित्त वर्ष 2013 से वित्त वर्ष 2023 तक 10 वर्षों के दौरान, कंपनी ने शुद्ध लाभ में 22 प्रतिशत से अधिक, एबिटा में 19 प्रतिशत से अधिक और राजस्व में 10 प्रतिशत से अधिक का मजबूत सीएजीआर दिया है।रेटिंग एजेंसियां, क्रिसिल ने कंपनी की बैंक सुविधाओं पर अपनी रेटिंग को क्रिसिल ए/स्टेबल एंड क्रिसिल ए1' में अपग्रेड कर दिया है। इकरा ने भी कंपनी की दीर्घकालिक और अल्पकालिक बैंक सुविधाओं को क्रमशः और 1 की पुष्टि की है। कंपनी की तरलता की स्थिति मजबूत आधार पर है, जो स्वस्थ नकदी संचय, नो-टर्म ऋण और स्वस्थ रिटर्न अनुपात द्वारा समर्थित है।पिछले कुछ सालों में प्रमोटर ग्रुप ने धीरे-धीरे कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है।

2 साल में पहली बार अमेरिकी ओपन खेलेंगे नोवाक जोकोविच, 24वें ग्रैंडस्लैम खिताब नजर

न्यूयॉर्क (एजेंसी)। नोवाक जोकोविच दो साल में पहली बार अमेरिकी ओपन खेलने पहुंच गए हैं और उनकी नजरें रिकॉर्ड 24वें ग्रैंडस्लैम खिताब पर लगी होंगी। पिछले साल कोरोना का टीका नहीं लगवाने के कारण उन्हें अमेरिका में प्रवेश की अनुमति नहीं मिली थी। वह कैलिफोर्निया और फ्लोरिडा में भी टूर्नामेंट नहीं खेल सके थे। उन्होंने सोमवार से शुरू हो रहे टूर्नामेंट के लिए यहां पहुंचने के बाद कहा कि मुझे गुस्सा नहीं आया था। पिछले साल अमरीकी ओपन के दौरान मलाल जरूर हुआ था कि मैं यहां क्यों नहीं हूं। मुझे नहीं खेल पाने का दुख था। लेकिन अब मैं यहां हूं और बीती बातों के बारे में नहीं सोच रहा। मेरा फोकस इस टूर्नामेंट पर है। पिछली बार 2021 में वह अमेरिकी ओपन फाइनल में दानिल मेदवेदेव से हार गए थे। जोकोविच पुरूष टेनिस में सबसे ज्यादा 23 ग्रैंडस्लैम एकल खिताब जीत चुके हैं लेकिन अगर वह यहां जीतते हैं तो ओपन युग में सबसे अधिक 24 खिताब जीतने वाली सेरेना विलियम्स को पीछे छोड़ देंगे।

वेनेजुएला की त्रिकूद खिलाड़ी यूलिमर रोजस ने जीता लगातार चौथा विश्व खिताब

बुडापेस्ट (हंगरी) (एजेंसी)। वेनेजुएला की त्रिकूद खिलाड़ी यूलिमर रोजस ने यहां विश्व चैम्पियनशिप त्रिकूद स्पर्धा में शुक्रवार को अपने छठे और अंतिम प्रयास में 15.08 मीटर (49 फुट, 5 3/4 इंच) की कूद लगाकर लगातार चौथा विश्व खिताब जीत लिया। तोक्यो ओलंपिक में उनके स्वर्ण पदक को जोड़ा जाए तो वर्ष 2017 के बाद से उन्होंने प्रमुख 5 मुकाबलों में सर्वश्रेष्ठ स्थान हासिल किया है।

रोजस ने कहा कि मैंने शब्दों को तलाशने कोशिश नहीं की बल्कि उन सभी लम्हों के बारे में सोचा जहां मैंने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया था। यह बहुत मुश्किल था। तथ्य यह है कि अपने आखिरी प्रयास में प्रतियोगिता को जीतना इसे बहुत खास और यादगार बनाता है। इस स्पर्धा में यूक्रेन की मरीना बेख-रोमनचुक ने दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने अपने देश के लिए बुडापेस्ट में पहला पदक जीता है। बेख-रोमनचुक की शुरुआती छलांग 15 मीटर (49 फुट 2 1/2 इंच) की थी जिससे वह मुकाबले में बढ़त में थी। क्यूबा की लियानिस पेरेज हर्नांडेज ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

वीरेंद्र सहवाग की भविष्यवाणी रोहित शर्मा बनाएंगे विश्व कप 2023 में सबसे ज्यादा रन

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने भविष्यवाणी की है कि टीम इंडिया के मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 को सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में समाप्त करेंगे। भारत अपने क्रिकेट विश्व की शुरुआत करने के लिए ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। यह मुकाबला 8 अक्टूबर को चेन्नई में होना है। सहवाग ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत में बल्लेबाजी के अनुकूल परिस्थितियों के कारण सलामी बल्लेबाजों के पास अगले एकदिवसीय विश्व कप के दौरान रन बनाने के कई अवसर होंगे। आईसीसी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में सहवाग से यह अनुमान लगाने के लिए कहा गया कि 2023 विश्व कप में सबसे अधिक रन कौन बनाएगा। उन्होंने रोहित को चुना और कहा कि भारत के पास अच्छे विकेट हैं, इसलिए मुझे लगता है कि सलामी बल्लेबाजों को अच्छे मौके मिलेंगे। अगर मैं किसी एक को चुनना चाहता हूं, तो मुझे लगता है कि रोहित शर्मा। कुछ नाम हैं, लेकिन मैं भारतीय हूं और मुझे एक चुनना चाहिए। भारतीय है तो रोहित शर्मा है। सहवाग ने भारतीय सलामी बल्लेबाज की प्रशंसा की और कहा कि विश्व कप में अक्सर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सामने आया। सहवाग बोले- जब विश्व कप आता है, तो उनकी ऊर्जा का स्तर, उनका प्रदर्शन बढ़ जाता है। इसलिए, मुझे यकीन है (वह अच्छा करेगा)। और इस बार, वह कप्तान भी हैं। मुझे यकीन है कि वह बदलाव लाएगा और खूब रन बनाएगा। बता दें कि वनडे विश्व कप 2019 जोकि इंग्लैंड में खेला गया था में रोहित ने सबसे अधिक रन बनाए थे। उन्होंने 9 मैचों में 81 की औसत से 648 रन बनाए, जिसमें पांच शतक भी शामिल थे। रोहित अब तक 244 वनडे में 48.69 की औसत से 9837 रन बना चुके हैं जिसमें 30 शतक और 48 अर्धशतक शामिल हैं। इस साल रोहित ने सभी फॉर्मेट में 16 मैच खेलकर 923 रन बनाए हैं।

कैसी हुई गलती से मिस्टेक, हीथ स्ट्रीक की मौत की खबर फैलाने पर हेनरी ओलोंगा ने माफी मांगी

एडिलेड (एजेंसी)। जिम्बाब्वे के पूर्व तेज गेंदबाज हेनरी ओलोंगा ने सोशल मीडिया पर एक माफी नामा पोस्ट किया है जिसमें कुछ दिन पहले उन्होंने अपने दोस्त और गेंदबाज हीथ स्ट्रीक के निधन की खबर पोस्ट कर दी थी। ओलोंगा की इस पोस्ट के बाद क्रिकेट जगत में खलबली मच गई थी लेकिन कुछ ही घंटों में जब साफ हुआ कि हीथ स्ट्रीक जिंदा हैं तो ओलोंगा ने एक और ट्विट कर इसकी पुष्टि कर दी थी।

आखिरकार ओलोंगा ने उस घटनाक्रम का जिक्र किया है जिसमें बताया गया है कि उनसे कैसे यह बड़ी गलती हो गई। बहरहाल, ओलोंगा ने अपने फेसबुक पोस्ट में लिखा- मैं इस बारे में ज्यादा विस्तार से नहीं बताऊंगा कि गलत संचार कैसे हुआ, लेकिन निश्चिंत रहिए, बाकी लोगों की तरह मैंने यह कहानी सबसे पहले फेसबुक पर ही सुनी थी। मैंने इस खबर की पुष्टि के लिए हीथ और नादिन को संदेश किया था। लेकिन देर रात होने के कारण उनकी ओर से प्रतिक्रिया आने में थोड़ा समय लग गया। इस बीच मैंने उनके कुछ करीबी क्रिकेट सहयोगियों को संदेश भेजा जो स्ट्रीक के परिवार को अच्छी तरह से जानते थे। उन्होंने पुष्टि की कि यह सच है। खबर कंफर्म करने के लिए मैंने स्पष्ट प्रश्न पूछे लेकिन वह बिल्कुल आश्वस्त थे। मेरे दिमाग में स्ट्रीक से पिछली मुलाकात दौरान कही गई बातें घूमने लगीं। मैं वास्तव में अंदर से तबाह हो गया था। मुझे विश्वास हो गया था कि वह चला गया था। ओलोंगा ने आगे लिखा कि उन्हें बाद में स्ट्रीक से एक संदेश मिला, जिसमें उनसे निर्णय को उलटने के लिए लिखा था।

ओलोंगा ने लिखा- जाहिर तौर पर मुझे बेहद खेद है। मैंने उनके लिए श्रद्धांजलियां लिखी जोकि तेजी से फैल गई। स्ट्रीक का मैसेज आने के बाद मुझे इसे सुधारना पड़ा। लेकिन जब तक मैंने यह गलती ठीक की कि यह दुर्भाग्य से फैल चुकी थी। मैंने क्लैन्जर के बाद स्ट्रीक्स से बहुत माफ़ी मांगी। मुझे आशा है कि अब आप संदर्भ को समझेंगे और इस दुर्भाग्यपूर्ण मामले में मेरी ओर से आपकी क्षमा की फिर से सराहना करेंगे। मैं इस बात से बहुत दुखी हूं। यह देखकर बेहद खुशी हुई कि हमारे चैंपियन को लोग कितना प्यार करते हैं।

बता दें कि जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान और देश के बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक माने जाने वाले स्ट्रीक ने टेस्ट में 216 विकेट और वनडे में 239 विकेट लिए हैं। जिम्बाब्वे और बांग्लादेश को कोचिंग देने के अलावा, उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और अब बंद हो चुकी गुजरात लायंस के साथ भी कोचिंग की है। वह वर्तमान में कैंसर से जूझ रहे हैं और 2018 में भ्रष्टाचार विरोधी संहिता का उल्लंघन करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा 2021 में उन पर आठ साल का प्रतिबंध लगाया गया था।

चौथे नंबर के लिए परफेक्ट हैं विराट कोहली : एबी डिविलियर्स

नई दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका के महान क्रिकेटर एबी डिविलियर्स का मानना है कि विश्व कप में भारत के लिए चौथे नंबर पर विराट कोहली सर्वश्रेष्ठ विकल्प हैं क्योंकि वह मध्यक्रम में हर भूमिका निभाकर पारी के सूत्रधार बन सकते हैं। युवराज सिंह के क्रिकेट से संन्यास के बाद से भारत को चौथे नंबर के लिए सही विकल्प नहीं मिला है। 2 महीने बाद भारत में वनडे विश्व कप होना है और इस क्रम को लेकर बहस जारी है। डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि हम अभी भी यह बात कर रहे हैं कि भारत के लिये चौथे नंबर पर कौन उतरेगा। मैंने सुना है कि विराट उतर सकता है। मैं भी इसका समर्थक हूं। उन्होंने कहा कि विराट चौथे नंबर के लिए परफेक्ट हैं। वह पारी का सूत्रधार बन सकता है और मध्यक्रम में हर भूमिका निभाने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि हमें पता है कि उसे तीसरे नंबर पर उतरना पसंद है। उसने अपने सारे रन उसी क्रम पर बनाए हैं लेकिन आखिर में अगर टीम आपसे कोई विशेष भूमिका चाहती है तो आपको उसे निभाना होता है।

कोहली ने चौथे नंबर पर भी 39 पारियों में 1767 रन बनाए हैं। वह हालांकि आखिरी बार चौथे नंबर पर जनवरी 2020 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ मुंबई में खेले थे। एशिया कप के लिए लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को भारतीय टीम से बाहर किए जाने से निराश डिविलियर्स ने कहा कि चहल को बाहर किया गया है। चयनकर्ताओं ने संकेत दे दिए हैं कि वे किसे चुनेंगे। मैं इससे निराश हूं। युजी उम्दा गेंदबाज है और टीम में लेग स्पिन का विकल्प होना ही चाहिए।

मेरे सपने पूरे करने के लिए परिवार ने काफी कुर्बानियां दी : कार्ति सेल्वम

बेंगलुरू (एजेंसी)। एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय हॉकी खिलाड़ी कार्ति सेल्वम का मानना है कि वह अपने माता पिता की अपेक्षाओं पर खरे उतर सके हैं जिन्होंने उनके सपने पूरे करने के लिए काफी बलिदान दिए। कार्ति पिछले 13 साल में सीनियर पुरूष हॉकी टीम में चुने जाने वाले तमिलनाडु के पहले खिलाड़ी हैं। उन्होंने पिछले साल जकार्ता में एशिया कप में टीम में पदार्पण किया। इस साल एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में उन्होंने 2 गोल किए और कई गोलों में सूत्रधार की भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि मुझे मलेशिया के खिलाफ टूर्नामेंट में अपना पहला गोल हमेशा याद रहेगा। वह पहला गोल था जो मैंने अपने परिवार के सामने किया। वे पहली बार मुझे मैदान पर खेलते देख रहे थे।

उन्होंने कहा कि गोल करने के बाद मैंने अपने माता-पिता की ओर देखा जिनकी मुस्कुराहट मेरे लिए सब कुछ थी। उस समय मुझे लगा कि इतने साल की मेरी मेहनत, मेरे परिवार के बलिदान सब सफल हो गए। हमने जितनी आर्थिक परेशानियां सही, सब पीछे छूट गई। कार्ति ने 2016 में चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में स्कूल की ओर से पहली बार खेला था।

उन्होंने कहा कि जब यह घोषणा हुई कि एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी मेरे घरेलू मैदान पर होगी तो मेरी खुशी का ठिकाना नहीं था। जहां से शुरूआत की थी, उस स्टेडियम पर खेलने की कल्पना से ही मेरी रातों की नींदें उड़ गई। अब उनकी नजरें भारतीय सीनियर टीम में जगह पक्की करने पर है। उन्होंने कहा कि एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत से मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ा।अब मैं और मेहनत करके अपनी उपयोगिता साबित करूंगा।

हैरी ब्रूक के भविष्य पर बोले जोस बटलर- हर कोई विमान पर चढ़ने के लिए तैयार है

लंदन (एजेंसी)। क्रिकेट विश्व कप के लिए इंगलैंड क्रिकेट जो संभावित टीम चुनी है उसमें हैरी ब्रूक का नाम नहीं है। माना जा रहा है कि हैरी ब्रूक की जगह पर संन्यास से वापस आने वाले बेन स्टोक्स को जगह मिली है। इसी बीच इंगलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान जोस बटलर का बयान सामने आया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यॉर्कशायर का यह खिलाड़ी अभी भी उनके रडार पर है। बता दें कि ब्रूक की जगह बेन स्टोक्स को वनडे संन्यास से वापस बुलाया गया है क्योंकि माना जा रहा है कि वह ब्रूक से अच्छे बल्लेबाज हैं।

बहरहाल, इंग्लैंड के पास अपने 15 सदस्यीय टीम को अंतिम रूप देने के लिए 28 सितंबर तक का समय है। ब्रूक ने इस सप्ताह द हंड्रेड में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के लिए 41 गेंदों में शतक जड़कर अपनी क्षमताएं दिखाई थीं। इसी दौरान बटलर का बयान सामने आया कि ब्रूक को पूरी तरह से खारिज नहीं किया गया है। बटलर ने कहा कि क्रिकेट विश्व कप के लिए हर कोई विमान में चढ़ने के लिए तैयार है। लेकिन अभी भी काफी समय है इसलिए हम इंतजार करेंगे और देखेंगे कि क्या होता है।

बटलर बोले- हम सभी जानते हैं कि हैरी एक शानदार खिलाड़ी है और हमने उस रात देखा कि वह क्या कर सकता है, यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है, हम जानते हैं कि वह कितना शानदार खिलाड़ी है। वह इस समय दुर्भाग्यशाली है कि वह उस टीम में नहीं है। बेन स्टोक्स का वापस आना और एक बल्लेबाज के रूप में उपलब्ध होना, गतिशीलता को थोड़ा बदल देता है। बेन एक शानदार खिलाड़ी है जिसका स्वागत किया जा सकता है। यह वास्तव में कठिन चयन है, पिछले कुछ समय से कई खिलाड़ी वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और इस समय हम वहीं हैं।

इंग्लैंड की अस्थाई विश्व कप टीम – जोस बटलर (कप्तान), मोईन अली, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, सैम कुरेन, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मालन, आदिल रशीद, जो रूट, जेसन रॉय, बेन स्टोक्स, रीस टॉपले, डेविड विली, मार्क वुड, क्रिस वोक्स।

नोआह लायल्स में दिखती है उसेन बोल्ट की झलक 200 मीटर रेस में गोल्ड जीतकर रचा इतिहास

डुबुडापेस्ट(एजेंसी)। अमेरिकी नोआह लायल्स ने ने शुक्रवार को 200 मीटर की विश्व चैंपियनशिप में अपना तीसरा लगातार स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने ऐसा करके जमैका के दिग्गज उसेन बोल्ट के बाद इस खेल में सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक के रूप में अपनी जगह बनाई, जिन्होंने 2015 में ऐसा ही किया था। 100 मीटर में अपना पहला विश्व खिताब जीतने के पांच दिन बाद, 26 वर्षीय लायल्स ने कोने से बाहर निकलते ही बिजली से भी तेज रफ्तार पकड़ ली और 19.52 सेकंड में जीत हासिल की, जो उनके विश्व के सर्वश्रेष्ठ समय 19.47 से कुछ ही धीमा रहा। लायल्स ने कहा, दोहरे स्वर्ण पदक जीतना मेरे लक्ष्यों में से एक था। मैं दिखाना चाहता था कि मैं अलग हूं। आज मैंने इसे दिखा दिया। मैं दो बार का चैंपियन हूं।

अमेरिकी टीम के साथी एरियरॉन नाइटन, जो पिछले साल कांस्य पदक जीतने वाले 19 वर्षीय हैं, उन्होंने 19.75 सेकंड में सिल्वर मेडल जीता। नाइटन ने कहा, अगर मैं इसी तरह आगे बढ़ता रहा, तो शायद अगले साल गोल्ड मेरे पास होगा। अगर मैं हर साल इन लोगों के साथ जुड़ सकता हूं, तो यह बहुत प्रेरणा है। इस पदक का रंग कोई मायने नहीं रखता। बोत्सवाना के लेट्साइल टेबोगो, जिनकी 100 मीटर में रजत जीत अफ्रिका के लिए इस इवेंट में पहला पदक था। उन्होंने ने19.81 सेकंड में ब्रॉन्ज मेडल जीता। टेबोगो ने कहा,बुडापेस्ट में मेरा प्रदर्शन मेरे लिए, देश के लिए और महाद्वीप के लिए बहुत मायने रखता है, क्योंकि यह मेरे बारे में नहीं है, यह लोगों के बारे में है।मुझे विश्वास है कि मैं बोत्सवाना के युवाओं के लिए एक रोल मॉडल हूं क्योंकि मेरे देश से बहुत से स्प्रिंटर नहीं हैं।

क्रिकेट वर्ल्ड कप की टिकटों के लिए माथापच्ची, पहले ही दिन 'एप' और वेबसाइट क्रैश

नई दिल्ली (एजेंसी)। क्रिकेट वनडे विश्व कप के लिए टिकटों की बिक्री शुक्रवार को शुरू हुई लेकिन आधिकारिक वेबसाइट 35 से 40 मिनट तक काम नहीं करने के कारण खेल प्रेमियों को टिकट बुक करने में काफी परेशानी झेलनी पड़ी। टिकटों की बिक्री काफी देर से शुरु हुई है और पहले ही दिन बिक्री उन मैचों की थी जिसमें भारत नहीं खेल रहा। हालांकि यह प्रक्रिया स्थानीय समयानुसार रात 8 बजे शुरु हुई और इसके तुरंत बाद प्रशंसकों ने बुकिंग के लिए अनुबंधित एप के क्रैश होने की शिकायत की। यह एप पांच अक्टूबर से शुरु होने वाले विश्व कप के लिए टिकट साझीदार है।

दिल्ली के एक खेल प्रेमी अतिरव कपूर ने शुक्रवार को कहा कि यह वास्तव में निराशाजनक है। टिकटों की बिक्री की घोषणा इतनी देरी से हुई और इसके बाद बुनियादी प्रणाली का ढांचा तैयार नहीं है तो इससे ताकतवर बीसीसीआई और आईसीसी की छवि खराब होती है। दुनिया भर में इस तरह के टूर्नामेंट आयोजित किए जाते हैं जिसके लिए लॉटरी और टिकट पंक्तियां जैसी व्यवस्था बहुत सामान्य है। टिकट बिक्री के आधे घंटे बाद वेबसाइट ने काम करना शुरू कर दिया लेकिन तब तक काफी प्रशंसक संयम खो चुके थे।

बता दें कि आईसीसी ने घोषणा की थी कि वो मैच जिसमें टीम इंडिया नहीं खेलेंगी, के लिए टिकट 25 अगस्त से मिलने शुरू हो जाएंगे। इसके लिए शाम 8 बजे तक का समय निर्धारित किया गया था। ऐसे ही स्थिति 5 सितंबर को भी रहने वाली है जब टीम इंडिया के मैचों के लिए टिकट बिकेंगे। बीसीसीआई ने टीम इंडिया के मैचों के लिए विभिन्न तारीखें घोषित की हैं

मुझे बचपन की याद आ गई-

यूएस मास्टर्स टी10 लीग खेलने पर बोले हरभजन सिंह

लॉडरहिल (एजेंसी)। भारतीय दिग्गज हरभजन सिंह वर्तमान में यूएस मास्टर्स टी10 लीग में मॉरिसविले यूनिटी के लिए खेल रहे हैं, जो सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ ग्राउंड, लॉडरहिल, फ्लोरिडा में आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता से इतर बोलते हुए पूर्व भारतीय खिलाड़ी ने कहा कि यहां अपने पुराने दोस्तों के साथ खेलना अच्छा लग रहा है। इस टी10 प्रतियोगिता ने मेरे लिए बचपन की यादें ताजा कर दी हैं क्योंकि हम सभी पहले छोटे-छोटे मैच खेला करते थे।

700 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय विकेट लेने वाले हरभजन ने आगे कहा कि खेलने से हमें सबसे अधिक संतुष्टि मिलती है, चाहे हम अपने जीवन में कुछ भी करें। हर कोई इसे पसंद कर रहा है। टूर्नामेंट एक शानदार पहल है। अमेरिका एक बड़ा बाजार है। टूर्नामेंट यूएस मास्टर्स टी10 लीग की तरह देश में क्रिकेट के खेल को बढ़ने में मदद मिलेगी। भारत के पूर्व खिलाड़ी ने यह भी कहा कि टी10 प्रारूप में काफी संभावनाएं हैं और यह टूर्नामेंट निश्चित रूप से अमेरिका में नए क्रिकेट प्रशंसकों को आकर्षित करने में मदद करेगा।

हरभजन बोले- टी10 प्रारूप बहुत से लोगों को उत्साहित करेगा और यह किसी के लिए भी उत्तम मनोरंजन है। इस प्रारूप में काफी संभावनाएं हैं और यह आगे बढ़ने वाला है। बता दें कि यूएस मास्टर्स टी10 लीग 18 अगस्त 2023 से 27 अगस्त 2023 तक आयोजित की जा रही है। इसके बाद अबूधाबी टी 10 लीग शुरू हो जाएगी।

हर्मोसो से जबरदस्ती करने वाले अध्यक्ष का इस्तीफे से इंकार, महिला खिलाड़ी बोली- कुछ भी सहमति से नहीं हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी । महिला फुटबॉल विश्व कप की प्राइज सेरेमनी में स्पेन की खिलाड़ी के साथ जबरदस्ती का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है। स्पेन फुटबॉल संघ के अध्यक्ष लुइस रुबियलस ने इस्तीफा देने से इंकार कर दिया है। इस बीच महिला खिलाड़ी जेनिफर हर्मोसो ने कहा है कि कुछ भी उनकी सहमति से नहीं हुआ था। सोशल मीडिया पर महिला खिलाड़ी ने अपना दुख जाहिर किया है। इसके बाद स्पेन फुटबॉल के मुखिया लुइस रुबियलस पर इस्तीफे का दबाव बढ़ गया है।

हर्मोसो ने सोशल मीडिया पर कहा, मैं खुद को असुरक्षित महसूस करती हूं और बिना किसी सहमति के हुए अनुचित कृत्य का शिकार हूं। सीधे शब्दों में कहें तो मेरा सम्मान नहीं किया गया।

क्या है मामला – ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में फीफा स्पेन की टीम ने पहली बार महिला फीफा विश्व कप जीता। इसके बाद सभी खिलाड़ियों को पदक दिए जा रहे थे और जब जेनिफर हार्मोसो अपना पदक लेकर लौट रही थीं, तो रास्ते में खड़े रॉयल स्पैनिश फुटबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष लुइस रुबियलस ने उन्हें जबरन चूम लिया था। इस पर हार्मोसो ने कहा था कि उन्हें यह पसंद नहीं आया था, लेकिन वह क्या कर सकती हैं। इस घटना को एक सप्ताह हो चुके हैं और चौतरफा आलोचना के बावजूद रुबियलस इस्तीफा देने के लिए तैयार नहीं हैं। शुक्रवार को महासंघ की महासभा में बोलते हुए उन्होंने कहा कि वह अंत तक लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि महिला खिलाड़ी के साथ उन्होंने जो भी किया वह उनका आपसी मामला है और नकली नारीवाद के दिखावे में उन्हें आरोपी साबित किया जा रहा है। लगभग 30 मिनट के भाषण में उन्होंने कई बार कहा कि वह इस्तीफा नहीं देंगे। इसका और जमकर विरोध हो रहा है।

अपने बयान में, हर्मोसो ने कहा कि रुबियलस का दावा है कि उनकी सहमति के बाद उन्हें चुमा गया था, जो कि स्पष्ट रूप से गलत है और एक ऐसी संस्कृति का हिस्सा है जिसे उसने खुद बनाया है। उन्होंने यह भी कहा कि रुबिलियस चाह रहे हैं कि वह उनके पक्ष में बयान दें ताकि दबाव कम हो और उनके कृत्य को उचित ठहराया जा सके। हर्मोसो ने स्पेन की 2023 विश्व कप विजेता टीम के साथियों और अन्य पेशेवर महिला फुटबॉल खिलाड़ियों के साथ शुक्रवार को कहा कि वे तब तक देश के लिए दोबारा नहीं खेलेंगी, जब तक रुबियलस को उनके पद से नहीं हटा दिया जाता। खिलाड़ियों की यूनियन साइट पर पोस्ट किए गए एक बयान पर 81 लोगों ने हस्ताक्षर किए और इसे एक्स (पहले ट्विटर) पर साझा किया।बयान में कहा गया है, किसी भी महिला को खुद को उन कुंद छवियों के आधार पर सवालों के जवाब देने की जरूरत नहीं समझनी चाहिए जो पूरी दुनिया ने देखी हैं और निश्चित रूप से, किसी को भी सहमति के बिना व्यवहार में शामिल नहीं होना चाहिए। यह हमें दुख से भर देता है कि एक कृत्य, इतना अस्वीकार्य, स्पेनिश महिला फुटबॉल इतिहास में सबसे बड़ी खेल उपलब्धि को धूमिल करने का प्रबंधन कर रहा है। महिला विश्व कप में पदक समारोह के दौरान जो कुछ भी हुआ, उसके बाद हम यह घोषणा करना चाहते हैं कि जिन खिलाड़ियों ने इस बयान पर हस्ताक्षर किए हैं, वे तब तक राष्ट्रीय टीम के चयन के लिए खुद को आगे नहीं रखेंगे, जब तक वास्तविक नेतृत्व मौजूद रहेगा।

ट्रेन गोलीकांडः कोर्ट ने नहीं दी आरोपी के नार्को टेस्ट की अनुमति, कहा- चुप रहना आरोपी का मौलिक अधिकार

मुंबई एजेंसी। चलती ट्रेन में चार लोगों की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी बर्खास्त आरपीएफ कांस्टेबल चेतन सिंह चौधरी का नार्को परीक्षण कराने की अनुमति देने से मजिस्ट्रेट अदालत ने इन्कार कर दिया। अदालत ने कहा कि चुप रहना आरोपी का मौलिक अधिकार है। अदालत ने यह आदेश 11 अगस्त को जारी किया था। आदेश में कहा गया है कि किसी आरोपी को केवल सुचारु जांच के लिए ऐसे परीक्षणों से गुजरने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है। सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने अदालत से चौधरी की नार्को टेस्ट, ब्रेन मैपिंग और पॉलीग्राफ जांच कराने के लिए बोरीवली मजिस्ट्रेट अदालत से मंजूरी मांगी थी। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में ठाणे जेल में बंद है। अभियोजन पक्ष ने कहा था कि उस पर गंभीर अपराध का आरोप है और जांच पूरी करने के लिए नार्को और अन्य परीक्षण जरूरी हैं। चौधरी के अधिवक्ताओं सुरेंद्र लांडगे, अमित मिश्रा और जयवंत पाटिल ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि नार्को परीक्षण मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है और यदि कोई आरोपी इसे कराने के लिए सहमति नहीं देता है तो इसका परीक्षण नहीं किया जा सकता है। बता दें, महाराष्ट्र के पालघर रेलवे स्टेशन के पास जयपुर-मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस में चौधरी (34) ने 31 जुलाई को अपने वरिष्ठ अधिकारी, आरपीएफ सहायक उप-निरीक्षक टीका राम मीना और तीन यात्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन में गृहमंत्री बोले, समय पर न्याय दिलाना सबसे बड़ी जिम्मेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पुलिस अधिकारियों से आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस नागरिकों को समय पर न्याय प्रदान करें। नागरिकों को समय से न्याय दिलाने और उनके सांविधानिक अधिकार अनिवार्य रूप मुहैया कराना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति पर आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन के समापन सत्र में शाह ने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया। शाह ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा समस्याओं से निपटने में एक क्रांतिकारी रुख अपनाने की जरूरत है। पुलिस व्यवस्था में आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल होना चाहिए। उन्होंने शीर्ष पुलिस नेतृत्व से कांस्टेबल से लेकर उच्च पदों तक प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को कार्यान्वित करने का अनुरोध किया। मानसून सत्र में नए कानून पेश किए जाने का उल्लेख करते हुए शाह ने कहा, सरकार संपूर्ण आपराधिक न्याय व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। देश के सभी पुलिस अधिकारियों से प्रस्तावित नए कानूनों का अध्ययन करना चाहिए। इनके संसद में पास होने के बाद जमीनी स्तर पर उनके अमल के लिए तैयार रहना चाहिए। ऐसा करके हम देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार ला पाएंगे। शाह ने सम्मेलन में शामिल प्रतिभागियों से जांच की पुरानी प्रथाओं को बदलने का अनुरोध करते हुए फोरेंसिक को अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करने के लिए भी कहा। जांच तथा अभियोजन की पूरी प्रक्रिया के डिजिटाइजेशन के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने नवगठित आपराधिक न्याय व्यवस्था की भविष्य की मांग के अनुसार पुलिस व्यवस्था में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल की नई पहलों के बारे में भी बताया। शाह ने कहा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक अवसर के साथ-साथ एक खतरा भी है। पुलिस को इसका लाभ उठाते समय इसके प्रतिकूल प्रभावों से निपटने के लिए भी तैयार रहना चाहिए। शाह ने प्रतिभागियों से अगले 25 वर्षों में कड़ी मेहनत करने के लिए भी कहा ताकि 2047 तक भारत को अग्रणी देश बनाने के प्रधानमंत्री के सपने को साकार किया जा सके। शाह ने कहा, दूसरे देशों से सीख लेने का महत्व समझें और अगले 25 वर्षों में एक उदाहरण पेश करें ताकि दूसरे देश भी हमसे कुछ सीख सकें।

सम्मेलने को लेकर एयरपोर्ट पर की जा रही तैयारियां, 1000 फ्लाइट कैंसिल होने की भी संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी। जी20 शिखर सम्मेलन के आयोजन को लेकर दिल्ली में तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। ट्रैफिक सेवाएं, मेडिकल सुविधाएं आदि को लेकर हर विभाग तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। इस सम्मेलन के दौरान दिल्ली एयरपोर्ट भी काफी अधिक चहल पहल देखेगा। दिल्ली एयरपोर्ट पर कई वीवीआईपी गेस्ट की आवाजाही इस दौरान होगी।

इसे देखते हुए दिल्ली एयरपोर्ट पर एक हजार से अधिक फ्लाइटों को कैंसिल किए जाने की संभावना है। एक रिपोर्ट में ये जानकारी साझा की गई है। रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली एयरपोर्ट पर पार्किंग की व्यवस्था अच्छी रहे इसलिए जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान 1000 फ्लाइटों को कैंसिल किया जा सकता है। जी20 शिखर सम्मेलन के विमानों की पार्किंग में कोई समस्या ना हो इसलिए ये फैसला किया गया है। एयरलाइनों को निर्देश दिया गया है कि पार्किंग में वो कटौती करें।

इस संबंध में एयरलाइंस ने किया है कि वो अपने एयरक्राफ्ट को दिल्ली एयरपोर्ट पर खड़ा करने के बजाय किसी अन्य एयरपोर्ट पर खड़ा कर सकते है। जी20 शिखर सम्मेलन नौ सितंबर को आयोजित होना है। इस सम्मेलन में 30 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इसे लेकर ही एयरलाइंस के पूरे शेड्यूल में भी बदलाव किया जा रहा है। इस सम्मेलन के कारण माना जा रहा है कि देश भ र में भी एयरलाइंस के नेटवर्क पर असर हो सकता है। यहां तक की कुछ फ्लाइट्स को कैंसिल भी किया जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार इस व्यवस्था को बनाए रखने के लिए दिल्ली पुलिस ने रूट भी डायवर्ट किए है। इस दौरान कई सड़कें भी बंद रखी जाएंगी।

दिल्ली एयरपोर्ट पर इस शिखर सम्मेलन से संबंधित 50 से अधिक एयरक्राफ्ट पार्क होंगे। इन विमानों से शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए दुनिया भर से कई वीवीआईपी गेस्ट हिस्सा लेंगे।

231 मेडिकल कॉलेज कागजों पर दे रहे पीजी डॉक्टरों को मेहनताना, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग का पहला सर्वे

नई दिल्ली, एजेंसी। देश के निजी मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों के मेहनताना को लेकर चल रही मनमानी पर राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने हैरानी जताई है। सख्त नियमों के बाद भी अधिकतर निजी कॉलेज छात्रों को वजीफा नहीं दे रहे हैं। कई कॉलेज बैंक खाते में राशि जमा कराते हैं और उसके कुछ दिन बाद जबरन डॉक्टरों से कैश में पूरा वापस ले लेते हैं। आयोग का कहना है कि शिकायत के बाद जब इसकी जांच के लिए छात्रों ने अपनी आपबीती सुनाई तो हैरान कर दिया। एनएमसी उप सचिव औजेंद्र सिंह ने सभी मेडिकल कॉलेजों के लिए चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि महीने भर में डॉक्टरों को वजीफा नहीं दिया तो कॉलेज की मान्यता रद्द कर दी जाएगी। एनएमसी के अनुसार, पीजी छात्रों की शिकायत पर देश के 21 राज्यों के 231 निजी मेडिकल कॉलेजों में सर्वे कराया गया। इस दौरान 10,178 छात्रों से

बातचीत में पता चला कि 7,626 छात्रों के साथ धोखाधड़ी हो रही है। 2,110 छात्रों को वजीफा नहीं दिया जा रहा है। 4,288 छात्रों ने कम वजीफा देने की बात कही तो 1,228 छात्रों ने कहा, वजीफे का भुगतान तो होता है लेकिन कुछ दिन बाद कॉलेज को वापस भी करना पड़ता है। एनएमसी के एक वरिष्ठ सदस्य ने बताया कि स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा विनियमन-2000 के बिंदु 13 के तहत सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेज के पीजी छात्रों को समान वजीफा लेने का अधिकार प्राप्त है। यह हैरानी की बात है कि निजी कॉलेजों की लंबे समय से यह धांधली चल रही है लेकिन अब तक इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। एनएमसी ने सभी मेडिकल कॉलेजों को लेकर भी जांच शुरू कर दी है। इसमें एमबीबीएस और पीजी चिकित्सा छात्रों से कॉलेज के बारे में जानकारी ली जा रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में 358 सरकारी और 296 निजी मेडिकल कॉलेज हैं। इनके अलावा 157 कॉलेज केंद्र की प्रायोजित योजना के तहत स्वीकृत हैं। इन कॉलेजों में एमबीबीएस की एक लाख और पीजी छात्रों की करीब 68 हजार सीटें हैं। मेडिकल कॉलेजों के लिए नियम पूरे देश में एक समान हैं लेकिन चिकित्सा छात्रों का वेतन अलग अलग है। उदाहरण के तौर पर तमिलनाडु में इन छात्रों को 35,000 रुपये प्रति माह से लेकर 102838 रुपये (ईएसआईसी संस्थान) तक मासिक मिलता है। उत्तर प्रदेश में एमडी माइक्रोबायोलॉजी की पढ़ाई करने वाले पीजी छात्र को प्रति माह 15,600- 39100 रुपये से लेकर 109955 रुपये तक मासिक दिए जा रहे हैं। एनएमसी के आंकड़े बताते हैं कि हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड और पंजाब में सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में भुगतान किए जाने वाले वजीफे के बीच सबसे अधिक अंतर है। हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात ही ऐसे राज्य हैं।

नफरत की संबंधी अपराधों को रोकने के लिए सुको सख्त, 2018 के दिशानिर्देश होंगे कठोर

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह भीड़ हिंसा, नफरत फैलाने वाले भाषणों और पीट-पीटकर हत्या (लिचिंग) से निपटने के लिए अपने 2018 के दिशानिर्देशों को और कठोर बनाएगा। शीर्ष अदालत ने कहा इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि कट्टरता फैलाने वाले सार्वजनिक बयानों के दोषियों के साथ समान रूप से निपटा जाए, भले ही वे किसी भी समुदाय के हों। सुप्रीम कोर्ट ने सामाजिक कार्यकर्ता तहसीन पूनावाला की याचिका पर सात जुलाई, 2018 को दिए एक महत्वपूर्ण फैसले में नफरत फैलाने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए कई दिशानिर्देश जारी किए थे और राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को प्रत्येक जिले में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति जैसे निवारक और उपचारात्मक उपाय करने का निर्देश दिया था,जो ऐसी गतिविधियों पर नजर रखे। प्रीम कोर्ट ने अपने 2018 के फैसले के अनुपालन पर राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से तीन सप्ताह के भीतर ब्योरा जुटाने के लिए केंद्र सरकार को शुक्रवार को निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से यह भी कहा कि अगर दिए गए समय तक जानकारी नहीं प्राप्त होती है तो उसे सुनवाई की अगली तारीख को इस बारे में सूचित किया जाए। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने गृह मंत्रालय से 2018 के फैसले के अनुपालन के तहत राज्यों द्वारा नोडल अधिकारियों की नियुक्ति का विवरण देते हुए एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। पीठ ने कहा कि उसने सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी 2018 के दिशानिर्देशों का अध्ययन किया है और उसका मानना है कि कुछ और तत्वों को जोड़े जाने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें विभिन्न राज्यों में नफरत फैलाने वाले भाषणों पर अंकुश लगाने के निर्देश देने की मांग की गई है। इन याचिकाओं में हरियाणा के नूंह और गुरुग्राम में हाल ही में हुई सांप्रदायिक हिंसा के बाद मुसलमानों के सामाजिक और आर्थिक बहिष्कार का आह्वान करने वाले हिंदू संगठनों के खिलाफ कार्रवाई की याचिका भी शामिल है। सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों के अधिकारों से जुड़ी याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब, बचपन बचाओ आंदोलन को लेकर चल रहा मामला शुक्रवार को बचपन बचाओ आंदोलन की याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा। याचिका में यौन उत्पीड़न और दुर्व्यवहार के शिकार बच्चों के मौलिक अधिकारों को लागू करने की मांग की गई है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले को इस प्रकार की शिकायतें उठाने वाली अन्य याचिकाओं के साथ जोड़ा।

ट्रांसजेंडर व्यक्ति ने आरक्षण की मांग को लेकर दायर की याचिका, स्ष्ट ने केंद्र और राज्यों से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी। केरल में एक ट्रांसजेंडर व्यक्ति ने ट्रांसजेंडर लोगों के लिए सार्वजनिक रोजगार और शिक्षा में आरक्षण की मांग करते हुए एक याचिका दायर की।इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सनुवाई की। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से जवाब मांगा है। बता दें कि केरल के एक ट्रांसजेंडर व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ सुनवाई कर रही थी। इस सुनवाई के दौरान जब याचिकाकर्ता के वकील ने पीठ से कहा कि याचिका में सरकारी रोजगार और शिक्षा में ट्रांसजेंडर लोगों के लिए आरक्षण की मांग की गई है, तो पीठ ने शुरू में उनसे कहा कि आप उच्च न्यायालय क्यों नहीं जाते हर कोई (अनुच्छेद) 32 के अंतर्गत क्यों आता है आप उच्च न्यायालय जाएं। इसके बाद वकील ने पीठ से कहा कि उन्होंने शीर्ष अदालत का रुख किया है क्योंकि याचिका में सभी राज्यों को पक्षकार बनाया गया है, जिसके बाद अदालत ने नोटिस जारी किया। संविधान का अनुच्छेद 32 भारतीय नागरिकों को उचित कार्यवाही के माध्यम से अपने मौलिक अधिकारों को लागू करने के लिए सीधे शीर्ष अदालत में जाने का अधिकार देता है।

विपक्षी गठबंधन की बैठक के लिए एमवीए ने बनाईं समीतियां, मीडिया-आवास और परिवहन की सौंपी जिम्मेदारी

मुंबई एजेंसी। विपक्षी गठबंधन इंडिया की तीसरी बैठक मुंबई में आयोजित होगी। इसे लेकर तैयारियां अंतिम दौर में हैं। शिवसेना (यूबीटी), रांकपा और कांग्रेस गठबंधन महाविकास अघाड़ी दल (एमवीए) ने कई समितियों का गठन किया है। बता दें, इंडिया की तीसरी दो दिवसीय बैठक 31 अगस्त से एक सितबंर तक मुंबई में होगी। एमवीएम सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि मीडिया, सोशल मीडिया, आवास और परिवहन सहित तमात चीजों की देखरेख के लिए कई समितियों का गठन किया गया है। कांग्रेस को मीडिया और प्रचार का जिम्मा दिया गया है तो वहीं, राकांपा परिवहन का काम संभालेगी। इसके अलावा, शिवसेना को आवास की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विपक्षी गठबंधन के नेताओं के लिए ग्रैंड हायात होटल में 200 से अधिक कमरे बुक किए हैं। बता दें, हर समिति में दो-दो नेताओं को शामिल किया गया है। सूत्रों के अनुसार, बैठक के प्रबंधन की जिम्मेदारी कांग्रेस नेता मिलिंद देवड़ा, नसीम खान और वर्षा गायकवाड़ को सौंपी गई है। वहीं, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण आयोजन समिति के समग्र प्रभारी होंगे। एमवीए 30 अगस्त को बैठक का विवरण साझा करने के लिए एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित करेगी। बता दें, विपक्षी गठबंधन इंडिया की पहली बैठक पटना में हुई थी और दूसरी बैठक बंगलूरू में आयोजित की गई थी। एक दिन बाद शुक्रवार को वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने नवगठित विपक्षी गुट की आलोचना की। उन्होंने इसे भ्रम और विरोधाभास का जमावड़ा बताया। साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सफलता इस गठबंधन को बुरी तरह परास्त कर देगी। कारगिल में युवाओं के एक समूह के साथ बातचीत के दौरान कहा था कि कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश के बाद अब पार्टी 2024 में भी जीत हासिल करेगी।

मन आहत हुआ हो तो साथी को जरूर बताएं, पनी असहजता शेयर करें, साथ बैठकर विवाद की वजह तलाशें

वॉशिंगटन एजेंसी। रिश्ते इंसान की जिंदगी का अहम हिस्सा होते हैं। इनमें पेचीदगियां भी होती हैं। खासकर जीवन साथी के साथ। एक्सपर्ट कहते हैं- कहासुनी, रूठना-मनाना आम बात है। पर छोटी-छोटी बातों पर या फिजूल मुद्दों पर अक्सर विवाद होने लगे तो इसकी वजह जानना जरूरी है। कपल काउंसलर तलाल अलसलीम कहते हैं कि बच्चों को संभालने और कपड़े धोने जैसी छोटी बातों पर झगड़ा होता है, तो साथी के साथ शांति से बैठें। पता लगाएं कि आखिर कौन सी चीज परेशान कर रही है। इससे समाधान तलाशना आसान होगा। कपल थेरेपिस्ट पेट्रीसिया अल्वारेज कहती है- खुद से पूछें, आपको क्या प्रेरित करता है, किन चीजों से खुशी मिलती है? ये बातें साथी से साझा करें। इससे रिश्ते मजबूत होंगे। और क्या उपाय अपना सकते हैं, जानिए एक्सपर्ट से... जब साथी परेशान हो तो उससे पूछें कि वे किस तरह की मदद चाहते हैं। उनकी बात ध्यान से सुनें, उन्हें गले लगाएं और भावनाएं व्यक्त करने में उनकी मदद करें। आपका यह व्यवहार सहानुभूति दिखाता है। मेंटल हेल्थ काउंसलर जैडा जैक्सन कहती हैं, आपको वास्तव में यह पूछना है कि आप साथी की जरूरतें कैसे पूरी कर सकते हैं। इससे वे बेहतर महसूस करेंगे। एक्सपर्ट जेंसी डन कहती हैं, 'यह तरीका हर रिश्ते में कारगर हो सकता है। जब भी साथी से टकराव बढ़ता है तो हम धारणा बना लेते हैं, और मन में ही थॉट बलून तैयार कर लेते हैं। अपनी सारी कल्पनाएं इसमें भर देते हैं। भले ही इसमें वास्तविकता नाममात्र भी न हो। रिलेशनशिप एक्सपर्ट टेरेंस रियल कहते हैं, 'ऐसा करना तर्क-वितर्क को बढ़ाने के साथ बिगाड़ भी सकता है। रियल लोगों को फीडबैक व्हील थेरेपी इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं। इसमें छोटी-छोटी बातें साझा करने पर जोर रहता है, ताकि संशय दूर हो सके। नेवादा यूनिवर्सिटी में स्कूल ऑफ मेडिसिन की प्रोफेसर कैथरीन हर्टलीन कहती हैं- जैसे ही आप आहत या निराश होने या तिरस्कृत होने की भावना पहचानना शुरू करते हैं तो सजग हो जाएं।

हाईकोर्ट की खराब लिफ्ट में फंसे इमरान के वकील और 17 लोग, कड़ी मशक्कत के बाद निकाले गए

इस्लामाबाद, एजेंसी। इमरान खान और 16 अन्य का प्रतिनिधित्व करने वाले एक वरिष्ठ पाकिस्तानी वकील को शुक्रवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) में एक खराब लिफ्ट में कुछ समय के लिए फंसने के बाद बचाया गया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के वकील लतीफ खोसा आईएचसी के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक के साथ तीखी बहस हुई। इसके कुछ देर बाद वह तीसरी मंजिल पर स्थित लिफ्ट में फंस गए। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री खान की अपील पर सुनवाई सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी क्योंकि प्रतिद्वंद्वी वकील बीमारी के कारण अदालत में पेश नहीं हो सके। हालांकि, एक अज्ञात खराबी के कारण लिफ्ट फंस गई, जिससे इसके अंदर मौजूद सभी 17 लोगों की जान को खतरा पैदा हो गया। एक वीडियो क्लिप में खोसा की सहायक वकील सुजैन जहां को

यह कहते हुए देखा जा सकता है कि 10 मिनट से अधिक समय हो गया है। लिफ्ट खराब हो गई है, और प्रशासन की ओर से कोई नहीं आ रहा है। खोसा साहब और उनके वकील सभी (लिफ्ट) के अंदर हैं, मैंने प्रशासन को दस बार सूचित किया है। यहां हर कोई इस बारे में जानता है लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं कर रहा है, और मेरे बॉस अंदर हैं। उन्होंने कहा, क्या इसका मतलब यह है कि अब आप वकीलों का दम घोंटकर उन्हें भी मार देंगे? आपने पहले ही (इमरान) खान को सलाखों के पीछे डाल दिया है, और अब आप वकीलों को भी मार देंगे? इस्लामाबाद की एक सत्र अदालत ने पांच अगस्त को पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) द्वारा दायर मामले में खान (70 वर्षीय) को दोषी ठहराया था और उन्हें तीन साल कैद की सजा सुनाई थी। फैसले का मतलब था कि उन्हें पांच साल के लिए आम चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। घटना के अन्य वीडियो क्लिप में वकीलों को लिफ्ट का बटन दबाते हुए देखा गया।

नवाज शरीफ की 15 अक्तूबर को लंदन से पाकिस्तान लौटने की संभावना, आम चुनाव में संभालेंगे पार्टी की कमान

इस्लामाबाद, एजेंसी। शहबाज शरीफ का कार्यकाल खत्म होने के बाद पाकिस्तान में इन दिनों कार्यवाहक प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार चल रही है। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में आम चुनावों के मद्देनजर संभावना जताई जा रही है लंदन में इलाज करा रहे नवाज शरीफ 15 अक्टूबर को पाकिस्तान लौट सकते हैं। माना जा रहा है वह चुनावों के दौरान अपनी पार्टी की कमान संभालेंगे। नवाज शरीफ नवंबर 2019 से ब्रिटेन में स्व-निर्वासित निर्वासन में रह रहे हैं। उन्हें 2018 में अल-अजीजिया मिल्स और एवेनफील्ड भ्रष्टाचार मामलों में दोषी ठहराया गया था। वह अल-अजीजिया मिल्स मामले में लाहौर की कोट लखपत जेल में सात साल की कैद की सजा काट रहे थे, इससे पहले कि उन्हें 2019 में चिकित्सा आधार पर लंदन जाने की अनुमति दी गई थी। वह इलाज का बहाना बनाकर विदेश भाग गए थे और तब से वहीं रह रहे हैं। डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, शहबाज ने लंदन में मीडियाकर्मियों को बताया कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सुप्रीमो अक्तूबर में पाकिस्तान लौटेंगे। इस दौरान नवाज भी उनके बगल में मौजूद थे। इससे पहले इस महीने की

शुरुआत में शहबाज ने कहा था कि लंबित मामलों का सामना करने और आम चुनावों में पार्टी के अभियान का नेतृत्व करने के लिए नवाज शरीफ सितंबर में पाकिस्तान लौटेंगे। सूत्रों के मुताबिक, अक्तूबर के मध्य की तारीख नवाज शरीफ, शहबाज शरीफ और लंदन में करीबी परिवार के सदस्यों द्वारा तय की गई है। इस महीने की शुरुआत में, पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज ने कहा था कि उनके भाई नवाज अपने लंबित अदालती मामलों का सामना करने और आम चुनाव के लिए पार्टी के अभियान का नेतृत्व करने के लिए सितंबर में पाकिस्तान लौटेंगे। रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से कहा गया है कि नवाज शरीफ की वापसी की तारीख तय करते समय मौसम की गंभीरता को ध्यान में रखा जा रहा है।

भारतीय मूल के व्यक्ति ने पार्किंग में प्रेमिका को मारी गोली, हत्या के आरोप में गिरफ्तार

वॉशिंगटन एजेंसी। अमेरिका के कैलिफोर्निया में पुलिस ने एक भारतीय मूल के सिख व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि भारतीय मूल के व्यक्ति ने अपनी प्रेमिका की गोली मारकर हत्या की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। खबर के अनुसार, 29 वर्षीय सिमरनजीत सिंह ने कैलिफोर्निया के रोजविले इलाके में स्थित एक मॉल की पार्किंग में 34 वर्षीय प्रेमिका की गोली मारकर हत्या कर दी। रोजविले पुलिस के अनुसार, दोनों शनिवार की सुबह साथ मॉल आए थे। इस दौरान दोनों के बीच झगड़ा हुआ। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने मॉल की तीसरी मंजिल पर स्थित पार्किंग में अपनी प्रेमिका की गोली मारकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। आरोपी ने अपनी बंदूक भी पार्किंग में ही छोड़ दी। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी की तलाश शुरू की गई।

क्लाइमेट चेंज बीमारियां फैला रहा, गर्म हवाओं का सीधा असर हमारी उम्र पर

लंदन, एजेंसी। क्लाइमेट चेंज का असर हमारी उम्र पर भी हो रहा है। एक सदी पहले लोग लंबा जीवन जीते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। अमेरिकी मैगजीन ग्रिस्ट के मुताबिक, रिसर्चर्स का कहना है कि जलवायु परिवर्तन इंसान का जीवन छीन रहा है। इसकी एक वजह जानवर या जीव-जंतु हैं।

ये कोई हैरानी की बात नहीं है। दरअसल, हमने देखा है कि नैचुरल गैस के एमिशन से वातावरण में कार्बन डायऑक्साइड बढ़ रहा है। इससे ग्लोबल टेम्प्रेचर में तेजी से बदलाव आ रहा है। पृथ्वी गर्म होती जा रही है। लेकिन अब जानवरों भी क्लाइमेट चेंज का कारण बनते जा रहे हैं।

इंसानों ने डेवलपमेंट के नाम पर जंगलों को काटकर यहां घर और इंडस्ट्रीज बना लीं। इस कारण हमारा जानवरों, मच्छरों, बैक्टीरिया, फंगस से संपर्क बढ़ गया है। दूसरी तरफ ये सभी जीव-जंतु खुद को बदलती क्लाइमेट कंडिशन्स के अनुकूल बना रहे हैं और हमारे वातावरण में ही रह रहे हैं। इनसे कई बीमारियां फैल रही हैं, जो हमारे जीवन के लिए खतरनाक हैं।

इंसान अपने जीवन के लिए कई जीवों पर निर्भर करते हैं। वो सर्वाइवल के लिए इन्हें खा लेते हैं। इससे होता ये कि इंसान इन जीवों में पनपने वाले बैक्टीरिया या इनसे फैलने वाली बीमारियां के डायरेक्ट कॉन्टैक्ट में आ जाते हैं। इधर, बढ़ते तापमान का दंश झेलने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। हर साल करीब 2 करोड़ लोग जलवायु परिवर्तन के चलते विस्थापित होते हैं। ये सभी फैक्टर्स बीमारियों के फैलने के लिए उपयुक्त परिस्थितियां बना रहे हैं। पहले खत्म हुई और नई बीमारियां दोनों ही बढ़ती जा रही हैं। इससे डेथ रेट बढ़ रहे हैं। ऐसे में रिसर्चर्स इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि क्लाइमेट चेंज हमारी उम्र पर भी असर डाल रहा है।

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के मुताबिक, मौसम में होने बदलावों का असर तेजी से इंसानों के जीवन पर हो रहा है। 2030 से 2050 तक केवल मलेरिया या दूषित पानी से होने वाली बीमारियों से ढाई लाख मौतें हो सकती है। लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन के वैज्ञानिकों ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि दुनिया में गर्मी से होने वाली एक तिहाई मौतों के लिए इंसान जिम्मेदार है। साल 1991 से 2018 के आंकड़े बताते हैं, गर्मी से हुई 37 फीसदी मौतें इंसानों की गतिविधियों के कारण हुई हैं। इंसान के कारण ही धरती का तापमान बढ़ा है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, हवाएं तेज गर्म हो जाती हैं। इसका सीधा असर बुजुर्गों और अस्थमा रोगियों पर पड़ता है। नतीजा, समय से पहले उनकी मौत हो जाती है।एक्सपर्ट कहते हैं, तापमान बढ़ने पर स्वास्थ्य से जुड़ी कई दिक्कतें बढ़ने लगती हैं। जैसे- हृदय रोग और सांस से जुड़ी बीमारियां। कई बार हालत अधिक बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती होने की नौबत आ जाती है। रिसर्च से जुड़े बर्न यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता एना एम के मुताबिक, औसत ग्लोबल टेम्प्रेचर में पहले ही एक डिग्री सेल्सियस का इजाफा हो चुका है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129